वैशाख शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 23 मई 2024
वर्ष 5, अंक 58, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



फिलिस्तीन को दी मान्यता तो बौखलाया इजराइल 14

संजय दत्त ने नहीं छोड़ी वेलकम टू द जंगल 13












एक नजर

### पुस्तकालय को लेकर छात्रों से फीडबैक प्राप्त करें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राजकीय जिला पुस्तकालय (माध्यमिक शिक्षा) का जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा छात्र-छात्राओं से वार्ता की गई और राजकीय पुस्तकालय में विद्यमान सुविधाओं के अलावा अन्य अपेक्षित सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। जिलाधिकारी द्वारा पुस्तकालय में रखी गई पुस्तकों के रखरखाव एवं साफ-सफाई पर संतोष व्यक्त करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि सफल छात्र-छात्राओं से उनका फीडबैक प्राप्त किया जाए। उसके अनुसार अन्य व्यवस्थाएं की जाएं। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में कक्षा 10 एवं कक्षा 12 में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं के संबंध में कारणों की जानकारी प्राप्त की जाए और उनका विश्लेषण करने के उपरांत उनके लिए अध्ययन-अध्यापन की विशेष व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

### आगामी पांच दिनों में मौसम शुष्क रहेगा, चलेगी लू व 45 डिग्री पहुंच सकता है तापमान, बरतें सावधानी

# आसमान से बरस रही आग, महानगर की सड़कों पर पसरा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जनपद में हीट वेव का सितम जारी है। दिन में आसमान से आग बरस रही है। तेज धूप की वजह से दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। बुधवार को मुरादाबाद में दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

मौसम विभाग ने जनपद समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अगले पांच दिनों के लिए एक बार फिर हीट वेव और वार्म नाइट यानि रातें काफी गर्म बने रहने का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने तीन दिन पहले इस आशय का रेड अलर्ट जारी किया था। हालांकि रात के न्यूनतम तापमान में थोड़ी कमी आई थी। रेड अलर्ट जारी होने के बाद जनपद और आसपास के क्षेत्रों में काफी तेज रफ्तार से पुरवा यानि पूर्व दिशा की हवा चली थी। जिसके चलते रात का न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस कम होकर 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि अब पिछले 24 घंटों में रात का न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। बुधवार को भी पुरवा हवा चली। जिसके चलते लोगों को झुलसा देने वाली पछुआ हवा यानि लू के झोंकों से राहत रही। तीन दिन पहले तक पश्चिम दिशा से झुलसाती हुई हवा चलने के चलते जनपद में दिन का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ के प्रो. यूपी शाही ने बताया कि अगले पांच दिनों में पच्छिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहने, लू चलने व दिन का तापमान 43 से 45 व रात्रि का तापमान 30 डिग्री रहने की संभावना है।


धूप से बचने के लिए कुछ इस तरह जाती स्कूटी सवार।


पिछले कुछ दिनों से तापमान लगातार बढ़ रहा है। साथ ही गर्म हवा भी चल रही है। रविवार की दोपहर 12 :39 बजे पीली कोठी पर कुछ ऐसा नजारा दिखा। ● अमृत विचार

### चिकित्सक दे रहे तेज धूप से बचने की सलाह

**मुरादबाद, अमृत विचार :** बढ़ती गर्मी में डायरिया के मरीज बढ़ रहे हैं। ऐसे में चिकित्सक भी लोगों से गर्मी से बचने की सलाह दे रहे हैं। महानगर के फिजिशियन डॉ. सीपी ने बताया कि भीषण गर्मी के बीच लोग बाहर का खाना खाने और पानी की मात्रा कम होने से डायरिया के शिकार हो रहे हैं। उनका कहना है कि गर्मी में सावधानी बरतने की जरूरत है। वहीं जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में दोपहर में तेज धूप में घर से बाहर बहुत जरूरी होने पर ही निकलें। बिना वजह धूप में न निकले। पूरा दिन छह से सात लीटर पानी पिएं। जरूरी होने पर घर से निकले तो खुद को ढक कर ही निकलें।


# दिनभर की बिजली कटौती ने रुलाया

## नवीन नगर, अंवतिका कालोनी व नया गांव में सुबह 7 बजे से जारी रही ट्रिपिंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बिजली कटौती ने बुधवार की सुबह से आधे शहर की दुश्वारियां बढ़ा दी। नवीन नगर, अवंतिका कॉलोनी रामगंगा विहार, आशियाना कॉलोनी व नया गांव में सुबह 7 बजे से बिजली हर आधे घंटे बाद आती जाती रही। लोगों के बिजली कर्मचारियों पर दोपहर बाद फोन घनघनाने लगे। सुबह से शाम तक बिजली कर्मचारी हीट होते ट्रांसफार्मर से लाइन को ट्रांसफर करने में लगे रहे। लोगों को बिजली कटौती के साथ पानी की किल्लत भी झेलनी पड़ी। तो वहीं मुगलपुरा जामा मस्जिद और कटघर में कहीं ट्रांसफार्मर में फाल्ट हुए तो कहीं तारों में आग लगने से दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति गुल रही। जिससे 10 हजार से अधिक उपभोक्ताओं बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ी।

बुधवार की सुबह से ही महानगर में होने वाली ओवरलोडिंग से बिजली कर्मचारियों के साथ नगर के 10 हजार उपभोक्ताओं के लिए आफत बनी रही। विवेकानंद 133 केवी विद्युत केंद्र से पीबीआर, रामगंगा विहार पीटीसी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े ट्रांसफार्मर सुबह 7 बजे से ओवरलोडिंग के कारण हीट होने लगे। सुबह से बढ़ी गर्मी में एक साथ सभी ट्रांसफार्मर जवाब दे गए। पीटीसी उपकेंद्र एसडीओ श्रीकांत वर्मा ने बताया कि सुबह हीट हो रहे ट्रांसफार्मरों को बीच-बीच में ठंडा करने के सप्लाई बंद करनी पड़ी। कुछ ट्रांसफार्मरों से लोड हटाकर दूसरे ट्रांसफार्मरों पर डाला गया। जिसमें 12 बजे से शाम चार बजे तक लगातार बिजली आपूर्ति बंद रही। जिससे नया गांव से लेकर आशियाना तक 5 हजार से अधिक उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति 4 घंटे तक ठप रही। इसके बाद भी बिजली आपूर्ति बीच-बीच में आधे से एक घंटे के लिए बंद करनी पड़ी। वहीं मुगलपुरा में सुबह आठ बजे जामा मस्जिद फीडर के तारों में आग लग गई। जिसके बाद दोपहर दो बजे तक 6 घंटे 450 उपभोक्ताओं की बिजली बाधित रही। कटघर देरी घाट मोहल्ले के लिए लगे 450 केवी के ट्रांसफार्मर की ओवर लोडिंग से सुबह दस बजे लीडो में आग लगने से बिजली सप्लाई बंद करनी पड़ी। जिसको शाम चार बजे सही कर आपूर्ति सुचारू की गई। एसडीओ यशपाल ने बताया कि कटघर में मुगलपुरा विद्युत उपकेंद्र के तीन फीडर हैं। तीन पर क्षमता से अधिक बिजली आपूर्ति की खपत है। जिसके कारण आए दिन बिजली कटौती की समस्या बनी हुई है।


नवीन नगर में ओवरलोडिंग के चलते बांके बिहारी मंदिर के पास रखे ट्रांसफार्मर से लाइन ट्रांसफर करता बिजलीकर्मी। ● अमृत विचार

> बिजली की अधिक खपत गर्मी में दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। जिससे उपकरणों में फाल्ट रूक नहीं रहे हैं। ओवरलोडिंग को लेकर बुधवार को कई मोहल्लों में सुबह से बिजली कटौती की समस्या बनी रही।
> **-शैलेंद्र सिंह,** अधिशासी अभियंता वितरण खंड द्वितीय

# मारपीट कर महिला को घर से निकाला, दर-दर भटक रही

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **ठाकुरद्वारा थाने में नहीं हुई सुनवाई, न्याय की आस में एसएसपी से लगाई गुहार**

**अमृत विचार :** ससुराल की प्रताड़ना से विवाहिता दो बच्चों के साथ न्याय पाने को अधिकारियों की चौखट पर भटक रही है। वह बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची थी। एसएसपी से मिलकर उसने आपबीती सुनाई।

पीड़िता रोशन जहां ने एसएसपी को बताया कि उसका निकाह 17 साल पहले अब्दुल रहमान के साथ हुआ था। उसकी ससुराल ठाकुरद्वारा में मीना बाजार मुहल्ले में है। उसके पति की पहली पत्नी का निधन हो गया था, उससे एक पुत्री लायबा (18) है। पीड़िता ने बताया कि उसके भी एक बेटा और बेटी है। बेटा अब्दुल कादिर उर्फ अरमान 15 वर्ष का हो गया है और बेटी 8 साल की है। उसके पति तल्ला खोल्टा माल रोड अल्मोड़ा में बिजली उपकरण की दुकान करते हैं, जहां पर उनका संबंध किसी अन्य महिला से है। पीड़िता का कहना है कि इसी के चलते उसके पति ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया है। ससुराल के अन्य लोग भी उसे अपमानित करते हैं, मारते-पीटते हैं। महिला ने बताया कि 13 अप्रैल को उसकी ससुराल के लोगों ने उसे और उसके बच्चों को बहुत मारा। बच्चों के साथ घर से निकाल दिया तो वह काशीपुर में अपनी बहन के पास गई थी। फिर 18 मई को उसके ननदोई ने ससुराल से सुलह-समझौता कराने के लिए बुलाया था। विवाहिता का कहना है कि जब वह अपनी ससुराल पहुंची तो ससुराल वालों ने उसे पहले गंदी-गंदी गालियां दीं। शाम 5 बजे के दौरान उसे बेल्टों और पाइप से बहुत मारा। गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। शोर शराबा होने पर मुहल्ले के लोग आ गए थे। फिर भी ससुराल वाले नहीं माने और पीड़िता और उसके बच्चों के धक्के मार कर घर से निकाल दिया। धमकाया भी कि अगर यहां कोई आया या कोई कार्रवाई हुई तो वह लोग पीड़िता और उसके बच्चों को जिंदा नहीं छोड़ेंगे। घटना की जानकारी देने के लिए वह ठाकुरद्वारा कोतवाली गई थी। लेकिन, पुलिस कर्मियों ने न उसका मेडिकल परीक्षण कराया और न ही कोई कार्रवाई की। महिला ने एसएसपी को अपने शरीर पर चोटों के निशान के फोटोग्राफ्स भी दिए हैं।

### बजरंग दल का शिविर दो जून से शामली में

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** राष्ट्रीय बजरंग दल का प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग (शिविर) शामली में 2 से 7 जून तक आयोजित किया जाएगा। इसमें अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।

प्रशिक्षण वर्ग में पश्चिम उत्तर प्रदेश के 19 जिलों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। बुधवार को राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने बताया कि मुरादाबाद नगर व देहात क्षेत्र से इस वर्ग में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस वर्ग के माध्यम से कार्यकर्ताओं का मानसिक और बौद्धिक विकास किया जाएगा। इसमें तलवार चलाना, लक्ष्य भेदना, दंड, युद्ध खड़क बाधा, शारीरिक योग आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यकर्ताओं में देशभक्ति व राष्ट्र भक्ति व धर्म और भक्ति की भावना का उदय किया जाता है।

# भीषण गर्मी में स्टेशन पर गुजर रहा यात्रियों का अधिकांश समय

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **किसान आंदोलन समाप्त होने के बाद भी एक से 20 घंटे तक की देरी से पहुंच रहीं ट्रेनें**

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में यात्रियों को ट्रेनों में दुश्वारियों भरा सफर करना पड़ रहा है। किसान आंदोलन खत्म होने के बाद भी ट्रेनों के संचालन में सुधार नहीं आया है। ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों की मुसीबतें गर्मी के बीच बढ़ती जा रही हैं। मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली ज्यादातर ट्रेनें एक से 20 घंटे लेट होकर चल रही हैं। जिसकी वजह से यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर समय काटना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी लंबी दूरी की ट्रेनों में आ रही है। बुधवार को भी मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली 10 से ज्यादा ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच सकी।

किसान आंदोलन खत्म होने के बाद भी ट्रेनों का संचालन नहीं सुधर रहा है। जिसके कारण भीषण गर्मी में ट्रेन में सफर करने वाले यात्री दुश्वारियां झेल रहे है। रेलवे प्रशासन द्वारा गर्मी में चलाई गई समर स्पेशल व दैनिक ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री काफी परेशान हैं। पिछले एक महीने की बात करते तो समर स्पेशल व एक्सप्रेस ट्रेनों से बुरा हाल है। मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली ट्रेनें एक से 20 घंटे की देरी से पहुंची रही हैं। यात्रियों का कहना है कि सफर से ज्यादा ट्रेनों के इंतजार में समय स्टेशन पर ही गुजारना पड़ रहा है। मुरादाबाद से होकर जाने वाली हावड़ा-अमृतसर मेल 20 घंटे की देरी से पहुंची। जबकि हिमगिरी एक्सप्रेस ट्रेन अपने निर्धारित समय से 15 घंटे की देरी से पहुंची। जिसके चलते पूरा दिन यात्री गर्मी के बीच स्टेशन पर परेशान रहे।


रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्री। ● अमृत विचार

| ट्रेन संख्या | नाम | कितनी देरी से पहुंची |
|---|---|---|
| 13005 | हावड़ा-अमृतसर मेल | 20 घंटे एक मिनट |
| 12331 | हिमगिरी एक्सप्रेस | 15 घंटे 44 मिनट |
| 04003 | न्यू दिल्ली समर स्पेशल | चार घंटे 24 मिनट |
| 04651 | अमृतसर क्लोन स्पेशल | 22 घंटे छह मिनट |
| 12469 | जम्मूतवी सुपरफास्ट | तीन घंटे 55 मिनट |
| 15656 | कामाख्या साप्ताहिक | छह घंटे 19 मिनट |
| 14604 | सहरसा जनसाधारण | दो घंटे 49 मिनट |
| 04057 | आनंद विहार टर्मिनल | दो घंटे 53 मिनट |
| 12204 | सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस | आठ घंटे 20 मिनट |
| 05656 | जम्मूतवी समर स्पेशल | 15 घंटे 32 मिनट |
| 15098 | बेगमपुरा अमरनाथ एक्सप्रेस | नौ घंटे 20 मिनट |
| 15015 | लालकुआं साप्ताहिक ट्रेन | तीन घंटे 58 मिनट |


पीताम्बरा मां बगलामुखी के जन्मोत्सव पर आहुति देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# मां बगलामुखी के जन्मोत्सव पर हुआ हवन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** आदि भवानी पीताम्बरा मां बगलामुखी देवी श्री परिवार महायज्ञ समिति ने बुधवार को तीसरे दिन मां बगलामुखी देवी का जन्मोत्सव भक्तिमय रूप से मनाया गया। मां के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महायज्ञ किया गया। जिसमें हजारों भक्तों ने भाग लिया। महायज्ञ के बाद भंडारे में भी भारी भीड़ ने मां का प्रसाद ग्रहण किया। शाम को भजन संध्या में भजन गायब देवा मुरादाबादी ने भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में केके मिश्रा, डॉ. विशेष गुप्ता, आकाश पाल, गुरु अरविंद चौधरी, अध्यक्ष राजेंद्र पाल गुप्ता, सह संयोजक प्रशांत रस्तोगी, अमित सरीन, पुष्पेंद्र अग्रवाल, मुनेंद्र शर्मा, हिमांशु रस्तोगी आदि शामिल रहे।

### डीएम ने किया कान्हा गोशाला का निरीक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने कान्हा गोशाला मैनाठेर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुपरवाइजर द्वारा बताया गया कि गोशाला में 450 गोवंश संरक्षित हैं। जिनकी देख रेख को 33 गोपालक नियुक्त हैं। निरीक्षण में पाया कि कान्हा गोशाला में गोवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा, दाना, हरा चारा, मिनरल, चूना, नमक आदि उपलब्ध होने के बाद भी उचित मात्रा में दाना और हरा चारा नहीं दिया जा रहा है। गोशाला में अनियमितता देख जिलाधिकारी ने सुपरवाइजर को फटकार लगाते हुए निर्धारित मात्रा में गोवंश को हरा चारा एवं दाना देने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने 15 दिन के अन्दर गोशाला के समीप गोवंश शेड का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर गोवंश शिफ्ट कराने के भी निर्देश दिए।

# टीकाकरण में मुरादाबाद को 8वां व रामपुर को 5वां स्थान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **बच्चों व गर्भवती महिलाओं को टीके लगाने में चमके मंडल के तीन जिले**


**अमृत विचार:** सरकारी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीका लगाने के बाद तत्काल ऑनलाइन रिपोर्टिंग की व्यवस्था की प्रदेश स्तर पर रिपोर्ट जारी की गई है। जिसमें मुरादाबाद, बिजनौर और रामपुर अच्छी उपलब्धि के साथ चमके हैं।

बच्चों व गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण में रामपुर, बिजनौर और मुरादाबाद का नाम उत्तर प्रदेश के टॉप टेन जिलों में दर्ज किया गया हैं। नियमित टीकाकरण में रामपुर जिला यूपी में 5वीं, बिजनौर 7वीं और मुरादाबाद 8वीं रैंक पर चमका है, जबकि अमरोहा की 26वीं और संभल की 33वीं रैंक दर्ज की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक संभल को छोड़कर मंडल के अन्य सभी जिलों में नियोजित सत्रों के सापेक्ष शत-प्रतिशत टीकाकरण सत्र आयोजित हुए। संभल में 99.2 फीसदी टीकाकरण सत्र आयोजित हुए। टीकाकरण की उपलब्धि में मुरादाबाद मंडल के चार जिलों का औसत स्कोर यूपी के औसत स्कोर से अधिक दर्ज किया गया। रामपुर का औसत स्कोर 97.7, बिजनौर का 95.9, मुरादाबाद का 95.5, अमरोहा का 91.2 फीसदी, जबकि संभल का 90.7 फीसदी रहा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. कुमेश वार्ष्णेय ने बताया कि टीकाकरण के मामले में मुरादाबाद मंडल के तीन जिलों का सेशन आउटपुट स्कोर अनुमानित के सापेक्ष उत्तर प्रदेश के औसत स्कोर से काफी बेहतर रहा है।

BHARAT MAXILLO FACIAL SURGERY & DENTAL IMPLANT CENTRE



Dr. Amit Yadav
BDS, MDS
(Oral & Mxillo Facial Surgeon)







- दाँतों की समस्त बीमारियों का इलाज।
- बाहर निकलें दातों को तार बांधकर व्यवस्थित करना।
- मसूड़ों की हड्डी में स्थाई दाँत लगाना।
- जबड़े की रसौली का इलाज।
- जबड़ें व चेहरे की हड्डियों के फ्रेक्चर का अत्याधुनिक तकनीक (मिनी प्लेटिंग) द्वारा इलाज।

Shahpur Tigri Road, Near Khushalpur Police Chowki, Moradabad., Mob- 9639941041

वैशाख शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 23 मई 2024
वर्ष 5, अंक 58, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





पीबीएच से खुलेगा अदृश्य डार्क मैटर का रहस्य 14

क्रिकेटर बनने के लिए जाह्नवी ने की कड़ी मेहनत 13







## एक नजर

### छठे चरण के लिए आज शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार

**लखनऊ।** प्रदेश में छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों व बलरामपुर की गैंसड़ी विधानसभा सीट के लिए 23 मई की शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। यहां 25 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में लोकसभा की 14 सीटों पर कुल 162 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 146 पुरुष व 16 महिलाहैं। बलरामपुर की गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज (अजा), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (अजा) व भदोही सीटें शामिल हैं।

### सोरेन को नहीं मिली प्रचार के लिए जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने धन शोधन के एक मामले में निचली अदालत में नियमित जमानत याचिका दायर करने के संबंध में तथ्यों को छिपाने के लिए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को नाखुशी जताई जिसके बाद सोरेन ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली अपनी याचिका वापस ले ली। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने सोरेन के वकील कपिल सिब्बल को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। इससे पहले पीठ ने चेतावनी दी कि अगर अदालत मामले के विवरण पर गौर करती है तो यह पूर्व मुख्यमंत्री के लिए नुकसानदेह होगा।

### रमेश बाबू सीईआरसी सदस्य नियुक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने रमेश बाबू वी को केंद्रीय बिजली नियामक आयोग (सीईआरसी) का सदस्य नियुक्त किया है। बुधवार को बिजली मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मंगलवार को केंद्रीय बिजली तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बाबू वी के पास थर्मल इंजीनियरिंग में एमटेक और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री है। उन्होंने मई, 2020 से अपनी सेवानिवृत्ति तक एनटीपीसी में निदेशक (परिचालन) का पद संभाला।

# प. बंगाल में 2010 के बाद जारी ओबीसी प्रमाणपत्र रद

## आरक्षण अवैध, हाईकोर्ट के फैसले से लाखों लोग होंगे प्रभावित

कोलकाता, एजेंसी



- कोर्ट के इस फैसले से अब तक के लाभार्थियों पर नहीं पड़ेगा असर
- पिछड़ा वर्ग आयोग की राय राज्य विधानमंडल के लिए बाध्यकारी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में कई वर्गों का ओबीसी (अन्य पिछड़े वर्ग) दर्जा रद कर दिया और राज्य की नौकरियों में रिक्तियों के लिए 2012 के एक अधिनियम के तहत इस तरह के आरक्षण को अवैध पाया। अधिनियम के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आदेश पारित करते हुए उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जिन वर्गों का ओबीसी दर्जा हटाया गया है, उसके सदस्य यदि पहले से ही सेवा में हैं या आरक्षण का लाभ ले चुके हैं या राज्य की किसी चयन प्रक्रिया में सफल हो चुके हैं, तो उनकी सेवाएं इस फैसले से प्रभावित नहीं होंगी। इस फैसले से राज्य में लाखों लोग प्रभावित होंगे।

अदालत ने पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आरक्षण कानून, 2012 के तहत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने वाले कई वर्गों को संबंधित सूची से हटा दिया। न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि 2010 से पहले ओबीसी के 66 वर्गों को वर्गीकृत करने वाले राज्य सरकार के कार्यकारी आदेशों में हस्तक्षेप नहीं किया गया। पीठ ने निर्देश दिया कि पांच मार्च, 2010 से 11 मई, 2012 तक 42 वर्गों को ओबीसी के रूप में वर्गीकृत करने वाले राज्य के कार्यकारी आदेशों को भी रद कर दिया गया।

पीठ ने कहा कि पिछड़ा वर्ग आयोग की राय और सलाह आमतौर पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम, 1993 के तहत राज्य विधानमंडल के लिए बाध्यकारी है।

### अदालत का आदेश स्वीकार्य नहीं : ममता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि वह राज्य में कई वर्गों के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के दर्जे को रद करने वाले कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले को स्वीकार नहीं करेंगी। दमदम लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले खड़दह में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि राज्य में ओबीसी आरक्षण जारी रहेगा क्योंकि इससे संबंधित विधेयक संविधान की रूपरेखा के भीतर पारित किया गया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा लाया गया ओबीसी आरक्षण जारी रहेगा। हमने घर-घर सर्वेक्षण करने के बाद विधेयक बनाया था।

## पीएफआई के आठ सदस्यों की जमानत रद

- सुप्रीम कोर्ट ने पलटा मद्रास हाईकोर्ट का फैसला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश को रद कर दिया, जिसमें गैर-कानूनी गतिविधि (निरोधक) अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के आठ कथित सदस्यों को जमानत दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने हाईकोर्ट से पिछले साल 19 अक्टूबर को जमानत पाए आरोपियों को तत्काल आत्मसमर्पण करने और जेल जाने का निर्देश दिया।

पीठ ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश को रद किया जाता है। शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की कि इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है और आतंकवाद से जुड़ा कोई भी कृत्य निषिद्ध किए जाने योग्य है। पीठ ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा दाखिल याचिका पर यह फैसला सुनाया। एनआईए ने मद्रास हाईकोर्ट द्वारा आरोपियों को दी गई जमानत को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी।

## डुमरियागंज, संत कबीर नगर, बस्ती और श्रावस्ती में मोदी ने की जनसभा

# पाकिस्तान के हमदर्द डराते हैं, इन्हें पता नहीं 56 इंच सीना क्या होता है

संवाददाता, संत कबीर नगर/ डुमरियागंज

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज भारत वैश्विक मंच पर जब बोलता है तो पूरी दुनिया बड़े ध्यान से सुनती है। भारत फैसले लेता है तो दुनिया उसके साथ अपने कदम मिलाने की कोशिश करती है।

आतंक का सरपरस्त देश जो कभी हमें आखें दिखाता था, धमकियां देता था आज वह न घर का है न घाट का। उसे अनाज भी नसीब नहीं हो रहा है। मगर, उसके हमदर्द सपा-कांग्रेस वाले अब भारत को डराने में जुटे हैं। इन्हें मालूम नहीं कि 56 इंच का सीना क्या होता है। प्रधानमंत्री ने कहा, इनका कहना है पाकिस्तान से डरो, क्योंकि उसके पास एटम बम है। आज भारत में कांग्रेस की कमजोर सरकार नहीं, मोदी की मजबूत सरकार है। अगर डरना है तो वो लोग डरें जो मानवता में विश्वास नहीं करते, आए दिन खून की नदियां बहाते हैं। भारत किसी को डराना नहीं चाहता, मगर डराने वालों को बख्शेगा भी नहीं, अब हम घर में घुसकर मारते हैं।

मोदी बुधवार को बस्ती के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्राउंड में बस्ती, डुमरियागंज और संत कबीर नगर लोकसभा सीटों के लिए आयोजित संयुक्त जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।



बस्ती की जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट की गई राधा-कृष्ण की प्रतिमा।

### फिर ये ठीकरा ईवीएम पर फोड़ेंगे

प्रधानमंत्री ने कहा कि सपा-कांग्रेस के दोनों शहजादों की फ्लॉप फिल्म की बार-बार रिलीज से वह हैरान हैं। ये लोग उप्र. की 79 सीट पर जीत का दावा कर दिन में सपने देख रहे हैं और 4 जून को उप्र. की जनता इनको नींद से जगाने वाली है। तब ये ठीकरा ईवीएम पर फोड़ेंगे।

## कोलकाता में बंग्लादेश के सांसद अनवारुल की हत्या

कोलकाता, एजेंसी

- अपार्टमेंट में मिले रक्त के धब्बे नहीं मिला शव
- मामले में 3 संदिग्धों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बंग्लादेश के सांसद मोहम्मद अनवारुल अजीम की शहर के न्यू टाउन स्थित एक आवासीय परिसर में हत्या कर दी गई है, लेकिन उनका शव अब तक बरामद नहीं किया जा सका है। पश्चिम बंगाल सीआईडी के आईजी अखिलेश चतुर्वेदी ने हत्या की पुष्टि की है। मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि आवामी लीग के सांसद अनवारुल इलाज के सिलसिले में 12 मई को कोलकाता आए थे। यहां पहुंचने के बाद 14 मई से लापता थे।

सूत्रों ने बताया कि पुलिस को अपार्टमेंट में खून के धब्बे मिले हैं, जहां के सीसीटीवी कैमरों में सांसद को तीन या चार अन्य लोगों के साथ प्रवेश करते देखा गया था, लेकिन वीडियो फुटेज में सांसद को बाहर निकलते नहीं देखा गया। बंग्लादेश की पुलिस ने सांसद के लापता होने के मामले में तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है। उन सभी को बंगलादेशी नागरिक माना जा रहा है।

## शराब पीता था पति... चारपाई से बांधकर पत्नी ने डंडों से पीटा, मौत

संवाददाता, बिलारी(मुरादाबाद)



- पूछताछ में छोटे बेटे ने खोला पिता की हत्या का राज पत्नी गिरफ्तार

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के निकटवर्ती गांव कनोबी में शराब पीकर लौटे पति पर पत्नी इतनी क्रोधित हो गई कि पति नेपाल सिंह को चारपाई से बांध कर उसके मुंह में कपड़ा ठूंसा और डंडे से पिटाई की। रात भर पति चारपाई से बंधा रहा। सुबह उसकी मौत हो गई।

सुबह आसपास के लोग नेपाल के घर पहुंचे तो उसके शरीर में कोई हरकत नहीं होते देख डॉक्टर के पास ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी विनीता को गिरफ्तार कर लिया। कनोबी गांव निवासी भीकम सिंह के दो बेटे नेपाल सिंह उर्फ भोला व धर्मेंद्र हैं। नेपाल सिंह (35) शराब पीने का आदी था। जिसके कारण घर में पत्नी विनीता से रोजाना कहासुनी होती थी। नेपाल के दो बच्चे आशीष (10) व सचिन (5) है। विनीता अक्सर नेपाल के शराब पीने से परेशान होकर उसे डंडे से पीटती थी। 21 मई की रात को भी नेपाल शराब पीकर घर लौटा तो पत्नी से झगड़ा हो गया। विनीता को इतना गुस्सा आया कि उसने नेपाल को चारपाई से बांधकर उसके मुंह में कपड़ा ठूंसा और डंडे से खूब पीटा। बाद में दूसरे कमरे में सो गई। नेपाल चारपाई से ही बंधा रहा। सवेरे 4 बजे विनीता उठी तो पति को खामोश देखकर उसे हिलाया। हरकत न होने पर चिल्लाई तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। मृतक के भाई धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घर में मौजूद नेपाल के 5 साल के बेटे सचिन से पूछताछ की तो उसने सारा राज खोल दिया।

## ईमेल से नार्थ ब्लॉक को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

- इसी ब्लॉक में स्थित है गृह मंत्रालय तलाशी में कुछ संदिग्ध नहीं मिला



राजधानी दिल्ली के स्कूलों और अस्पतालों के बाद अब दिल्ली में सत्ता तथा सुरक्षा के महत्वपूर्ण स्तंभ माने जाने वाले नार्थ ब्लॉक को बम से उड़ाने की बुधवार को धमकी दी गई हालांकि भवन की जांच के बाद पुलिस ने इस ई-मेल को फर्जी करार दिया।

सूत्रों ने बताया कि केन्द्रीय गृह तथा वित्त मंत्रालय के कार्यालय वाले भवन नार्थ ब्लॉक को बम से उड़ाने से संबंधित एक ई-मेल बुधवार को एक अधिकारी को भेजा गया था। अधिकारी ने जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद समूचे भवन की जांच और खोजबीन की गई। जांच में किसी तरह की संदिग्ध चीज नहीं मिलने के बाद पुलिस ने कहा कि यह ई-मेल फर्जी था। इससे पहले पुलिस ने गृह मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के कार्यालयों को खाली करा लिया था।

## ललितपुर परियोजना की एक इकाई ठप, आपात बिजली कटौती शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहले से बंद पांच इकाइयों में से दो चालू, तीन अभी भी बंद

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में भारी मांग के कारण बिजली उत्पादन इकाइयों के खराब होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। बुधवार को ललितपुर परियोजना की 660 मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई, जबकि पहले से बंद पांच इकाइयों में से दो इकाइयां चालू हो गई हैं। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से बिजली खरीद जारी है। इसके बाद भी मांग पूरी न होने पर आपात बिजली कटौती शुरू हो गई है।

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार ओबरा की दो-दो सौ मेगावाट की दो इकाइयां चालू हो गई हैं, जबकि ओबरा की दो सौ मेगावाट एक, ऊंचाहार परियोजना की 210 मेगावाट की एक व रोजा परियोजना की तीन सौ मेगावाट की एक इकाई में उत्पादन ठप है। पहले से ठप इकाइयों के 23 मई तक व ललितपुर इकाई के 25 जून तक चालू होने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रदेश में बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 28,336 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि न्यूनतम मांग 20 हजार मेगावाट दर्ज हुई। सूत्रों का कहना है कि बिजली की मांग लगातार 28 हजार मेगावाट पार कर रही हे, जबकि उपलब्धता 27,500 मेगावाट तक पूरी हो पा रही है।

### गांवों को मिल रही 22 घंटे बिजली

लोकसभा चुनाव के दौरान प्रदेश में चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति व्यवस्था की गई थी, पर इकाइयों के खराब होने के कारण अब गांवों में आपात बिजली कटौती हो रही है। गांवों को लगभग 22 घंटे आपूर्ति की जा रही है, जबकि बुंदेलखंड में साढ़े बाइस घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है। स्थानीय खराबियों के कारण ज्यादातर क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित हो रही है।

**रिश्वत मामला**

## सीबीआई निरीक्षक को किया बर्खास्त

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मध्य प्रदेश नर्सिंग कॉलेज के अध्यक्ष से दस लाख रुपये की रिश्वत कथित तौर पर लेते हुए गिरफ्तार किए गए अपने निरीक्षक राहुल राज को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि भ्रष्टाचार के प्रति कतई सहन नहीं करने की अपनी नीति के अनुरूप एजेंसी ने संविधान के अनुच्छेद 311 के तहत राज को बर्खास्त कर दिया। सीबीआई ने डीएसपी आशीष प्रसाद को भी मुख्यालय से संबद्ध कर दिया है। वहीं सीबीआई से संबद्ध सुशील मजोका और ऋषिकांत असाठे को राज्य पुलिस में वापस भेज दिया जाएगा। ये दोनों भी मामले में आरोपी हैं।

## प्रचार में मर्यादा कायम रखें भाजपा-कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी



- निर्वाचन आयोग ने दोनों दलों को दी हिदायत
- आयोग सख्त- नड्डा और खरगे को भेजी नोटिस

निर्वाचन आयोग ने बुधवार को भाजपा और कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए उन्हें लोकसभा चुनाव में जाति, समुदाय, भाषा और धर्म के आधार पर प्रचार करने से बचने की नसीहत दी। कहा कि चुनावों में देश के सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी सकती।

आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे को कहा कि स्टार प्रचारकों के बयान एक खास चलन का अनुसरण करते हैं और ऐसे विमर्श पैदा करते हैं जो आदर्श आचार संहिता के बाद भी नुकसानदेह हो सकते हैं। आयोग की यह टिप्पणियां इन राजनीतिक दलों की शिकायतों के मद्देनजर दिए गए जवाबों पर आई है। विगत 25 अप्रैल को जारी नोटिसों पर आए इन दलों के जवाबों का जिक्र करते हुए चुनाव आयोग ने कहा कि अन्य राजनीतिक दलों के बयानों की तकनीकी खामियां या अतिवादी व्याख्या पार्टियों और उनके प्रचारकों को उनके अपने भाषणों की सामग्री की मुख्य जिम्मेदारी से मुक्त नहीं कर सकती है। आयोग के मुताबिक यह सुधारात्मक होनी चाहिए और इसमें न ही प्रचार की गुणवत्ता को और कम किया जाना चाहिए। निर्वाचन आयोग ने दोनों पार्टियों को आदर्श आचार संहिता के उन प्रावधानों की याद दिलाई जो कहते हैं कि कोई भी पार्टी या उम्मीदवार किसी ऐसी गतिविधि में शामिल नहीं होगा जो आपसी मतभेद को बढ़ा सकती है या नफरत पैदा कर सकती है या विभिन्न जातियों, समुदायों, धर्म या भाषा के बीच तनाव का कारण बनती है।

नड्डा को विपक्ष के इस आरोप पर नोटिस जारी किया गया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में विभाजनकारी भाषण दिया था। नड्डा के साथ ही आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भी इसी तरह का नोटिस जारी किया था, जिसमें उनसे उनके और पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा द्वारा दायर शिकायतों पर जवाब देने के लिए कहा गया था।

## एक नजर

### बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बुधवार को जिला बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण की। नवीन सभागार में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि कार्यवाहक जिला जज किरन पाल व विशिष्ठ अतिथि पूर्व चेयरमैन उत्तर प्रदेश बार कौंसिल प्रयागराज शीरीष कुमार मेहरोत्रा रहे। एल्डर कमेटी के चेयरमैन फरूख अहमद ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल पाल सिंह, महासचिव ध्रुव कुमार सक्सेना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष रानेश भारतीय, हरस्वरूप सिंह, कोषाध्यक्ष गोपाल कृष्ण समेत अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस मौके पर हरप्रसाद, सुरेंद्र सिंह, भीकम सैनी, शमशाद हुसैन, प्रकाश पाठक, अंजू सिंह व एएच जैदी समेत अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।

### नाली के विवाद में महिला व उसकी बहू-बेटों को पीटा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नाली के पाइप के विवाद में आरोपियों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से महिला और उसकी बेटे व बहू को घायल कर दिया। घटना भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव दाड़ीदुर्जन की बबीता ने बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अर्जी लगाई है। जगवती ने बताया है कि विपक्षी पहले भी एक व्यक्ति को जान से मार चुके हैं। जगवती ने बताया कि 14 मई की सुबह 7 बजे विपक्षियों ने नाली के विवाद में उनकी बहुओं को पकड़ लिया और उन्हें पीटना शुरू कर दिया। बेटों ने अपनी पत्नियों को बचाने का प्रयास किया तो उन्हें भी मारा-पीटा। जगवती सिर पर लोहे की रॉड लगने से वह लहूलुहान हो गई थी और वहीं जमीन पर गिरकर बेहोश हो गई थी। जगवती की हालत काफी खराब देखकर उनके बेटों ने तुरंत उन्हें भोजपुर थाने ले गए, जहां से पुलिस ने उन्हें मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी भोजपुर दिया था। एसएसपी हेमराज मीना ने भोजपुर थानाध्यक्ष को आरोपियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।


सचिन वर्मा अपने माता-पिता के साथ।

### सचिन वर्मा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** शहर के गोविंदनगर निवासी सचिन वर्मा ने अपना जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर उनकी मां छाया वर्मा, पिता राम निवास वर्मा और बहन कनक वर्मा ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।



काजीपुरा में पर्यावरण संरक्षण को लेकर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में शामिल लोग।

## जैव विविधता को सबकी भागीदारी जरूरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वावधान में मऊ में चामुंडा मंदिर परिसर में बच्चों के साथ जैव विविधता दिवस पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर चर्चा की गई। जिसमें बच्चों ने उत्सुकतापूर्वक बातों को ध्यान से सुना। तत्पश्चात युवाओं और बच्चों के साथ मिलकर अमृत सरोवर काजीपुरा का भ्रमण किया। इस दौरान उपस्थित सभी युवाओं, बच्चों को पर्यावरण सचेतक नैपाल सिंह पाल ने तालाब के परितंत्र से अवगत कराया।

पर्यावरण सचेतक नैपाल सिंह पाल ने कहा कि जैव विविधता प्रकृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिसमें एक ही प्रजाति के जीवों के बीच जीन में अंतर स्थानीय स्तर पर, एक क्षेत्र में, देश में और दुनिया में विभिन्न स्तरों पर सभी पेड़-पौधों और जंतुओं की प्रजातियों की समृद्धि और विविधता शामिल है। जैव विविधता की हानि और इसके प्रभाव पहले की तुलना में अधिक हैं। विश्वस्तर पर पर कुछ प्रजातियां खतरे में पड़ गई हैं और कुछ विलुप्त हो गई हैं। इस मौके पर राहुल गौतम, उमा शंकर, रोनित कुमार, अरुण कुमार, राजू सिंह, हरवेंद्र सिंह व मोहम्मद रऊफ आदि शामिल रहे।

### फैक्ट्री से पैदल घर लौट रही थी महिला, जबरन बाइक पर बैठाने की कोशिश, पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

# गागन तिराहे पर सरेराह महिला से छेड़खानी, अपहरण की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** फैक्ट्री से काम कर घर लौट रही महिला को बाइक सवार तीन युवकों ने सरेराह गागन तिराहे पर रोक लिया। उससे गंदे कमेंट व अश्लील इशारे किए और उसके अपहरण की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी उग्र हो गए तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि तीसरा साथी फरार है।

घटना 19 मई को शाम 4.30 बजे की है। पीड़िता शीनू फैक्ट्री में मजदूरी कर घर लौट रही थी। साथ में दो महिलाएं और थीं। ये तीनों महिलाएं पैदल ही आ रही थीं। पीड़िता ने बताया कि अजय बाइक चला रहा था, इसके पीछे हरपाल व एक अन्य युवक बैठा था। अजय ने रास्ते में उसे तीन स्थलों पर घेरने की कोशिश की। दो स्थलों पर तो पीड़िता ने अनदेखा कर दिया लेकिन, तीसरी जगह गागन तिराहे पर जब उसने अपनी बाइक पीड़िता के सामने लगा दी, तब उसने विरोध किया। शीनू ने बताया कि अजय व उसके दोनों साथी उसकी ओर हंसते हुए अश्लील इशारे कर गंदे कमेंट कर रहे थे। उसने विरोध किया तो हरपाल व एक अन्य उसे पकड़कर बाइक पर बैठाकर अपहरण करने की कोशिश करने लगे थे। राहगीरों के हस्तक्षेप से आरोपी उसका अपहरण नहीं कर पाए। पीड़िता ने बताया कि गागन तिराहे पर काफी लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। इसी बीच ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने मझोला थाने फोन कर दिया तो पुलिस आ गई और अजय व हरपाल को पकड़ कर थाने ले गई थी। इस मामले में मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि दोनों आरोपियों अजय व हरपाल का शांति भंग में चालान किया है।

**दो साल पहले पति की हो गई थी मौत:** पीड़िता शीनू ने बताया कि दो साल पहले उसके पति विपिन की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई थी। उसके एक बेटी, दो बेटे हैं। इन तीन बच्चों में बड़ा बेटा करीब 10 साल का है। पति की मौत के बाद वह किसी तरह से मेहनत मजदूरी कर बच्चों की परवरिश कर रही है। पीड़िता ने बताया कि उसकी ससुराल सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में टांडा कोठी में है। जबकि वह नयागांव, लाकड़ी फाजलपुर में रहती है।

**ब्लैकमेल कर रहा था अजय:** शीनू ने बताया कि आरोपी अजय व हरपाल टांडा कोठी के ही रहने वाले हैं। उसके पति के जीवित रहते अजय का उसके घर आना जाना था। वह पीड़िता पर गलत नजर रखता था। लेकिन, पीड़िता को इस बात का आभास नहीं रहा। अजय ने हमदर्दी दिखाते हुए उसका मोबाइल नंबर भी ले लिया था और फोन पर बात कर आवाज रिकॉर्ड कर उसे ब्लैकमेल करने लगा था। वॉइस रिकॉर्डिंग को इंटरनेट पर वायरल करने और उसके ससुर को सुनाने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहा था।

### घर में घुसकर दुष्कर्म की कोशिश, कपड़े फाड़कर किया अर्धनग्न

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** घर से निकलना-बैठना मुश्किल होने पर पीड़िता ने थाने पर शिकायत की तो दबंगों ने घर में घुसकर दुष्कर्म करने की कोशिश की। उसके कपड़े फाड़कर उसे अर्धनग्न कर दिया। गनीमत रही कि शोर शराबा सुनकर पड़ोस की महिलाएं व पुरुष आ गए तो उसकी लाज बच गई। लेकिन, तब भी आरोपियों ने उसे चेताया कि दोबारा शिकायत दर्ज कराई तो जान से ही मार डालेंगे। युवती के माता-पिता दिव्यांग हैं। इस मामले में पीड़िता ने बुधवार को एसएसपी से मिलकर आपबीती बताई है। उधर, एसएसपी हेमराज मीना ने मामले में तत्काल कार्रवाई के लिए थानाध्यक्ष को निर्देश भी जारी कर दिए हैं। पूरा मामला डिलारी थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़िता ने एसएसपी को बताया है कि गांव के ही युवक ने उसका घर से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है। उसके माता-पिता दिव्यांग है। कहा है कि यदि वह कूड़ा डालने के लिए भी घर से बाहर निकलती है तो आरोपी उसका पीछा कर छेड़ता है और अश्लील हरकतें करता है। पीड़िता ने बताया कि जब इस मामले में उसने युवक के घर वालों से शिकायत की तो उन्होंने उलटे उसे ही धमकाया। इसके बाद उसने डिलारी जाकर थाने पर प्रार्थना पत्र दिया था। नतीजा यह हुआ कि 18 मई को शाम छह बजे के दौरान आरोपी युवक के घर के छह लोग उसके घर घुस आए थे। इनके हाथ में लाठी-डंडे थे। इन लोगों ने आते ही उसे पकड़ लिया और गाली देते हुए कहा कि तूने हमारे खिलाफ थाने में शिकायत की है, तुझे मार ही डालेंगे। पीड़िता ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ दुष्कर्म करने की नीयत से उसे गिरा दिया और कपड़े फाड़ कर उसे अर्धनग्न कर दिया। पीड़िता ने एसएसपी को इन सभी आरोपियों के नाम भी बताए हैं। उसने कहा कि शोरगुल सुनकर मुहल्ले के लोग उसके घर आ गए और बीच-बचाव किया तो उसकी इज्जत बच गई।

# गोट गांव में जगह-जगह कूड़े के ढेर से ग्रामीण परेशान, सफाई कर्मी नदारद

### नालियां चोक होने से गंदा पानी सड़कों पर फैला, संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गोट गांव में गंदगी से सड़कें अटी पड़ी तो वहीं कूड़े से भरी नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा है। बढ़ती गर्मी में गांव की सड़कों पर भरे पानी में बैठे मच्छरों से ग्रामीणों के चेहरों पर बीमारियां फैलने का डर साफ दिखाई दे रहा है। गांव वालों का कहना है कि गांव में तैनात सफाई कर्मी कभी-कभी आता है। गांव में सफाई व्यवस्था चौपट है। प्रधान सफाई कराने की बात पर बहाना बनाते हैं। पंचायत राज अधिकारी के अनुसार गांव में तैनात जो सफाईकर्मी चुनाव सेल में लगे हैं उनके स्थान पर ग्राम प्रधान सफाई व्यवस्था देखेंगे। लेकिन जो कर्मचारी सालों से कार्यालय में लगे हैं उनके स्थान कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

गोट गांव की सड़कों के किनारे लगे कूड़े के ढेर अब सड़क पर फैलने लगा है। इतना ही नहीं गांव की नालियां भी कूड़े से भरी पड़ी है। जिससे नालियों में बहने वाले पानी की निकासी बंद होने से पानी सड़कों पर भरा है। लोगों के अनुसार गांव के बीचों बीच घरों के आगे भरे पानी से गांव के लोग खुद को बीमार जैसा महसूस करने लगे हैं। पानी पर बैठ मच्छरों के झुंड से लोगों को बीमारियां फैलने का भी डर सताने लगा है। गांव के लोगों का कहना है कि गंदगी को लेकर कई बार प्रधान असलम से शिकायत की है। वहीं प्रधान असलम का कहना है कि गांव में तैनात सफाई कर्मी अमोद कुमार चुनाव कार्यालय में लगा दिया गया है। रोज प्राइवेट आदमी से सफाई नहीं करा सकता।


ग्राम गोट में पसरी गंदगी। ● अमृत विचार


"गांव में तैनात सफाई कर्मी कभी-कभी आता है। बस प्रधान के घर के बाहर सफाई करके चला जाता है। जिसके बदले प्रधान उसकी हर महीने वेतन बुक पर हस्ताक्षर कर वेतन दिलवा देता है। गांव के लोग सड़कों पर फैली गंदगी त्रस्त हो चुके हैं।
-कुलदीप चौहान, ग्रामीण


"आधा गांव गंदगी से भरा पड़ा है। महीनों से सफाई कर्मी गांव में सफाई करने नहीं गया। गांव के लोग ही नालियों का पानी सड़क पर आने की स्थिति में खुद ही कूड़ा निकालने का काम कर रहे हैं। आधे गांव के लोगों ने सफाईकर्मियों की शक्ल तक नहीं देखी।
-महिपाल सिंह, ग्रामीण

### पति समेत छह लोगों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दो साल पहले शादी हुई और फिर विवाहिता को ससुराल में अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने आरोपी ससुराल वालों के विरुद्ध महिला थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

पीड़िता स्वाति ने पुलिस को बताया है कि उयका विवाह मई 2022 में योगेश सैनी के साथ हुआ था। उनकी ससुराल कटघर थाना क्षेत्र में डबल फाटक के पास दुर्गेश नगर मुहल्ले में कमल कुमार सैनी के घर है। उन्होंने बताया कि उनकी मां ने अपनी हैसियत से ज्यादा विवाह में खर्च किया था। लेकिन, ससुराल वाले दान-दहेज से खुश नहीं थे। उसने बताया कि पति योगेश, ससुर कमल किशोर सैनी, सास सुनीता देवी और शीला देवी, देवर रितेश, प्रेम सिंह सैनी उसे अतिरिक्त दहेज के लिए मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। कभी-कभी उससे गाली-गलौज और मारपीट भी करते थे। लेकिन, पीड़िता अपने मायके के हालात देखकर ससुराल वालों की प्रताड़ना को झेल रही थी। विवाहिता ने पुलिस को बताया है कि कुछ दिनों पहले उसे ससुराल वालों ने बहुत मारा पीटा। पति ने उसके कई गलत तरीके से फोटो खींच रखे हैं, जो पीड़िता के रिश्तेदारों के व्हाट्सएप पर भेज रहा है।


राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्पेशल मॉनीटर पर्यावरण एवं जल फैजान अली ने पीली कोठी स्थित कार्यालय पर निगम अधिकारियों के साथ की बैठक। ● अमृत विचार

## सफाई मित्रों की आवश्यकताओं का आकलन करे निगम: अल्वी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बुधवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्पेशल मॉनीटर पर्यावरण और जल फौजान अल्वी ने महानगर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। जिसके बाद पीलीकोठी स्थित कैंप कार्यालय पर निगम के अधिकारियों नगरायुक्त दिव्यांशु पटेल और सीवेज मैनेजमेंट सिस्टम से जुड़े सफाई मित्रों के साथ सीधा संवाद भी किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रयोग किए जाने वाले सुरक्षा उपकरणों के बारे में भी विस्तार से जानकारी की। पूछा कि सफाई मित्रों का जीवन और बेहतर कैसे किया जा सकता है तो उन्होंने इस बारे में भी जानकारी की। फौजान अल्वी ने कहा कि इस संदर्भ में नगर निगम सफाई मित्रों की आवश्यकताओं आकलन कर लें। इसके लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग हर संभव प्रयास करेगा। उन्होंने नगर की सुव्यवस्थित संरचना को देखते हुए मुरादाबाद महानगर को एक मॉडल शहर के रूप में विकसित किए जाने के लिए आयोग द्वारा हर संभव मदद प्रदान की जाएगी जो पूरे देश के लिए अनुकरणीय होगी। इसके बाद फौजान अल्वी द्वारा नगर में चल रहे सीवेज संबंधी कार्यों का अलग-अलग वार्डों में जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान सभी सफाई मित्र पीपीई किट व सुरक्षा मानकों के साथ कार्य करते नजर आए। इस मौके अपर नगरायुक्त अजीत कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता जलकल दिनेश कुमार त्रिपाठी व अन्य अभियंता शामिल रहे।

# कृषि प्रदर्शनी की तैयारियां अंतिम दौर में

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बच्चों को गर्मियों में स्कूल बंद होने के बाद जिले में लगने वाले कृषि प्रदर्शनी का इंतजार रहता है। 25 मई को जिला कृषि प्रदर्शनी का शुभारंभ होने जा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से कृषि प्रदर्शनी की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस बार जिला कृषि प्रदर्शनी का मंच भगवा रंग में दिखाई देगा। मंच की सजावट में पीतल की भी चमक बिखेरेगी।

जिला कृषि प्रदर्शनी अधिकारी ऋुषा तिवारी ने बताया कि तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। जिला कृषि प्रदर्शनी के मंच पर महानगरवासियों के छोटे-छोटे बच्चों का मनोरंजन करने के लिए होने वाले कार्यक्रमों को जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने मंजूरी दे दी है। साथ ही कार्यक्रमों की तिथि को फाइनल करने के परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र के दिशा निर्देश में मंथन हो चुका है। साथ ही पूरे महीने के प्रत्येक दिन होने वाले कार्यक्रम की जिम्मेदारियों का निर्वहन करने वालों को भी कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दे दी गई है। प्रदर्शन के मैदान से लेकर मिशन गर्ल्स इंटर कॉलेज के मैदान में लगने वाले बच्चों के झूले भी फाइनल हो चुके हैं। इस बार प्रदर्शनी के मेले का ठेका रामपुर के आबिद को ही हुआ है। लेकिन मेले में झूले व अन्य मनोरंजन के साजोंसामान की व्यवस्था मेरठ के शुभम गुप्ता देखेंगे। वहीं अन्य कार्यक्रमों पर मंथन किया जा रहा है।


प्रदर्शनी की तैयारी को लेकर मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज में लग गए झूले। ● अमृत विचार

### अवैध शराब की बिक्री बंद कराने को प्रदर्शन

**अगवानपुर, अमृत विचार:** नगर पंचायत में अवैध शराब की बिक्री बंद कराने को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया।

नगर पंचायत के मोहल्ला विश्नोईयान में अवैध रूप से घरों में शराब बेची जा रही है। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष वरुण गुप्ता ने बताया कि कई बार लोगों ने शराब बेचने वालों को समझाया। लेकर जब वह नहीं माने तो एसएसपी को पत्र देकर शिकायत की। वहीं पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर लोगों ने प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे सीओ अर्पित कपूर, सिविल लाइंस इंस्पेक्टर आरपी शर्मा व चौकी इंचार्ज मेघराज सिंह ने निरीक्षण कर अवैध शराब बेचने वालों के नाम नोट किए और आश्वासन दिया कि अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर वरुण विश्नोई, सरजू विश्नोई, ब्रजेश कुमार मौजूद रहे।

# भक्त के हृदय में सदैव रहते हैं भगवान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भक्त और भगवान अलग-अलग नहीं हैं। जो भगवान की शरण में सदैव के लिए आ जाते हैं। उनके हृदय में भगवान स्वयं उतर आते हैं। भगवान ही हमारे जीवन हैं, हमारे परमात्मा हैं। यह बातें प्रवचन के माध्यम से आचार्य धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने भक्तों को बताई।

बुधवार को राम गंगा विहार, सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल के पीछे आयोजित श्रीराम चरित मानस महात्म एवं सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें आचार्य धीरशान्त दास अर्द्धमौनी ने बताया कि जिस पर कृपा प्रभु श्रीराम की हो जाती है, उस पर सब कृपा करते हैं। जिनकी बुद्धि कुमार्ग पर चल रही हो, उनके साथ बहस नहीं करनी चाहिए। हमें हनुमानजी से प्रेरणा लेकर अपने मन मस्तिष्क को सदैव भगवान के श्री चरणों में लगाना चाहिए। जिससे कुमति सुमति में परिवर्तित हो जाती है।

उन्होंने कहा कि जैसे बच्चा मां के बिना, प्यासा पानी के बिना रह नहीं सकता, ऐसे ही भगवान के बिना भक्त न रह सके तो यही हरि भजन है। उन्होंने कहा कि हर इंसान के अंदर भगवान बसे हैं। भजनोत्सव में अर्द्धमौनी द्वारा मेरी झोपड़ी के भाग जाग जाएगे, राम आयेंगे, श्री राम जय राम जय जय राम, श्री राम जानकी रहते हैं मेरे सीने में आदि भजन सुनाकर माहौल भक्तिमय कर दिया। मुख्य अतिथियों में नगर विधायक रितेश गुप्ता, जयपाल सिंह व्यस्त, डॉ. शैफाली सिंह, प्रिया अग्रवाल, धर्मेन्द्र नाथ मिश्रा, आकाश पाल, संजय शर्मा, डॉ. के के मिश्रा आदि रहे। व्यवस्था में सुनीता शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, एकता गुप्ता, सुवर्णा सारस्वत, आशीष शर्मा, मनीष शर्मा, सृष्टि शर्मा, अगस्त्य शर्मा मौजूद रहे।


रामगंगा विहार में सुंदरकांड का पाठ करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### राप्ती गंगा में चोरी का खुलासा, एक पकड़ा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** राजकीय रेल पुलिस ने बुधवार को पिछले महीने राप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन में हुई चोरी का खुलासा कर दिया। जीआरपी ने गलशहीद निवासी शातिर चोर वसीम को गिरफ्तार कर यात्रियों से चुराया गए जेवरात व नकदी समेत 3.84 लाख रुपये का सामान बरामद किया है।

प्रेसवार्ता में सीओ देवी दयाल ने बताया कि चोरी की घटना 25 अप्रैल को हुई थी। देहरादून से गोरखपुर जा रहे यात्री संतोष कुमार ने महिला के पर्स में रखी दो अंगूठी, एक मंगलसूत्र, मोबाइल व अन्य सामान चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी को मुरादाबाद में प्लेटफार्म छह और सात से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से चोरी हुआ सामान भी बरामद किया है। बरामद माल की कीमत 3.84 लाख रुपये बताई जा रही है। यात्री ने भी अपने चोरी हुए जेवर आदि सामान की पुष्टि की।

# मांग पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन धरने को चेताया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** ठाकुरद्वारा तहसील के तहसील क्षेत्र में 35 वर्ष पहले केंद्र सरकार द्वारा ली गई 804 एकड़ भूमि को लेकर सेंचुरियन कंपनी व किसानों के बीच काफी लंबे समय से विवाद चल रहा है। जिसको लेकर किसान पांच महीने से बथुआ खेड़ा गांव में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के नजरअंदाज करने पर भाकियू (चढ़ूनी) के कार्यकर्ता डीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे। जिसके बाद अपनी मांगों को डीएम को ज्ञापन सौंपा।

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के सैकड़ों कार्यकर्ता जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह के कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सूबे सिंह डागर ने बताया कि 35 वर्ष पहले 1989 में केंद्र सरकार ने ठाकुरद्वारा तहसील क्षेत्र के किसानों की 804 एकड़ भूमि अधिग्रहण की थी।

भूमि पर पेपर मिल बनाकर जमीन देने वाले प्रत्येक किसान के घर से चार साल के अंदर एक नौकरी देने का लिखित में समझौता हुआ था। जिसके चार साल बाद केंद्र सरकार ने नेपा की जमीन बिरला ग्रुप की सेंचुरियन कंपनी को दे दी। कंपनी ने पांच साल में पेपर मिल बनाकर नौकरी देने का वादा कर निर्माण कार्य शुरू किया था। जिसको किसानों द्वारा कई बार रोक दिया गया था। आज तक न पेपर मिल बन सकी और न नौकरी ही दी गई। अब किसान सरकार के उस वक्त दिए गए मुआवजे की धनराशि वापस देकर किसानों को उनकी जमीन वापस करने की मांग कर रहे हैं।

भाकियू कार्यकर्ताओं ने 28 मई तक मांग पूरी न होने पर डीएम कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना देने की चेतावनी दी है। जिलाधिकारी ने वार्ता के दौरान अधिग्रहण की गई भूमि पर किसी तरह का निर्माण न किए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रदेश प्रभारी सूबे सिंह डागर, एनसीआर अध्यक्ष कुलदीप गुड्डू, प्रदेश अध्यक्ष सोनपाल सिंह चौहान, महिला प्रदेश अध्यक्ष आयुषी संधू तेवतिया, युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी, एनसीआर उपाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, जिलाध्यक्ष गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, अमरोहा, बिजनौर बुलंदशहर, मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष शकील अहमद, प्रमोद यादव आदि मौजूद रहे।


जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर धरना देते भाकियू पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

### एसोसिएशन ने हाईकोर्ट के निर्णय का किया स्वागत

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** उच्च न्यायालय के फैसले का डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने स्वागत किया है। उन्होंने उनकी अहमियत व उनके अधिकारों की मान्यता के बारे लोगों जागरूक करने के इस आदेश को लेकर आभार जताया है।

डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला मंत्री हेमंत चौधरी ने बताया कि किसी भी दवा के साइड इफेक्ट की जानकारी केवल फार्मासिस्ट देगा। इसके लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में जैकब बद्वाकारी द्वारा दायर एक जनहित याचिका की सुनवाई में यह फैसला लिया है। जिसमें दवाओं की सही जानकारी देने के लिए एक मात्र फार्मासिस्ट को ही अधिकृत किया है। औषधि के डोज, डोजेज फॉर्म, लेने का तरीका, साइड इफेक्ट, कंपेटिबिलिटी आदि की जानकारी फार्मासिस्टों से ही प्राप्त करनी चाहिए।

# आयोग के निर्देशों की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में लोक सभा चुनाव की मतगणना के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के उम्मीदवार/प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने मतगणना को लेकर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीदवार/प्रतिनिधियों की मतगणना संबंधी शंकाओं का भी निस्तारण किया। बैठक में मतगणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति के संबंध में, मतगणना प्रणाली, डाकमत पत्रों की गणना संबंधी इत्यादि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द्र, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित संबंधित राजनीतिक दलों के उम्मीदवार एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


राजनीतिक दलों के उम्मीदवार/प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी।

### बिजनौर के सेंट्रल वेयर हाउस में होगी बढ़ापुर की मतगणना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के तहत मुरादाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट जनपद बिजनौर की बढ़ापुर विधानसभा की मतगणना सेंट्रल वेयर हाउस नजीबाबाद रोड बिजनौर में होगी। यह जानकारी जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने दी है। मतगणना 4 जून को प्रात: 8 बजे से की जाएगी। बढ़ापुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित मतगणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति एवं उनके फोटो पहचानपत्र जारी करने के लिए अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इसमें सहायक रिटर्निंग ऑफिसर उपजिलाधिकारी नगीना अपने कार्यालय से पहचानपत्र जारी करेंगे। इसमें उम्मीदवारों और मतगणना अभिकर्ताओं को प्रारूप-18 पर अपना पूरा नाम, पता अंकित करते हुए दो-दो पासपोर्ट साइज की रंगीन फोटो लगानी है।

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 9450434176 या amritvichar.moradabad@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी हमें भेज सकते हैं। पता : अमृत विचार कार्यालय आशियाना फेस वन मुरादाबाद उप्र।

## शहर में आज



☞ राष्ट्रीय पुजारी परिषद की ओर से प्राचीन गंगा मंदिर अटल घाट महाआरती एवं हनुमान चालीसा का पाठ शाम 6:00 बजे से।

## एक नजर

### 1 किलो 150 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** पुलिस ने एक युवक को 1 किलो 150 ग्राम चरस के साथ पकड़ लिया। बाद में संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। बुधवार की दोपहर में नगला वनवीर वाले रास्ते पर परंपरा टाइल्स फैक्ट्री के पास में सब इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह तोमर, लोकेश कुमार, रविंद्र कुमार, नितिन चौधरी चेकिंग कर रहे थे। तभी उधर से गुजर रहे एक संदिग्ध युवक को पुलिस ने रोका तो वह भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से किलो 150 ग्राम चरस मिली। पूछताछ में उसने अपना नाम मौहम्मद शकील पुत्र हाजी इजाजुल निवासी ग्राम डींगरपुर थाना मैनाठेर बताया। उसने बताया कि वह चरस बेचने के लिए ले जा रहा था।

### गृह क्लेश में युवक ने खाया जहर, मौत

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** एक युवक ने गृह क्लेश के चलते हुए जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन युवक को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसने रात में दम तोड़ दिया। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के युवक का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर एक पाठ वाली मिलक निवासी मनु (25) पुत्र हरकेश ने पत्नी से विवाद के चलते मंगलवार की रात को जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। जिसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां कुछ ही देर बाद इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। उसके पत्नी एवं दो बच्चे हैं। वह एक कैंटीन चलाता था। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

### कार ने बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें दो युवक घायल हो गए। एक युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मंगलवार की दोपहर को गांव रतनपुर कला निवासी विक्की रावत (19) पुत्र कर्मवीर रावत एवं अक्की पुत्र यामीन बाइक से मुरादाबाद जा रहे थे। जैसे ही वह होलीडे रीजेंसी के सामने पहुंचे तभी सामने से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को भर्ती अस्पताल में कराया। जहां इलाज के दौरान विक्की की मौत हो गई। विक्की गांव में ही मोबाइल ठीक करने की दुकान करता था। वह सात बहन-भाई थे।



# शासन तक पहुंचा जिला अस्पताल में डिजिटल एक्सरे मशीन का मामला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 10 दिन पहले मशीन खराब होने से नहीं हो रहे डिजिटल एक्सरे

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल में मशीन खराब होने से मरीजों के डिजिटल एक्सरे बंद होने का मामला शासन तक पहुंच गया है। इस बाबत शासन स्तर से अस्पताल प्रशासन से पूछताछ की गई है। जबकि जिला प्रशासन की ओर से पत्राचार किए जाने पर सरकारी अस्पतालों में खराब हुए जांच उपकरणों को दुरुस्त करवाने के लिए अधिकृत साइरेक्स कंपनी ने लिखित रूप से यह साफ कर दिया कि डिजिटल एक्सरे मशीन का पुर्जा स्पेन से मंगाकर लगाया जाएगा। एक महीने में यह मशीन चालू कर दी जाएगी।

जिला अस्पताल में मरीजों की डिजिटल एक्सरे जांच स्पेन से आयातित मशीन में की जा रही थी। 10 दिन पहले मशीन के खराब जाने पर साइरेक्स कंपनी के इंजीनियरों ने यहां पहुंचकर इसकी जांच की। मशीन को ठीक करने के लिए इसका पूर्जा स्पेन से मंगाए जाने और मशीन के ठीक होने में छह सप्ताह का समय लग जाने की बात कही थी। इतने लंबे समय तक डिजिटल एक्सरे मशीन के खराब रहने को लेकर मरीज और चिकित्सक भी चिंता में पड़ गए। इस दौरान जिला प्रशासन और फिर शासन ने इस बाबत अस्पताल के प्रशासन से स्थिति के बारे में मालूमात की थी। जिला अस्पताल की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि साइरेक्स कंपनी की ओर से अब लिखित रूप से यह बताया गया है कि स्पेन से पार्ट आने पर इसे लगाकर ही डिजिटल एक्सरे मशीन को ठीक किया जा सकेगा। तब तक मेडिकोलीगल मामलों समेत जितने भी मरीजों की एक्सरे जांच जरूरी होगी वह अस्पताल में उपलब्ध साधारण एक्सरे मशीन से कराई जाएंगी।

## घटनास्थल पर भी नहीं मिले कारतूस के खोखे, पोस्टमार्टम में शव के अंदर गोली लगने की नहीं हुई पुष्टि

# छोटू उर्फ विशाल यादव को मारी गईं दो गोलियां खोज रही पुलिस

अमृत विचार पड़ताल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**घटना में प्रयोग हुई बाइक भी बरामद नहीं**

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार हुए मोहित ने पूछताछ में बताया था कि जिस बाइक से वह और सचिन पासी छोटू उर्फ विशाल को लेकर गए थे। वह बाइक (यूपी-21-बीजे-0683) उसी (मोहित) की है, जो आरोपी अभिनव यादव के पास है। फिलहाल, इस बाइक को भी पुलिस अभी तक बरामद नहीं कर पाई है।

> घटना के खुलासे में जल्दबाजी कोई नहीं हुई। सब बेहतर रहा है। अब किसी की निशानदेही पर यदि शव बरामद करेंगे तो मुल्जिम को मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने के लिए न्यायालय का भी एक समय है। इसका भी ध्यान रखना होता है। बाकी विवेचना का पार्ट है। यदि कोई गलती हुई है तो ठीक भी हो जाएगी।
>
> – तेजवीर सिंह, थानाध्यक्ष-कटघर

**अमृत विचार :** अपहरण के बाद छोटू उर्फ विशाल यादव हत्याकांड कटघर थाना पुलिस के गले में फांस बन गया है। छोटू के सीने पर मारी गईं दो गोलियां और खोखा कहां हैं इसकी तलाश में पुलिस शव के पोस्टमार्टम के बाद से उलझी हुई है।

दरअसल, पोस्टमार्टम के दौरान शव के अंदर से कोई गोली बरामद नहीं हुई और न ही गोली लगने की बात पुष्ट हुई है। हां, सीने पर दो निशान जरूर देखे गए थे, पर वह किससे लगे थे, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। उधर, घटना के खुलासे को लेकर पुलिस में भी जल्दबाजी देखने को मिली। आनन-फानन में 19 मई की शाम चार बजे कटघर थाने में सीओ रुद्र कुमार सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर घटना की परतें खोलकर रख दी थीं। बताया गया कि अपहरण के बाद छोटू के सीने में सामने से आरोपी अनिरुद्ध व गोलू ने अपने-अपने तमंचे से एक-एक गोली मारी थी। अब सवाल ये है कि यदि छोटू को गोली मारी गईं तो वह बरामद क्यों नहीं हुईं और पोस्टमार्टम के समय शव के अंदर इसकी पुष्टि क्यों नहीं हुई? फिलहाल, इन गोलियों की पहेली में पुलिस उलझी है। गोली के खोखा की तलाश में खुद थानाध्यक्ष व अन्य पुलिसकर्मी कई बार घटनास्थल (रफातपुर वाले रोड पर जंगल के पास खेत में) और फिर जहां शव का अंतिम संस्कार हुआ, वहां भी खोजबीन कर चुके हैं लेकिन, सफलता नहीं मिली है।

पुलिस का कहना है कि 19 मई को छोटू के पिता संतोष कुमार ने कटघर थाने आकर तहरीर दी थी। कहा था कि उनके बेटे विशाल की कुछ लोगों ने 16 मई को घर से ले जाकर हत्या कर दी है। तहरीर पर पुलिस ने हत्या व अन्य आरोपों में छह अभियुक्तों को नामजद व एक अज्ञात को भी आरोपी बनाया था। इन नामजद में मोहित यादव, सचिन पासी, अनिरुद्ध सिंह, गोलू, अभिषेक और अभिनव हैं। इनमें पुलिस ने मोहित व सचिन को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर 19 मई को ही छोटू का शव खेत में गड्ढे से बरामद कर लिया था। वैसे ये पुलिस की अपनी कहानी है लेकिन, हकीकत ये है कि पुलिस ने छोटू का शव 18/19 मई की रात में रफातपुर वाले रोड पर जंगल के पास खेत में बने गहरे गड्ढे से बरामद किया था। जमीन के अंदर से रात में शव खोदे जाने के दौरान एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, सीओ कटघर रुद्र कुमार सिंह, थानाध्यक्ष कटघर तेजवीर सिंह, थानाध्यक्ष मूंढापांडे शैलेंद्र कुमार समेत भारी पुलिस बल मौजूद था। फोरेंसिक व सर्विलांस टीमें भी मौके पर भी थीं।

**फरारी काट रहे चार अभियुक्त :** घटना के खुलासा होने के भी बुधवार को पूरे तीन बीत गए हैं लेकिन, पुलिस मोहित-सचिन के अलावा अन्य चार अभियुक्तों को अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। हालांकि, कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह का कहना है कि अभियुक्त भाग कर जाएंगे कहां, रिश्तेदार भी छिपाएगा तो वह भी अपराधी को शरण देने का आरोपी बन सकता है। थानाध्यक्ष ने कहा, पुलिस लगी है जल्द ही फरार अभियुक्त गिरफ्तार होंगे।

# एडीएम की बैठक में आढ़तियों का हंगामा

## एसएमआई ने आढ़ती के बेटे से जबरन छीनी गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और मोबाइल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



जिलाधिकारी से शिकायत करने पहुंचे आढ़ती। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गेहूं खरीद को लेकर सरकार द्वारा बनाए गए मोबाइल क्रय केंद्र के एसएमआई (सीनियर मार्केटिंग ऑफीसर) द्वारा गेहूं आढ़ती के बेटे से जबरन गेहूं से भरी ट्रैक्टर ट्राली छीनने का मामला सामने आया। गेंहू खरीद बढ़ाने को कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम प्रशासन गुलाब सिंह, जिला खाद्य विपणन अधिकारी व मंडी सचिव ने गेहूं आढ़तियों के साथ बैठक की।

जिसमें मंदरिया मुर्करब ट्रेडर्स के असलम आढ़ती ने एसएमआई पर गेहूं से भरी ट्रैक्टर ट्राली छीनने के अलावा बेटे के अभद्रता कर मोबाइल छीनने को आरोप लगाया। जिस पर सभी आढ़तियों ने इसका विरोध करते हुए बैठक में हंगामा किया। बैठक में आगे खरीद बढ़ाने के लिए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की बात रखी गई। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

सरकार जिले में गेहूं खरीद के लिए मंडी आढ़ती को भी लाइसेंस देती है। आढ़ती गेहूं खरीद के बाद मंडी समिति को टैक्स देकर गेट पास लेता है। जिसके बाद लाइसेंस धारक अपना खरीदा गेहूं कहीं बेच सकता है। वहीं सरकार ने किसान को उसकी फसल का अच्छा मूल्य मिल सके इसके लिए किसान से सीधा गेंहू खरीदने के लिए क्रय केंद्र व मोबाइल क्रय केंद्र बनाए हैं। लेकिन, दलपतपुर मोबाइल क्रय केंद्र पर तैनात एमएमआई राघवेंद्र सिंह ने मंगलवार की शाम को जैतिया सादुल्लापुर के निवासी मंदरिया टेडर्स के स्वामी असलम के बेटे मुशर्रफ से 179 क्विंटल गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली छीन ली। यह घटना आरटीओ कार्यालय के पास हुई।

ट्रैक्टर ट्राली रोक कर जबरन क्रय केंद्र पर ले जाने का चालक और आढ़ती के बेटे ने विरोध किया। जिस पर गाली गलौज व मारपीट कर दोनों के मोबाइल छीनकर ट्रैक्टर ट्राली के साथ ही ले गए। गेंहू खरीद बढ़ाने को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में आढ़तियों ने इस घटना को लेकर हंगामा कर दिया। मीटिंग ले रहे एडीएम प्रशासन गुलाब सिंह, जिला खाद्य विपणन अधिकारी रामेश्वर प्रताप सिंह व मंडी सचिव ज्योति सिंह ने आढ़तियों को किसी तरह शांत किया।

साथ ही आरोपी एसएमआई के द्वारा की गई घटना की जांच कराकर कार्रवाई किए जाने और छीनी गई ट्रैक्टर ट्राली वापस करने को आश्वासन दिया। चंदन ट्रेडर्स के आढ़ती विनोद ने बताया कि छीनी गई गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली वापस मिल गई है। घटना का विरोध करने वाले आढ़तियों में सुनील कुमार बिलारी, उसमान व रईस डिलारी, राजेश करनपुर, कुलदीप करनपुर, आसिफ गोविंदपुर आदि शामिल रहे।

> मामला बैठक में ही संज्ञान में आया। इससे पहले किसी आढ़ती ने भी घटना को लेकर कोई शिकायत नहीं की थी। एसएमआई पर लगे आरोपों की जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। आढ़ती की ट्रैक्टर-ट्राली वापस कर दी गई है। बुधवार को गेहूं खरीद बढ़ाने को लेकर आढ़तियों की बैठक बुलाई गई थी।
>
> –रामेश्वर प्रताप सिंह, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, मुरादाबाद



कपूर कंपनी पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण करते डीआरएम राज कुमार सिंह।

# जल्द पूरा करें नए कपूर कंपनी पुल का निर्माण: डीआरएम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बुधवार को मंडल रेल प्रबंधक ने रेलवे के अधिकारियों के साथ नये कपूर कंपनी पुल निर्माण का निरीक्षण किया और पुल निर्माण को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह रेलवे अधिकारियों के साथ बुधवार को कपूर कंपनी पुल पहुंचे। जहां उन्होंने नये कपूर कंपनी पुल निर्माण के विकास कार्य में आ रही बाधाओं को देखा और संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने पुल निर्माण बाधाओं को दूर कर जल्द से जल्द पुल निर्माण को पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके पर वरिष्ठ मंडल अभियंता हरपाल सिंह, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता जन्मजेय उपाध्याय व अन्य अधिकारी शामिल रहे।

# शारीरिक शोषण के बाद युवती को पीटकर किया मरणासन्न, शिकायत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीड़ित युवती ने एसएसपी से लगाई गुहार, कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर युवक ने पहले युवती को प्रेमजाल में फंसाया। किराए का कमरा लेकर उसका साल भर तक शारीरिक शोषण किया। इसके बाद जब युवती ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने उसे मारपीट कर मरणासन्न कर दिया। इस मामले में पीड़िता ने एसएसपी से गुहार लगाई है।

बताया जा रहा है कि पीड़िता कटघर थाना क्षेत्र की रहने वाली है। वह प्राइवेट जॉब भी करती है। उसने एसएसपी को बताया है कि संभल जिले के असमौली थाना क्षेत्र निवासी युवक ने उसे प्रेमजाल में फंसा लिया था। आरोपी ने मझोला के बुद्धि विहार में किराये पर मकान लिया था। उसी में उसे रखता था। एक साल से आरोपी पीड़िता से शारीरिक संबंध बनाकर उसका शोषण करता रहा। जब उसने शादी के लिए कहा तो वह टालमटोल करने लगा। पीड़िता ने बताया कि उसने आरोपी के माता-पिता से युवक के साथ अपने रिश्ते के बारे में बताकर अपनाने के लिए गुहार लगाई थी। इन लोगों ने उससे कहा था कि हम तुम्हें कभी नहीं अपनाएंगे और बवाल करेगी तो अपने बेटे से कहकर तुझे जान से मरवा देंगे। पीड़िता के अनुसार, 18 मई को दोपहर करीब 3 बजे वह अपने ऑफिस का काम खत्म करके घर पहुंची तो युवक अपने दोस्त के साथ बैठकर शराब पी रहा था। युवती के टोकने पर आरोपी युवक आगबबूला हो गया और दोस्त के साथ मिलकर उसे मारा-पीटा। उसे मरणासन्न करके कमरे पर छोड़कर भाग गया। पीड़िता होश में आने पर आरोपी युवक के पास कॉल कर कहा कि मैं मरी नहीं हूं, अब तुझे ओर तेरे दोस्त पर कार्रवाई कराऊंगी। आरोप है कि इसके बाद युवक ने फोन पर ही जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़िता ने एसएसपी से गुहार लगाई। एसएसपी ने मझोला थानाध्यक्ष को पीड़िता का मेडिकल कराकर एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

## अभियुक्त अशफाक को साढ़े तीन साल की सजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एससी/एसटी एक्ट के मामले में न्यायालय एससी/एसटी एक्ट कोर्ट संदीप गुप्ता ने अभियुक्त अशफाक पुत्र नौशे अली को तीन वर्ष 6 महीने के कारावास और 8,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

विशेष लोक अभियोजक आनंद पाल सिंह ने बताया कि अभियुक्त अशफाक बिलारी थाना क्षेत्र के गांव नंगलिया जट का रहने वाला है। इसके विरुद्ध बलवंत सिंह ने 1 अगस्त 2008 में मारपीट व एससी/एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी मनोज पांडेय ने की थी। आरोप था कि इसने बलवंत सिंह को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर उसे मारा-पीटा था। विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि घटना के बाद वादी ने पुलिस को बताया था कि घटना शाम चार बजे की थी। वह अपने ट्रैक्टर का भाड़ा लेने नंगलिया जट गया था। गांव में कुछ व्यक्ति बैल ले जा रहे थे। जिससे उसकी साइकिल टूट गई थी। बलवंत ने विरोध किया था तो आरोपियों ने उसे मारापीटा था।

# तबादला नीति के खिलाफ नरमू का विरोध जारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद





डीआरएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते नरमू के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**विरोध**

- भोजन अवकाश में एनआरएमयू ने बजाई थाली व चम्मच
- तबादला नीति रद करने तक जारी रहेगा धरना-प्रदर्शन

**अमृत विचार:** रेल मंडल में सिग्नल और दूरसंचार विभाग में हुए तबादलों को रद कराने की मांग को लेकर आंदोलनरत रेल यूनियन एनआरएमयू ने बुधवार को 10वें दिन भी अपना विरोध जताया। बुधवार को भी रेल कर्मियों ने डीआरएम कार्यालय पर ताली और थाली बजाकर न्याय मांगा। नरमू ने चेतावनी दी कि अगर विभाग में सभी कर्मियों के तबादले रद नहीं किए गए तो रेल कर्मचारी सड़क पर उतरकर विरोध-प्रदर्शन करेंगे।

नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन ने सिग्नल और दूरसंचार विभाग के तबादले को लेकर बुधवार को अपना विरोध जताया। रेल कर्मचारी यूनियन ने भोजन अवकाश में अलग तरीके से विरोध किया। सभी रेल कर्मचारी डीआरएम कार्यालय की गैलरी में जमीन पर बैठ गए और सभी ने थाली चम्मच बजाकर रेल अधिकारियों से न्याय मांगा। नरमू नेताओं ने कहा कि मंडल मुख्यालय पर आई रेलवे बोर्ड की ईडी-एचआर को भी चार सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा गया। यूनियन ने सीनियर डीएसटीई और सीनियर डीईई के तबादले की मांग की।

रेल कर्मचारी यूनियन ने चेतावनी दी कि तबादले रद न होने पर कर्मचारी बड़े आंदोलन करेंगे। इस मौके पर मंडल मंत्री राजेश चौबे, मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा, सहायक मंडल मंत्री एके सिंघल, कुंवर सुहैल खालिद, शिव राज सिंह, दीपक यादव, नफीस खां, खेमपाल सिंह, मोहित गुप्ता, विनेश ठाकुर, समीर माथुर, जगन्नाथ सिंह, सुनील सिंह, संजय वर्मा, अनिल सोनी, विनय पाल, राकेश मंगाई, अनुज कुमार, राजेंद्र सैनी, रजा खां, संजू, आकिल, देवेन्द्र सिंह, शुभम भंडारी, उर्मिला व ताज बाबू शामिल रहे।

**उदासीनता** | पिछले वर्ष तीन जून को महापौर, मंडलायुक्त ने ई बाइक चलाकर किया था आरंभ

# बेमतलब साबित हो रही ई-बाइक की सुविधा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद





पीली कोठी स्थित ई-बाइक स्टेशन पर खड़ी ई बाइक। ● अमृत विचार

- प्रदूषण मुक्त महानगर के लिए शुरू की गई थी ई बाइक शेयरिंग परियोजना

**यह है दर**

- ☞ पहले 30 मिनट के लिए 2 रुपये
- ☞ 60 मिनट तक के लिए 5 रुपये
- ☞ 120 मिनट के लिए 10 रुपये
- ☞ एक से तीन घंटे के लिए 25 रुपये
- ☞ एक से चार घंटे के लिए 50 रुपये
- ☞ 4 से 6 घंटे के लिए 100 रुपये
- ☞ 6 से 8 घंटे के लिए 200 रुपये

**अमृत विचार:** महानगर में स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत 3.54 करोड़ रुपये की लागत से ई बाइक शेयरिंग परियोजना की शुरुआत हुई। इसके अन्तर्गत पीलीकोठी, चौधरी चरण सिंह चौक, कांठ रोड सहित महानगर में 35 जगहों पर ई बाइक शेयरिंग सेंटर खोले गए। इस ई बाइक का उद्देश्य महानगर को वाहनों के प्रदूषण मुक्त रखना था। लेकिन, अब इसकी पूछ काफी कम होने से यह बेमतलब साबित हो रही है।

महानगर के चौधरी चरण सिंह चौक, पीलीकोठी, कांठ रोड सहित 35 स्थानों पर ई बाइक शेयरिंग परियोजना के अन्तर्गत ई बाइक जिसे चार्ज कर चलाया जाता है का संचालन हो रहा है। इसकी लांचिंग पिछले साल तीन जून को विश्व साइकिल दिवस पर मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, तत्कालीन जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने ई बाइक चलाकर की थी। इसके लिए बने सेंटर पर किराए पर ई बाइक लेकर महानगर के दायरे में घूमा जा सकता है। कांठ रोड, पीलीकोठी के पास बने सेंटर पर कोई ई बाइक लेने के लिए नहीं आ रहा है। स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांशु पटेल के अनुसार ई-बाइक शेयरिंग की सुविधा सबके लिए सस्ते दर पर किराए पर सुलभ है। महानगर के लोगों को इसका लाभ उठाना चाहिए।

## कांस्टेबल की पत्नी ने दर्ज कराई एफआईआर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मार्ग दुर्घटना में मृत कांस्टेबल की पत्नी मानसी ने पाकबड़ा थाने में डीसीएम चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

कांस्टेबल छुट्टी लेकर 18 मई को अपने घर जा रहे थे। वह बुलंदशहर जिले के अहमदगढ़ थाना क्षेत्र में असरफाबाद खेलिया कल्याणपुर के रहने वाले थे। वह पीलीभीत जिले में यूपी डॉयल-112 में तैनात थे। रोडवेज बस से वह घर जा रहे थे। रास्ते में यात्रियों को लघुशंका कराने के लिए बस मुरादाबाद में पाकबड़ा क्षेत्र में डिजाइनको कंपनी के पास आकर रुकी थी। इस दौरान कांस्टेबल बस से उतरकर उसके पीछे खड़ा हो गया था, तभी मुरादाबाद की ओर से आ रही डीसीएम (डीएल-1-एस-1844) ने उन्हें रौंद दिया था। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

# ऋण वाले भूखंड को खरीद कर फंसा नन्हूं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीड़ित बोला- आरोपी अधिवक्ता बताकर दे रहा धमकी
- 31.10 लाख में आजाद नगर में खरीदा था प्लाट

**अमृत विचार :** धीमरी गांव के नन्हूं ने धोखाधड़ी के आरोप में जिगर कॉलोनी के जब्बार व उसकी पत्नी मुजम्मिल फात्मा के विरुद्ध मझोला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि जब्बार ने एमआईजी भूखंड-328 रकबा 174.375 वर्ग मीटर उसके नाम से धोखे से बेच दिया। पीड़ित ने इसके बदले उसे 3.11 लाख रुपये दिए थे। मकान बनाने पहुंचा तो पीएनबी शाखा के प्रबंधक ने मौके पर पहुंचकर इस पर 18 लाख रुपये लोन बताकर निर्माण कार्य रुकवा दिया।

नन्हूं ने बताया कि संबंधित प्लाट आजाद नगर आवासीय योजना एमडीए कॉलोनी में है। इसका सौदा विक्रेता के पति जब्बार पुत्र सत्तार ने अपने आवास पर बुलाकर किया था और प्लाट की मालकिन अपनी पत्नी मुजम्मिल फात्मा को बताया था। जब्बार से और उसके बीच प्लाट का सौदा 31.10 लाख रुपये में हुआ था। नन्हूं के मुताबिक, उसने प्लाट का मूल बैनामा जब्बार से मांगा तो उसने कागजात खो जाने की बात कह कर मामले को टाल दिया। बाद में जब्बार ने बैनामे की फोटो कॉपी से 27 अक्टूबर 2021 को नन्हूं के नाम संबंधित प्लाट की रजिस्ट्री करा दी थी। कुछ दिन बाद जब नन्हूं ने प्लाट पर निर्माण कार्य शुरू कराया तो पंजाब नेशनल बैंक शाखा सिविल लाइंस के प्रबंधक वहां आ गए और काम को रोकने लगे। उन्होंने बताया कि इस प्लाट पर उनकी बैंक का 18 लाख रुपये का लोन है। नन्हूं ने यह बात जब्बार से पूछी तो आरोपी दंपति उसे धमकाने लगे। कहा, एक-दो महीने में लोन अदा कर देंगे। लेकिन, इसने आज तक बैंक का लोन अदा नहीं किया है। नन्हूं ने बताया कि वह 28 फरवरी को एक बार फिर मुजम्मिल फात्मा और जब्बार के पास गए थे और पैसे जमा करने के लिए कहा था। तो जब्बार ने धमकाया कि दोबारा आया तो किसी भी झूठे मुकदमे में फंसा देगा और रुपये भी नहीं लौटाए। नन्हूं ने बताया कि जब्बार ने उसे धमकाया कि वह कचहरी में वकालत कर रहा है, उसका कुछ नहीं बिगड़ेगा। इस मामले में मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि नन्हूं की तरफ से आरोपी दंपती के विरुद्ध धोखाधड़ी व अन्य आरोपों के तहत नामजद मामला दर्ज किया है।

## एक नजर

### भीषण गर्मी में 12 घंटे गुल रही बिजली, लोग परेशान

**भगतपुर, अमृत विचार :** अलीगंज बुद्धानपुर पावर सब स्टेशन से थाना भगतपुर क्षेत्र के कई गांवों में दिन रात विद्युत कटौती हो रही है जिससे उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। भीषण गर्मी के चलते विद्युत विभाग द्वारा बुधवार को 12 घंटे की कटौती की गई। जिससे बुद्धानपुर अलीगंज पॉवर सब स्टेशन से लगने वाले दर्जनों से अधिक गांव के उपभोक्ता परेशान रहे।

### नकदी व आभूषण चोरी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए नकदी व जेवरात चोरी कर लिए। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुनीमपुर निवासी कोमल सिंह पुत्र दिनेश कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि देर रात मकान में चोरों ने घर के अंदर रखे सोने के कानों के कुंडल, नाक के दो फूल, टीका, दो अंगूठी व 48 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली। साथ ही पड़ोसी योगेंद्र पुत्र जसवंत सिंह के घर से भी चांदी की एक अंगूठी, दो जोड़ी पाजेब और 42 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### स्कूटी फिसलने से घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिसमें स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली के गांव रतुपुरा क्षेत्र निवासी लोकेंद्र कुमार कमलपुरी से होते हुए मंडी समिति रोड पर आ रहा था। इसी दौरान नहर किनारे अचानक स्कूटी अनियंत्रित हो सड़क पर गिर गई जिसमें लोकेंद्र घायल हो गया घायल अवस्था में रहगीरों ने लोकेंद्र को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

### तमंचे सहित एक गिरफ्तार

**कुंदरकी, अमृत विचार :** बुधवार को कुंदरकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी करते हुए दबिश देकर एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से एक तमंचा और 2 कारतूस बरामद हुए है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए युवक जिसने अपना नाम जानेआलम पुत्र नसीम निवासी मोहल्ला कायस्थान कस्बा व थाना कुंदरकी बताया है को संदिग्ध परिस्थितियों में गिरफ्तार किया गया था। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा और 2 कारतूस बरामद हुए हैं।

# मंडी समिति में दो खरीद केंद्र पर हुई मात्र 16 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद

## गेहूं खरीद केंद्रों पर पसरा सन्नाटा, बाजार में गेहूं बेच रहे किसान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** रतुपुरा रोड स्थित मंडी समिति में सरकार के निर्देश पर गेहूं खरीद केंद्र खोले गए हैं। जिस पर अभी तक मंडी समिति में लगे दो गेहूं खरीद केंद्रों पर मात्र 16 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद की गई है। यह खरीद तब हुई है जब अधिकारियों व कर्मचारियों ने गांव-गांव जाकर किसानों से अपना गेहूं सरकारी गेहूं खरीद केंद्र पर बेचने के लिए संपर्क किया।



ठाकुरद्वारा मंडी समिति में गेहूं खरीद केंद्र पर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

केंद्र सरकार द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। जब तक बाजार भाव समर्थन मूल्य से बाजार में कम रहा तब तक किसान अपना गेहूं लेकर सरकारी केंद्रों पर लेकर पहुंचे। बाजार भाव 23 सौ रुपये से ऊपर पहुंचने पर किसानों ने सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों की ओर से अपना मुंह मोड़ लिया। इसके बाद किसानों ने महंगे दामों में खुले बाजार में गेहूं बेचना शुरू कर दिया। जिससे सरकारी गेहूं खरीद केन्द्रों पर सन्नाटा छा गया।

एसएमआई नरेंद्र सिंह ने बताया कि रतूपुरा रोड स्थित मंडी समिति में खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा तीन गेहूं खरीद केंद्र संचालित हैं। जिसमें एक केंद्र संचालित नहीं हो सका, मात्र दो केंद्रों पर ही गेहूं खरीद की गई है। इतनी भी गेहूं खरीद टीम के साथ-साथ गांव-गांव जाकर किसानों से जनसंपर्क करने पर हुई है। वहीं अचानक बाजार भाव अधिक होने के कारण किसानों ने सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों पर गेहूं लाना बंद कर दिया। बुधवार को मंडी समिति में लगे दोनों गेहूं खरीद केन्द्रों पर सन्नाटा छाया रहा। मेज कुर्सी तो पड़ी थी लेकिन कर्मचारी भी गायब थे।

**चिंताजनक**

- अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए लक्ष्य पूरा करना मुश्किल
- गेहूं खरीद केंद्रों पर नहीं पहुंच रहे किसान, कर्मचारी नदारद

### मरम्मत के अभाव में शोपीस बनीं स्ट्रीट लाइटें

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र में चौक चौराहे को रोशनी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगाई गई हाई मास्क लाइट शोपीस बन कर रह गई हैं।

वर्तमान विधायक कमाल अख्तर व सांसद डॉ. एसटी हसन के निर्देश पर क्षेत्र के धारक नंगला पुलिस बूथ एवं रामलीला चौक पर सांसद कोष से हाई मास्ट लाइटें लगी थीं। लेकिन, एक साल से लाइट शोपीस बनकर रह गई हैं। स्थानीय लोगों की माने तो धारक नंगला रामलीला चौक पर लगी लाइट एक साल से अधिक समय से एक बार भी सही से नहीं जली। जबकि, धारक नंगला पुलिस बूथ के पास लगी लाइट के एक बार खराब होने पर लोगों ने इसकी मरम्मत कराई थी। जबकि इन्हें लगाने में लाखों की धनराशि खर्च की गई थी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों ने इस संबंध में विधायक व सांसद को अवगत कराया था, लेकिन परिणाम शून्य निकला। स्थानीय निवासी विकास कुमार, विक्रम सिंह, अकबर अली, विजेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, आकाश कुमार, अमन, राजवीर सिंह, शाकिर अली आदि ने लाइटों को सही कराने की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### भाकियू टिकैत के तहसील अध्यक्ष ने किया भूसा दान



भूसा दान करने पर प्रशस्ति पत्र देते एसडीएम विनय कुमार।

**कांठ, अमृत विचार :** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तहसील अध्यक्ष ने गोशाला को 11 क्विंटल भूसा दान किया। भूसा दान करने पर एसडीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शासन के निर्देशों पर जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह द्वारा भूसा दान महाअभियान में लगातार किसान आगे आकर भूसा दान कर रहे हैं। कान्हा गोशाला गोविंदपुर में संचालित अस्थाई गोशाला में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तहसील अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह विश्नोई ने 11 क्विंटल भूसा दान किया। भूसा दान करने पर एसडीएम कांठ विनय कुमार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने किसानों से आग्रह किया कि अपने क्षेत्र से संबंधित गोशाला में अधिक से अधिक भूसा दान करें, जिससे गोवंश को भरपेट भोजन मिल सके। भाकियू टिकैत तहसील अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह ने अपील की कि किसानों को भूसा दान करने में सहयोग करना चाहिए।

### ऑडियो वायरल करने के मामले में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तीन महिलाओं की घरेलू बातचीत की ऑडियो बनाकर वायरल करने के मामले में गांव के तीन लोगों के विरुद्ध महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूरजन नगर चौकी क्षेत्र के गांव की महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मई को वह अपनी बहन व जेठानी के साथ घर में बैठी हंसी मजाक कर बात कर रहीं थी। इसी दौरान रामफूल, अनुज उर्फ लाला पुत्र रामावतार व नकुल पुत्र वीर सिंह ने उनकी बातचीत की ऑडियो बना ली। नकुल से ऑडियो इन तीनों ने व्हाट्सएप ग्रुपों पर वायरल कर दी। जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हुई है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



पौधरोपण करते क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

### अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने किया पौधरोपण

**कांठ, अमृत विचार :** महाराणा प्रताप जयंती पर चल रहे सेवा समर्पण पखवाड़े के तहत अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा पौधरोपण किया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के नेतृत्व में बुधवार को महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर सेवा समर्पण पखवाड़े के तहत लाडलावाद स्थित शिव प्रकटशेश्वर मंदिर के परिसर में महंत गंगा दास महाराज के सानिध्य में पौधरोपण का कार्य किया गया। इस अवसर महंत गंगादास ने कहाकि प्रकृति हमें बहुत कुछ देती है। पेड़ पौधे मनुष्य को जीवन देते हैं। इसलिए हमें अधिक संख्या में पौधे लगाने चाहिए। साथ ही उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। इस अवसर पर महासभा के तहसील अध्यक्ष डॉ. अशोक चौहान, सर्वश्रेष्ठ चौहान, सतपाल एवं महिपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



फीता काट कर एटीएम का उद्घाटन करते कुंवर सुरेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

### पंजाब नेशनल बैंक के नए एटीएम का उद्घाटन

**कांठ, अमृत विचार :** नगर स्थित पंजाब नेशनल बैंक में फीता काटकर एटीएम मशीन का उद्घाटन किया गया। पंजाब नेशनल बैंक की कांठ शाखा में ग्राहकों की सुविधा के लिए एटीएम मशीन लगाई गई है। जिसका आरंभ समाजसेवी सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य कुंवर सुरेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारियों ने शाखा परिसर में एटीएम लगाकर बहुत अच्छा कार्य किया है। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक धीरज कुमार सिंह ने कहा कि ग्राहक सेवा करना बैंक का सर्वोत्तम लक्ष्य है। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक अश्वनी यादव, उप प्रबंधक नवनीत कुमार, कैशियर मोहम्मद इशरत, संजीव गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



टीकाकरण का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### गर्भवती महिलाओं व बच्चों का टीकाकरण किया

**कांठ, अमृत विचार :** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण का अभियान चलाया। इस अवसर पर 35 स्थानों पर टीकाकरण किया गया। मंडल आयुक्त के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ व क्षेत्र में बुधवार को नगर पंचायत ऊमरी कलां, सिरसा, कोठी, नयागांव, कुचावली, खूंट खेड़ा, नसीरपुर, गोपालपुर, गढ़ी, ढाकी, मुख्तियारपुर नवादा, सलेमपुर, शाहदोली, कूड़ा मीरपुर, शेरपुर, शाहपुर अब्दुल बारी, शाहपुर दयानतपुर, सदरपुर, भीकनपुर, फूलपुर मिठनपुर, फोल्डा पट्टी, चंगेरी, मौढा तैहिया, फतेहपुर बिश्नोई, किशनपुर, बेगमपुर, पैगंबरपुर सहित क्षेत्र में 35 स्थान पर शिविर लगाकर छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह, यूनिसेफ की बीएमसी रेखा पटेल, बीपीएम चंद्रशेखर यादव ने क्षेत्र में घूम कर टीकाकरण कार्य का निरीक्षण किया और जन्म से लेकर 5 वर्ष तक के सभी बच्चे और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण करने के निर्देश कर्मचारियों को दिए। इस पर वरिष्ठ फार्मासिस्ट भगवान सिंह एवं स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### छेड़छाड़ के आरोप में रिपोर्ट दर्ज

**डिलारी, अमृत विचार :** थाना पुलिस ने छेड़छाड़ के मामले में महिला समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी 25 वर्षीय युवती ने अपने पैरों से मोजे निकाल कर नीचे रख दिए जिस पर पड़ोसी बाबू ने ऐतराज किया। इसी पर मामला गाली गलौज से होते हुए मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि बाबू ने युवती को पीटना शुरू कर दिया व अश्लील हरकतें करते हुए कपड़े फाड़ दिए। चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंचकर युवती को बचाया। पीड़िता ने थाना डिलारी में इरफान बाबू, नूरुल, शहनाज के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# चंगेरी में शराब के ठेके का किया विरोध

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** थाना छजलैट के ग्राम चंगेरी में खुले अंग्रेजी शराब के ठेके का ग्रामीणों ने आबकारी विभाग के अधिकारियों के सामने विरोध किया। इस दौरान ग्रामीणों ने शराब के ठेके को बंद करने की मांग की।

थाना छजलैट के ग्राम चंगेरी में अंग्रेजी शराब की दुकान के ठेके को लेकर पहले से ही काफी हंगामा चल रहा है। बुधवार दोपहर में भी आबकारी विभाग के कुछ अधिकारी इसकी जांच करने के लिए जब चंगेरी गांव पहुंचे तो ग्रामीणों एवं महिलाओं ने इकट्ठा होकर आबकारी विभाग के अधिकारियों के सामने शराब की दुकान का जमकर विरोध किया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस दौरान महिलाओं से अभद्रता की गई। अभद्रता देख पूरा गांव



चंगेरी गांव में शराब के ठेके का विरोध करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- आबकारी अधिकारियों से ग्रामीणों ने की ठेका बंद कराने की मांग

एकजुट हो गया। इसके बाबजूद भी दुकान का निर्माण नहीं रोका गया।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में जहां शराब की दुकान खोली जा रही है, वहां पर चार-पांच स्कूल हैं और आसपास के 12- 15 गांव के बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं, जिससे बच्चों पर इसका बहुत ही गलत असर होगा। साथ ही आसपास के गांवों का भी माहौल खराब हो सकता है।

# डायट में मंडलीय आईसीटी कार्यशाला हुई, दिए टिप्स

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में मंडलीय आईसीटी पर आधारित शिक्षक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ संस्थान के उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता ने दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि वर्तमान समय में आईटीसी प्रशिक्षण समय की आवश्यकता है, इसलिए सभी को इसमें शामिल करना आवश्यक है। इस अवसर पर प्रशिक्षण में बिजनौर के उप प्राचार्य महावीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुरादाबाद अजीत कुमार, डॉ. मोनिका बीएसए अमरोहा व बीएसए रामपुर संजीव कुमार ने अपने विचार व्यक्त किए।

वक्ताओं ने प्रशिक्षण में शिक्षा के क्षेत्र में आईसीटी की भूमिका के बारे में बताया। शिव नादर फाऊंडेशन, खान अकादमी आदि के सदस्यों रुचि गोयल, मोहम्मद ताहिर, शैलेंद्र, राजेंद्र प्रसाद, अंकित कुमार, राहुल द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डायट के प्रशिक्षण प्रभारी वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह रावत, डॉ. अनिल कुमार यादव, डॉ. नेहा इकबाल, डॉ. सुनील कुमार, आशुतोष त्यागी, राशिद अली, डॉ. स्नेह लता राव, पुलकित शर्मा, अजय विक्रम सिंह, शीतल कुमार, डॉ. लोकेंद्र कुमार, मुकुल कौशिक आदि उपस्थित रहे। संचालन प्रवक्ता अभिषेक भारद्वाज ने किया। डायट प्रशिक्षु रिया कश्यप, खुशी भार्गव, नेहा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मरजीना, प्रियंका, इरम द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।



एसडीएम से मुलाकात करते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# भाकियू टिकैत ने समस्याओं के समाधान की मांग की

संवाददाता, कांठ/ बिलारी

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा एसडीएम को प्रेषित किए गए ज्ञापन में सिंचाई के लिए नहरों में पानी उपलब्ध कराने, नलकूपों पर विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने आदि की मांग की। इस अवसर पर चौधरी ऋषिपाल सिंह, चौधरी हरदीप सिंह, दर्शन सिंह, राम कला सिंह गुर्जर, कुलदीप सिंह, भविष्य बिश्नोई, अरविंद बिश्नोई जॉनी, प्रिंस चौधरी, अमन ढिल्लों आदि उपस्थित रहे। वहीं बिलारी में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक हुई जिसमें टीम का विस्तार किया गया। जिसमें जिसमें बहादुरपुर विचोला कुंदरकी के ग्राम प्रधान माजिद हुसैन अंसारी को ब्लॉक अध्यक्ष का दायित्व सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोज कुमार व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### आपसी कलह में श्रमिक ने फंदे से लटककर दी जान

**छजलैट, अमृत विचार :** काफी समय से पति-पत्नी में घरेलू विवाद चल रहा था जिसको लेकर पति ने फंदे से लटकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना छजलैट के ग्राम निवासी रिजवान (32) पुत्र स्वर्गीय इसरार नशे का आदी था।

इसी बात को लेकर पति-पत्नी में आए दिन कलह होती रहती थी। ग्रामीणों ने भी कई बार श्रमिक को समझने का प्रयास किया लेकिन विफल रहे। रिजवान ने बुधवार को दिन में लगभग 12:30 बजे कमरे की कुंडी बंद करके फंदे से लटकर जान दे दी। जब उसकी पत्नी ने दरवाजा खोलने के लिए कहा तो अंदर से कोई भी आवाज नहीं आई। शोर मचाने पर परिजनों व अन्य लोगों ने कमरे में झांककर देखा तो रिजवान कुंदे से लटका दिखाई दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रिजवान के शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



ठाकुरद्वारा बार सभागार में अधिवक्ताओं को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

# भ्रष्टाचार पर अधिवक्ताओं का धरना-प्रदर्शन जारी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर के विभिन्न कार्यालय में चल रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिवक्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। जिसके चलते दूसरे दिन अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर निगरानी समिति का गठन किया है।

बुधवार को अधिवक्ता डिप्टी एसपी कार्यालय के पीछे एकत्रित हुए और कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। बाद में बैठक कर अधिवक्ताओं ने कहा कि लगातार कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम जब तक भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगता अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। साथ ही इसके लिए एक निगरानी कमेटी गठित की गई है। जिसमें योगेंद्र यादव, मनोज यादव, वेद प्रकाश, मुजाहिद अली, सलमान सैफी, मोहम्मद आकिब, सरफराज हुसैन, मोहसिन अमीर, कपिल शर्मा व मोहम्मद राजा शामिल हैं।

### सेवानिवृत्त शिक्षक के निधन पर जताया शोक

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला गल्ला स्टोर निवासी राजकीय इंटर कॉलेज शिक्षक खालिद इमाम का निधन होने से शिक्षा जगत में शोक है। बुधवार को उनके निधन पर शिक्षक नेताओं ने शोक व्यक्त किया।

खालिद इमाम वर्ष 2013 में उत्तराखंड से यूपी कैडर में आए थे। वह राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट में प्रभारी प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत रहे। वह 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत हुए। बीमारी के चलते उनका बुधवार को निधन हो गया। जिस पर शिक्षक नेताओं ने शोक व्यक्त किया। इस दौरान शिक्षक नेता राजीव कुमार शर्मा, रघुपति देव प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज नगलियाजट, रामकिशन प्रधानाचार्य राम रतन इंटर कॉलेज बिलारी, सुनीता राठौर प्रधानाचार्य शंकर सहाय कन्या इंटर कॉलेज बिलारी, मृदुल दीक्षित सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य, अभिषेक मिश्रा,वंदना शर्मा आदि ने शिक्षक के निधन पर शोक व्यक्त किया।

**बेखौफ माफिया** रात व दिन में धड़ल्ले से कर रहे मिट्टी का अवैध खनन

# क्षेत्र में परमिशन की आड़ में खेल जारी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** क्षेत्र में इन दिनों मिट्टी के अवैध खनन का कारोबार बिना किसी रोकटोक के खुलेआम चल रहा है। शाम ढलते ही कई जगहों पर गांवों में जेसीबी से मिट्टी खनन कर टैक्टर-ट्रॉली भरकर दौड़ना शुरू हो जाती हैं।

कुछ मिट्टी माफिया बेधड़क बिना किसी नियम कानून की परवाह किए अवैध खनन का कारोबार कर रहे है। क्षेत्र के आसपास शाम ढलते ही डंपर रातभर मिट्टी भरकर गांवों में होकर दौड़ते हैं। जिससे ग्रामीणों का चलना मुश्किल हो रहा है। क्षेत्र में कई जगहों पर परमिशन के नाम पर अवैध रूप से खनन किया जा रहा है। अवैध खनन को लेकर प्रशासन पूरी तरह से खामोश नज़र आ रहा है। खनन कारोबारी जो परमिशन लेते हैं उसी की आड़ में अक्सर वह काम से चौगुनी मिट्टी व बालू खेतों और नदियों से निकालकर निजी प्लॉट आदि में डाल रहे हैं। वही ओवरलोड खनन कारोबार में लगे टैक्टर-ट्रॉली से उड़ने वाली धूल से ग्रामीण परेशान हैं। यह धूल उनके स्वास्थ्य को प्रभावित करने के साथ-साथ घरों में घुस रही है।



ठाकुरद्वारा क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्राली में मिट्टी भरतीं मशीन। ● अमृत विचार

> मिट्टी डालने की परमिशन सिर्फ सरकारी कार्यों के लिए ही दी जा रही है। रात्रि में मिट्टी डालने की कोई परमिशन नहीं दी जा रही है। अगर कोई भी व्यक्ति रात्रि में सरकारी स्थान पर मिट्टी डालता हुआ पकड़ा गया तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी। कमर्शियल मिट्टी के लिए कोई परमिशन नहीं दी जा रही है। इसके लिए अभियान चलाकर कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी
>
> **- अजय कुमार मिश्रा,** उप जिलाधिकारी ठाकुरद्वारा

### चोरों ने घर से नकदी सहित आभूषण चुराए

**भगतपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव आधोनगली में मंगलवार की देर रात्रि को चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए घर में रखी अलमारी को तोड़कर नक़दी सहित लाखों के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिए।

आधोनगली निवासी कमलदीप कश्यप के अनुसार वह अपने परिवार के साथ घर के आंगन में सो रहा था। मंगलवार की देर रात्रि को चोरों ने घटना को अंजाम दिया।

बुधवार की सुबह को कमलदीप और उसकी पत्नी उठी तो देखा घर के कमरे का ताला टूटा पड़ा है और समान इधर उधर बिखरा पड़ा है। दोनों ने जब कमरे के अंदर जाकर देखा तो अलमारी से लगभग तीन तोले सोना, नौ हज़ार रुपये नकद और कपड़े चोरी हो गए थे। पीड़ित ने भगतपुर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# श्रीराम कथा के अंतिम दिवस पर संपूर्ण रामायण का वर्णन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** नगर के श्री रामलीला मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के अंतिम दिवस सीता हरण से लेकर सम्पूर्ण रामायण का वर्णन किया गया।

नगर के श्री रामलीला मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के अंतिम दिन बिजनौर के विख्यात कथा वाचक कृष्णकांत शास्त्री ने रामलीला परिसर में अमृत वर्षा करते हुए कहा कि दंडकवन में रावण की बहन शूर्पणखा की नाक काटने के उपरांत, खर-दूषण के वध का समाचार लेकर शूर्पणखा अपने भाई लंकापति रावण के पास पहुंचकर उन्हें भड़काती है और सीता की सुंदरता की तारीफ करती है। इसके बाद रावण धोखे से सीता का अपहरण कर लंका में ले आता है। वहीं श्रीराम और लक्ष्मण सीता की खोज में निकल पड़ते हैं। इस दौरान उन्हें हनुमान जी मिलते हैं जो सुग्रीव की मदद से माता सीता को खोजने में सहायता करते हैं। रावण द्वारा सीता को न लौटाने पर विभीषण भी दुत्कारे जाने पर भगवान राम की शरण में चले जाते हैं। वहीं राम व रावण के बीच युद्ध होता है। जिसमें रावण के पुत्र व भाई और सगे संबंधी मारे जाते हैं। अंत में प्रभु श्रीराम रावण का भी वध कर देते हैं। रावण का वध करने के उपरांत भगवान श्रीराम, पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ पुष्पक विमान में बैठकर अयोध्या पहुंचते हैं, जहां उनका धूमधाम से राज्याभिषेक होता है। इस दौरान धर्मपाल सिंह चौहान, मुकेश माहेश्वरी, विजय कुमार, सुरेंद्र सिंह चौहान, हरपाल चौहान, भूपेंद्र सिंह और टिल्लू चौहान, शिशु चौहान, मधु चौहान, विनोद नंबरदार, मनोज पहलवान, राजीव लोहिया आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री अब्दुल वहीद** द्वारा **संस्था मौहम्मदी मस्जिद कमेटी, नई बस्ती निकट कब्रिस्तान पटटी मौढा कस्बा कांठ, जनपद मुरादाबाद** का **सदर** दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. अब्दुल वहीद- सदर, 2. मौ0 इरफान- नायाब सदर, 3. मुदस्सिर हुसैन खजांची, 4. मौ० जाफर, 5. तसलीम अहमद, 6. अब्दुल लतीफ, 7. फयाजुददीन, 8. इस्लामुददीन, 9. मौ० अनवर, 10. नवी जान, 11. मौह० शाहिद- सदस्य दर्शाये गये है। अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो०रजि०एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से (आनन्द विक्रम सिंह) सहायक निबन्धक**

# अभी कई दिन नहीं मिलेगी भीषण गर्मी से राहत

## अधिकतम तापमान रहा 42 डिग्री सेल्सियस, छत पर रखी टंकियों का पानी हो रहा गर्म

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी से इंसान व पशु-पक्षी बेहाल हैं। सुबह नौ बजे से ही सूरज आग उगलने लग रहा है। उसके बाद गर्म हवा के थपेड़े कसर पूरी कर दे रहे हैं। बुधवार को पारा 42 डिग्री तक पहुंच गया।

जिला कृषि अधिकारी बबलू कुमार ने बताया कि अभी लोगों को गर्मी से राहत मिलने के आसार भी नहीं दिख रहे हैं। भीषण गर्मी की वजह से दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। इक्का-दुक्का लोग ही सड़क पर दिखाई देते हैं। भीषण गर्मी में लोगों को दिन काटना मुश्किल हो रहा है। तपन व तेज धूप से घरों की छत पर रखी पानी टंकियों में पानी गर्म हो जाता है। दोपहर में लोग घर से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं। बुधवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा। मजदूर से लेकर कारोबारी तक तीखी धूप व गर्म हवा का कहर झेल रहे हैं। शहर से लेकर गांव तक के बाजारों व सड़कों पर दोपहर में सन्नाटा पसर जा रहा है। सड़क पर वाहनों की रफ्तार भी धीमी पड़ जा रही है। जिनको जरूरी का होता है, वहीं घर से बाहर निकलते हैं। दोपहर में 11 बजे के बाद घर से निकलना लोगों के लिए दुश्वार हो गया है। दोपहर में गर्म हवा के थपेड़ों से होठ भी सूखने लगते हैं।



गजरौला में धूप से बचने के लिए मुंह पर कपड़ा बांधकर जाती युवतियां। ● अमृत विचार



बुरावली में जलता ट्रांसफार्मर।

### 20 दिनों में 221 ट्रांसफार्मर खराब

**गजरौला, अमृत विचार :** पिछले वर्ष अप्रैल में 308 व मई में 216 खराब ट्रांसफार्मर जनपद के वर्कशॉप में पहुंचे थे। लेकिन इस बार अप्रैल में 335 व मई के 20 दिनों में 221 खराब ट्रांसफार्मर में पहुंच चुके हैं। ऐसी स्थिति में वर्कशॉप में ट्रांसफार्मरों को ठीक करने का लोड भी बढ़ गया है। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के खराब ट्रांसफार्मरों को ठीक करने के लिए वर्कशॉप है। यहां पर जनपद के खराब ट्रांसफार्मर ठीक किए जाते हैं। पिछले 20 दिनों में 221 ट्रांसफार्मर पहुंचे हैं। ज्यादातर खराब ट्रांसफॉर्म हसनपुर क्षेत्र के है। अधिकारियों ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ ही टांसफार्मर पर लोड बढ़ा है। वर्कशॉप प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि गर्मी के चलते ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ने से टांसफार्मर खराब हो रहे हैं। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक उन्हें क्षमता के अनुसार पूरे वोल्टेज नहीं मिल पा रहे हैं। जिसकी वजह से टांसफार्मर खराब हो रहे हैं।

### ट्रांसफार्मर जलने से मोहल्ले में अंधेरा

**बुरावली, अमृत विचार :** बुरावली में हाजी नन्हे के घर के निकट रखा ट्रांसफार्मर मंगलवार रात जल गया। जो कि बुधवार शाम तक ठीक नहीं हो पाया था। ट्रांसफार्मर के जलने से मोहल्ले वासियों को प्रकाश व्यवस्था समेत पानी आदि के लिए परेशानी झेलनी पड़ी। ट्रांसफार्मर जलने की सूचना मोहल्ले वासियों ने बुरावली उपकेंद्र को दी। इसके बावजूद भी ट्रांसफार्मर बदला नहीं जा सका। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द जला ट्रांसफार्मर बदले जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने पर विभागीय अधिकारी समस्या का समाधान नहीं करते हैं। जब तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला जाएगा, उन्हें परेशान होना पड़ेगा।

## एक नजर

### सड़क किनारे पेड़ों में लगी आग

**हसनपुर, अमृत विचार :** संभल मार्ग पर सड़क किनारे पेडों में आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। बुधवार को संभल मार्ग स्थित ग्राम काला खेड़ा के बीच में सड़क किनारे लगे पेड़ों में आग लग गई। सड़क किनारे आग लगने के कारण हड़कंप मंच गया। आग के कारण मार्ग पर गुजरने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। राहगीरों ने सड़क किनारे पेड़ों में आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है किसी असामाजिक तत्व ने पेड़ों में आग लगाई है। दमकल विभाग के कर्मचारी उस्मान ने बताया कि संभल मार्ग स्थित सड़क किनारे पेड़ों में आग लगी थी। टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

### दो बाइकों की टक्कर में दो लोग घायल

**बुरावली, अमृत विचार :** हसनपुर-अलीगढ़ मार्ग पर दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई। जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने हसनपुर रेफर कर दिया। मंगलवार रात 10 बजे प्रदीप व आकाश निवासी दौरारा दोनों बाइक से अपनी दुकान बुरावली को आ रहे थे। तभी महेंद्र पुत्र महावीर निवासी बुरावली पुलिया पर ग्रीन कॉलोनी के निकट अपनी बाइक से रोड पार कर रहा था, तभी दोनों बाइकों में आपस में भिड़ंत हो गई। जिससे आकाश निवासी दौरारा व महेंद्र निवासी बुरावली गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को हसनपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है।

### सात दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज से

**गजरौला, अमृत विचार :** गंगा धाम तिगरी में सात दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गुरुवार से होगा। शिविर का आयोजन श्री चव्वा सिंह ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। शिविर में संचालक डॉ. आरपी दक्ष द्वारा सर्वाइकल दर्द, सियाटिका दर्द, सिर, कमर, जोड़ों का दर्द आदि का उपचार किया जाएगा। गांव स्थित सरकारी अस्पताल के पास बने सेंटर पर यह शिविर लगेगा।

अमरोहा की खबरें पेज 9 पर भी।

# दो ठेकेदारों को काम पूरा न करने पर किया ब्लैकलिस्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**कार्रवाई**
- इंटर लॉकिंग और सड़क बनाने के 2022 में हुए थे टेंडर
- दोनों ठेकेदारों की जमानत राशि जब्त करने के निर्देश

**अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के तहत नगर पालिका द्वारा बिजनौर रोड पर पर इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना था। इस कार्य का टेंडर दो ठेकेदारों व उनकी फर्म को दिया गया था। लेकिन ठेकेदारों ने काम नहीं किया। जिस कारण नगर पालिका ने दोनों ठेकेदारों को ब्लैकलिस्टेड घोषित कर दिया है।

बुधवार को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि बिजनौर रोड पर किसान पेट्रोल पंप से शाह विलायत दरगाह तक की साइड पटरी पर इंटरलॉकिंग का कार्य और कैलसा रोड बाईपास पर एचपी पेट्रोल पंप कैलसा मुख्य मार्ग पर इंटरलॉकिंग का व मोहल्ला घेर परछायों में तीन सड़कों के निर्माण का कार्य होना था। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि इस निर्माण कार्य का टेंडर 2022 में हो चुके थे। उन्होंने कहा कि इनका कार्य समय से प्रारंभ नहीं किया गया। जिस पर दोनों ठेकेदारों और उनकी फर्म को ब्लैक लिस्ट कर दिया है। उनकी जमानत राशि को जब्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न कार्यों के अंतर्गत पालिका क्षेत्र में जितने भी कार्य कराए जा रहे हैं। उन समस्त कार्यों को निर्धारित मापदंडों के अनुसार निर्धारित समय की अवधि में पूर्ण करवाया जाए। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### टीबी के मरीजों को पोषण पोटली बांटी

**हसनपुर, अमृत विचार :** टीबी रोग कार्यक्रम के तहत सीएचसी हसनपुर में टीबी के मरीजों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा पोषण पोटली का वितरण किया।

बुधवार को सीएचसी में टीबी रोग के तहत गोष्ठी हुई। जिसमें जिला टीबी रोग अधिकारी डॉ. विशाल त्रिवेदी ने मरीजों को रोग से बचने हेतु सुझाव दिए तथा बताया कि सरकार बीमारी को खत्म करने को गंभीर है। सरकारी अस्पतालों में इसकी दवाई उपलब्ध है। जो इस बीमारी से ग्रस्त हैं, वह समय से दवा का सेवन करें। रश्मि प्रोजक्ट के माध्यम से 1000 टीबी के मरीजों को निश्चय पोषण पोटली का वितरण किया जा रहा है। हसनपुर क्षेत्र में 100 मरीजों को पोटली का वितरण किया। इस मौके पर सीएचसी प्रभारी डॉ. ध्रुवेंद्र सिंह, जिला प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर राजू यादव, डीपीपीएमसी वीरपाल सिंह, अजय सिंह, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक अनुपम, वरिष्ठ टीवी लैब पर्यवेक्षक अतुल शर्मा, टीबी लैब टेक्नीशियन रिफाकात हुसैन आदि मौजूद रहे।



हसनपुर में भाकियू शंकर की बैठक में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

# निर्बाध विद्युत आपूर्ति की मांग

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** भाकियू शंकर की बैठक नवीन मंडी स्थल में हुई। भाकियू शंकर पिछले कई महीने से हसनपुर विद्युत घर का लोड बांटने के लिए नए बिजली घर की मंजूरी गांव अहरोला अहमद यार खां के पास प्रयासरत थे। लंबे प्रयासों के बाद वह बिजली घर योजना में शामिल हो गया है। बुधवार को बिजली घर की जमीन को लेकर यहां बैठक थी। जिसमें हरकेश सिंह से लगभग तीन बीघा जमीन दान में लेने की बात चल रही थी। किसान नेता देवेंद्र सैनी ने बताया कि जल्द ही जमीन बिजली घर के लिए दान में मिल जाएगी और बिजली घर का निर्माण शुरू हो जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या से राहत नहीं मिल रही है। अध्यक्षता हरकेश सिंह ने की तथा संचालन उदयवीर सिंह ने किया। पंचायत में धीरज सिंह, सरजीत सिंह, कैप्टन वीर सिंह, मास्टर मनोज सिंह, लोकेश, सहदेव सिंह, अजीत सिंह, विजय सिंह, अंकित कुमार, शेर सिंह, राकेश सिंह रहे।

# घरेलू विवाद में युवक ने फंदे से लटककर जान दी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- युवक नशे का आदी था, बिना कार्रवाई के दफन किया

**अमृत विचार :** घरेलू विवाद में युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। उसका शव घर के अंदर कमरे में फंदे से लटकता मिला। शव लटकता देख परिजनों की चीख निकल गई। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। जिसके बाद परिजनों ने शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इस्लामनगर का है। यहां मोहल्ले में शाकिर का परिवार रहता है। उनका बेटा 35 वर्षीय जीशान मजदूरी करता था। जीशान के परिवार में पत्नी फरहा व तीन बेटी और एक बेटा है। मंगलवार रात घरेलू विवाद के चलते जीशान ने फंदे से लटककर जान दे दी। उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। सुबह काफी देर तक जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिवार के लोग छत के रास्ते से कमरे में घुसे तो देखा कि जीशान का शव फंदे से लटक रहा है। इसके बाद परिवार के लोग दरवाजा तोड़कर कमरे में घुसे और शव को नीचे उतारा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बताया जा रहा है कि जिशान शराब का आदी था। जिसको लेकर उसका आएदिन घर में विवाद होता था। जीशान की मौत से बच्चों को बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बिना कार्रवाई के ही शव को दफन कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि युवक का शव फंदे से लटका मिला था। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के लिए शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

# नहर में धक्का देकर की थी जय प्रकाश की हत्या

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- हत्या को दुर्घटना दिखाना चाहता था आरोपी, रुपये वापस मांगने पर बनाई थी हत्या की योजना

**अमृत विचार :** नहर में धक्का देकर फैक्ट्रीकर्मी की हत्या मामले का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। आरोपी ने घटना को दुर्घटना दिखाने का प्रयास किया था। पुलिस ने धक्का देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उधार के रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने फैक्ट्रीकर्मी को धक्का दिया था। उसका शव तिगरी गंगा में मिला था। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। साथ ही मृतक की बाइक भी बरामद कर ली है।

यह घटना मंडी धनौरा थाना क्षेत्र की है। बुधवार को एएसपी राजीव कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर घटना का खुलासा किया। एएसपी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि धनौरा कस्बे के मोहल्ला महादेव टीचर्स कॉलोनी निवासी जयप्रकाश गौड़ साहिबाबाद में टाटा स्टील फैक्ट्री में नौकरी करते थे। मोहल्ला महादेव हरीनगर के निवासी अभिषेक शर्मा उर्फ बिट्टु पुत्र अवनीश शर्मा की जयप्रकाश से जान पहचान थी तथा दोनों में रिश्तेदारी भी थी। पहचान के चलते अभिषेक शर्मा ने जयप्रकाश गौड़ से दो लाख रुपये उधार लिए थे। जब जयप्रकाश गौड़ ने अपने उधार दिए गए रुपयों का तगादा किया तो अभिषेक शर्मा ने उसकी हत्या करने की योजना बनाई। जिसके चलते उसने 24 अप्रैल को जयप्रकाश को अपने पास बुलाया। रामलीला ग्राउंड में दोनों की काफी देर बातचीत हुई। इसके बाद अभिषेक शर्मा ने उसे अपने झांसे में लेते हुए उधार रुपये देने की बात कहकर जयप्रकाश के साथ बीयर पी। इसके बाद अभिषेक शर्मा उसे साइफन के पास नहर किनारे ले गया। वहां भी बीयर पी। जब जयप्रकाश को नशा हो गया तो अभिषेक शर्मा ने उसे धक्का देकर नहर में गिरा दिया। एएसपी ने बताया कि आरोपी अभिषेक शर्मा ने साक्ष्य मिटाने के लिए जयप्रकाश की बाइक को भी नहर में धकेल दिया। पांच दिन बाद जयप्रकाश का शव तिगरी गंगा में उतराता मिला। जिसके बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। पुलिस ने मामले में छानबीन की। सर्विलांस से पुलिस आरोपी अभिषेक शर्मा तक पहुंची। उसे गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूछताछ के आरोपी ने अपना जुर्म कबूला। एएसपी ने बताया कि आरोपी अभिषेक शातिर है, उसने सोशल मीडिया के जरिए बिना हथियार के हत्या करना, घटना को दुर्घटना में बदलना, परमानेंट व्हाट्स ऐप चेट डिलीट करना आदि के संबंध जानकारी हासिल की थी। इसके बाद घटना को अंजाम दिया था। एएसपी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया है जबकि मृतक की बाइक भी बरामद कर ली गई है।



घटना का खुलासा करते एएसपी राजीव कुमार सिंह। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### वलीमा के बाद दूल्हा लापता, मामला दर्ज

**सैदनगली, अमृत विचार :** थाना सैदनगली क्षेत्र के कस्बा उझारी में दूल्हा दावत ए वलीमा के बाद देर रात लापता हो गया। परिजनों ने दूल्हे की गुमशुदगी की तहरीर पुलिस को दी है। मामला सैदनगली थाना क्षेत्र के कस्बा उझारी के मोहल्ला दर्जियान का है। यहां उमर दराज उर्फ हाजी कल्लन के 31 वर्षीय बेटे सलमान की शादी सोमवार को उझारी के मोहल्ला जामा मस्जिद निवासी युवती से हुई थी। मंगलवार को दावत ए वलीमा हुआ। इस दौरान दूल्हा बाइक लेकर घर से निकल गया। जब काफी देर तक वह घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। दुल्हन भी दूल्हे का इंतजार करती रही। इसके बाद दूल्हे के पिता उमर दराज उर्फ हाजी कल्लन ने पुलिस को बेटे की गुमशुदगी की तहरीर दी है। पुलिस तहरीर लेने के बाद दूल्हे की तलाश में जुट गई है। थानाध्यक्ष निशांत राठी ने बताया कि परिजनों ने युवक की गुमशुदगी की तहरीर दी गई है। जांच पड़ताल कराई जा रही है।

### सीएचसी में मरीजों की उमड़ी भीड़

**हसनपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के चलते सरकारी एवं निजी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। उल्टी, दस्त एवं बुखार के मरीजों की संख्या अस्पतालों में ज्यादा पहुंच रही है। बुधवार को सीएचसी खुलते ही ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी। सीएचसी की पैथोलॉजी एवं दवा काउंटर पर मरीजों एवं उनके तीमारदारों की लंबी कतार लगी रही। सीएचसी प्रभारी डॉ. धुर्वेद्र सिंह ने बताया कि लगभग 400 मरीजों को देखा गया है, ज्यादातर मरीज उल्टी दस्त एवं बुखार से पीड़ित थे। भीषण गर्मी में बचने के लिए पेय पदार्थ का सेवन अधिक करें। बाजार की खाद्य सामग्री खाने से बचें।

### तिराहे का नाम महाराज शूरसेन चौक रखने की मांग

**हसनपुर, अमृत विचार :** सैनी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने पालिका अध्यक्ष से मुलाकात कर ब्लॉक तिराहे का नाम महाराजा शूरसेन चौक रखने की मांग की। जिस पर पालिका अध्यक्ष ने प्रतिनिधिमंडल को सहयोग का आश्वासन दिया। बुधवार को सैनी समाज का प्रतिनिधिमंडल पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी के कैंप कार्यालय पर पहुंचा और ज्ञापन सौंपकर ब्लॉक तिराहे का नाम महाराजा शूरसेन चौक के रखने की मांग की। सैनी समाज ने कहा कि नगर के विभिन्न चौराहों का सौंदर्यीकरण पालिका द्वारा कराया जा रहा है और चौराहे को महापुरुष के नाम पर रखा जा रहा है। ब्लॉक तिराहे को महाराजा शूरसेन चौक का नाम दिया जाए। पालिका अध्यक्ष ने सैनी समाज के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि जल्द पालिका बोर्ड की मदद से कार्य पूर्ण होगा। ज्ञापन देने वालों में हरि सिंह सैनी, रवि शंकर सैनी, नेत्रपाल, पूरन सिंह सैनी, लखपत, सुनील, देवेंद्र सैनी, राजकुमार सैनी, सुरेश, उत्तम सैनी, राजपाल सैनी रहे।

### पालिका में कर्मचारी और ठेकेदार में गाली गलौज

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर पालिका परिसर में कर्मचारी और ठेकेदार में जमकर कहासुनी हो गई। दोनों के बीच जमकर गाली गलौज भी हुई। पालिका कर्मचारी के गाली देने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मामला नगर पालिका परिषद अमरोहा परिसर का है। बुधवार दोपहर पालिका के कर्मचारी हबीब अहमद और ठेकेदार फैज आलम राईनी के बीच सड़क निर्माण को लेकर कहासुनी हो गई। दोनों के बीच जमकर गाली गलौज हुई। इस दौरान नगर पालिका कर्मचारी हबीब अहमद ने गालियां दीं। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

### जनपद का नाम ज्योतिबा फुले नगर करने की मांग

**हसनपुर, अमृत विचार :** बुधवार को आंबेडकर विकास मंच के प्रतिनिधिमंडल ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी भगत सिंह को सौंपा। जिसमें मंच के पदाधिकारियों ने जिले का नाम ज्योतिबा फुलेनगर करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे आंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले समाज सुधारक थे। ज्ञापन में मांग की गई है कि जनपद का नाम परिवर्तित कर ज्योतिबा फुले नगर रखा जाए। इस अवसर पर आंबेडकर विकास मंच के संस्थापक सदस्य महीपाल सिंह, महासचिव रामवीर सिंह, सुशील भगत, विनोद गौतम, नवाब सैफी, संजीव कुमार, कपिल कुमार, संजीव कुमार जाटव, करणवीर सिंह, उमेश कुमार मुखिया, योगेश कुमार रहे।




हसनपुर के वेदांता ग्लोबल स्कूल में व्यंजन दिखातीं छात्राएं।

### प्रतियोगिताओं में बच्चों ने किया प्रतिभाग

**हसनपुर, अमृत विचार :** वेदांता ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढवारसी में कक्षा 6 व कक्षा 9 की छात्र-छात्राओं ने कुकिंग विदाउट फायर में मूंग दाल, चांट, रायता, सैंडविच, नमकीन चांट, फ्रूट चांट, वेज चार्ट, नींबू पानी, ओरियो शेक बनाए। यह एक्टिविटी रिचा सिरोही की देखरेख में की गई। इसमें कक्षा 6 व कक्षा 9 से कार्तिक गौतम, देव अग्रवाल, हार्दिक चौधरी, आदित्य, रिंकल सैनी, वंशिका, यशी, दिव्या, सुभान, हरदीप सिंह, मनु शर्मा, शिवानी राणा, अंशिका कोहली, पिया बिंदल, गरिमा सिंह, सद्र, सिद्धांत आदि बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य अरुण शर्मा ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

### हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल ने किया पुस्तक का विमोचन

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला ने राजभवन शिमला में डॉ. यतीन्द्र कटारिया की नवकृति पर्यावरण प्रहरी का विमोचन किया। शिमला में आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा संगोष्ठी में वह मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान देने पहुंचे थे। राज्यपाल ने डॉ. यतीन्द्र कटारिया के योगदान की सराहना की तथा कहा कि हिन्दी तथा भारतीय संस्कृति के लिए इनका योगदान प्रशंसनीय है। इस गोष्ठी को मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार राहुल देव, डॉ. विकास दवे, प्रोफेसर पीसी टंडन ने भी संबोधित किया।



शिमला में पुस्तक का विमोचन करते राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला (बांए)।

### प्रीति शर्मा ने इंडियन बुक ऑफ रिकॉर्ड में बनाई जगह

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** विकास क्षेत्र के गांव शबाजपुर गुर्जर स्थित संविलियन विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापिका प्रीति शर्मा ने द आइडियल इंडियन बुक ऑफ रिकॉर्ड में जगह बनाकर नाम रोशन किया है। नव प्रज्ञा काव्या फाउंडेशन 151 सुपर संपादक मंडल की ओर से उन्हें सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान उनकी पुस्तक सत्य की नाव के लिए दिया गया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी उन्हें लेखन के क्षेत्र में रवींद्रनाथ टैगोर जयंती सम्मान, मानवीय मूल्य रत्न सम्मान, माथे की बिंदिया पुस्तक में सह लेखिका, भारत का किसान में सह लेखिका, समेत अन्य कई पुरस्कार मिल चुके हैं।



शिक्षिका प्रीति शर्मा।

### चार घंटे आपूर्ति रही बाधित

**हसनपुर, अमृत विचार :** बुधवार को उझारी बिजली घर से हसनपुर बिजली घर को आ रही 33 हजार की हाईटेंशन लाइन में तकनीकि कमी से चार घंटे नगर की आपूर्ति ठप रही। विद्युत आपूर्ति न मिलने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विद्युत कर्मचारियों द्वारा विद्युत लाइन पर 11 बजे कार्य प्रारंभ किया और तीन बजे के करीब कार्य पूर्ण हुआ। इसके बाद नगर की विद्युत आपूर्ति सुचारु हुई। टीजीटू रवीश कुमार त्यागी ने बताया कि 33 केवीए की लाइन में कार्य चल रहा था। जिसके कारण विद्युत आपूर्ति चार घंटे के लिए बाधित रही।

**ठेका सूचना**

हजरत शेख दाऊद बंदगी रह० (वक्फ-311) उझारी, जनपद अमरोहा में प्रत्येक वर्ष लगने वाले सालाना उर्स/मेले का ठेका दिनांक 28/05/2024 (मंगलवार) को दरगाह हजरत शेख दाऊद बंदगी रह० के मैदान में खुली बोली के आधार पर प्रातः 11:00 बजे किया जाएगा। इच्छुक ठेकेदार समय से पहुंचकर बोली लगा सकते हैं। ठेके की शरायत की जानकारी विज्ञापन प्रकाशित होने के पश्चात किसी भी दिन प्राप्त की जा सकती हैं।

मौ० ताहिर (सदर) — इफ्तिखार उल हसन (सचिव)

दरगाह कमेटी
हजरत शेख दाऊद बंदगी रह०
(वक्फ-311) उझारी, जनपद अमरोहा।
मो० 9319201176

**आयोजन** — जिलाधिकारी ने फावड़ा चलाकर किया अमृत सरोवर की खोदाई का आरंभ, पौधरोपण भी होगा

# चौधरपुर में ग्रामीण लेंगे सरोवर में नौका विहार का आनंद

संवाददाता, चौधरपुर

**अमृत विचार :** गांव चौधरपुर में अमृत सरोवर बनाया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण नौका विहार का आनंद लेंगे। जिलाधिकारी राकेश कुमार त्यागी ने मनरेगा योजना के अंतर्गत तालाब का जीर्णोद्धार व नौका विहार का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

बुधवार को तालाब किनारे हवन पूजन किया और अधिकारियों ने फावड़ा चालकर आरंभ किया। जिलाधिकारी राकेश कुमार त्यागी ने कहा कि जिस तरह जिला रामपुर की तहसील शाहबाद के गांव पटवाई में अमृत सरोवर बना है। उसी तरह चौधरपुर में भी अमृत सरोवर नौका विहार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा की आसपास की खाली जगह पर पीपल, नीम, पाकड़, बरगद के पौधे लगाए जाएंगे। जिससे यहां मनोरंजन का केंद्र बन सके। भूमि पूजन व शिलान्यास के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, खंड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल, डीडीओ सरिता द्विवेदी, डीपीआरओ पारुल सिसौदिया, उप कृषि निदेशक डॉ. राम प्रवेश, एईएमआई विपिन कुमार, परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप सिंह, जेई एसपी सिंह, ग्राम विकास अधिकारी विजेंद्र त्यागी, जुबैर आलम, पुखराज सिंह, जितेंद्र सिंह, गुड्डू सिंह, मकबूल, जाबूल, रामगोपाल, शाहिद अली, मेहंदी हसन, जरीफ अहमद सखावत हुसैन, वाहिद, कासिम चौधरी आदि मौजूद रहे।



चौधरपुर में तालाब किनारे पूजन करते जिलाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

# बगद नदी क्षेत्र में हो रही खेती

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** तहसील हसनपुर क्षेत्र के गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव भावली में बगद नदी की जगह पर ग्रामीणों ने फसल बो रखी है। उधर, जिलाधिकारी की पहल के बाद भी प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। बगद नदी में अगर पानी का प्रवाह हो जाए, तो लोगों को फायदा मिलेगा और फसलों की सिंचाई भी ठीक होगी।

ज्ञात हो कि जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने नदी की खोदाई का आरंभ किया था। गजरौला और हसनपुर क्षेत्र में बगद नदी काफी समय से बंद है। हालांकि पिछले दिनों जिलाधिकारी और सीडीओ ने नदी की खोदाई का काम भी आरंभ कराया है, लेकिन अभी रहरा क्षेत्र में नदी की जमीन पर किसानों की फसलें खड़ी हैं। लोगों ने जमीन पर कब्जा कर रखा है। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने बताया कि बगद नदी के किनारे काफी अरसे से भावली के ही ग्रामीण कब्जा जमाए हुए हैं। इन्हें बिल्कुल भी प्रशासन का डर नहीं है। हर साल इस भूमि में अधिक पैदावार करके अच्छा मुनाफा कमा लेते हैं। जबकि जिलाधिकारी के आदेश के अनुसार जब से बगद नदी को पुनर्जीवित करने का कार्य शुरू हुआ है तब से अभी तक भावली के आसपास किसी भी अधिकारी ने आकर स्थिति नहीं देखी है। जबकि नदी की खोदाई से लोगों को फायदा मिलेगा। बीडीओ अरुण कुमार ने बताया कि नदी की खोदाई का काम चल रहा है। धीरे-धीरे नदी की खोदाई की जा रही है।

### दो फ्लैट के ताले तोड़कर लाखों का सामान चोरी

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर के जोया रोड स्थित कॉलोनी से चोरों ने दो फ्लैट के ताले तोड़कर लाखों के जेवरात और नकदी चोरी कर ली।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के जोया रोड पर सिटी होम्स कॉलोनी है। यहां मनोज और कुलदीप सिंह का परिवार रहता है। मंगलवार को मनोज गोयल व कुलदीप सिंह परिवार समेत घर से बाहर गए हुए थे। दोनों के फ्लैट में ताले लगे हुए थे। चोरों ने मौका पाकर दोनों फ्लैट के ताले तोड़ दिए और जेवरात समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। चोरी हुए सामान की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। शाम को जब दोनों परिवार घर पहुंचे तो उन्होंने घर के ताले टूटे देखे। चोरी की जानकारी तुरंत पुलिस को दे दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी प्रेमपाल सिंह ने बताया कि कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज देखकर चोरों का पता लगाया जा रहा है। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# डॉक्टर की लापरवाही से मृत पैदा हुआ शिशु, परिजन भड़के

## प्रसव के लिए भर्ती महिला की हालत बिगड़ने पर किया डिस्चार्ज

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** डॉक्टर के इलाज से गर्भवती की हालत बिगड़ गई। आनन फानन में महिला को दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसने मृत शिशु को जन्म दिया। परिजनों ने डॉक्टर को बच्चे की मौत का जिम्मेदार बताते हुए थाने में तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर निवासी अतुल शर्मा सोमवार की शाम छह बजे अपनी गर्भवती पत्नी किरन शर्मा को लेकर सरायतरीन में स्थित निजी अस्पताल में डॉक्टर को दिखाने गए थे। डॉक्टर ने बिना प्रसव पीड़ा के ही किरन को प्रसव कराने के लिए अस्पताल में भर्ती कर लिया। आरोप है कि प्रसव कराने के लिए डॉक्टर ने किरन को कई इंजेक्शन लगा दिए। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। रात भर महिला दर्द से कराहती रही, लेकिन डॉक्टर ने आकर गर्भवती की सुध नहीं ली। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने मंगलवार की सुबह अतुल शर्मा से दस हजार रुपये लेकर किरन का इलाज करने से मना कर अस्पताल से छुट्टी कर दी। अतुल शर्मा ने किरन को प्रसव कराने के लिए संभल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां प्रसव के दौरान किरन शर्मा ने मृत शिशु को जन्म दिया। देर शाम अतुल शर्मा ने थाने पहुंचकर डॉक्टर को शिशु की मौत का जिम्मेदार बताते हुए कार्रवाई के लिए तहरीर दी ।

### जिला अस्पताल में महिला की चप्पलों से पिटाई

**संभल, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में दवा लेने आई महिला की चप्पलों से पिटाई की गई। मारपीट के बाद तीन लोग महिला का हाथ पकड़कर जबरन ई रिक्शा में बैठाकर अपने साथ ले गए। महिला के साथ मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में महिला रोती हुई मारपीट करने वाले व्यक्ति को पहचानने से मना कर रही है। बुधवार को जिला अस्पताल परिसर में एक महिला खड़ी थी तभी सफेद शर्ट पहने व लुंगी बांधे एक व्यक्ति चप्पल से मारपीट करते हुए महिला को पकड़कर खींचने लगा। यह देख आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई लेकिन किसी भी व्यक्ति ने न तो महिला को बचाया और न ही पुलिस को सूचना दी। लोगों ने पूछा तो मारपीट करने वालों ने कहा कि महिला पर भूत प्रेत का साया है। कोतवाल पवन कुमार ने बताया कि वीडियो संज्ञान में आने के बाद पुलिस टीम महिला के गांव भेजी गई थी। पता चला कि महिला पर भूत प्रेत का साया रहता है। मारपीट करने वाले उसके पति व पिता थे। मामले में गहनता से सारे तथ्यों की जानकारी ली जा रही है।

## एक नजर

### आज लगेगा ट्रांसफार्मर बाधित रहेगी बिजली

**संभल, अमृत विचार :** असमोली क्षेत्र के टांडा कोठी बिजलीघर पर गुरुवार को ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि का काम होगा। यहां 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगवाया जाएगा। जिस कारण सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक संबंधित फीडरों की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अधिशासी अभियंता नवीन गौतम ने दी। बताते चलें कि भीषण गर्मी में बिजली बाधित रहने पर उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

### शिकायत करने पहुंचे ग्रामीण के साथ मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव लहरा कमंगर निवासी हरकिशोर ने बुधवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि मेरी पुत्री 10 वर्षीय आरुषि घर के बाहर रास्ते में पड़ोसी के बेटे के साथ खेल रही थी। खेल खेल में आरुषि का पड़ोसी के बालक से किसी बात को लेकर विवाद हो गया और आरुषि की पिटाई करने के बाद बालक अपने घर भाग गया। इस बात की जानकारी होने पर हरकिशोर पड़ोसी से शिकायत करने उसके घर गया था। आरोप है शिकायत को सुनकर पड़ोसी ने अपने पिता व बेटे के साथ मिलकर मारपीट कर हरकिशोर को घायल कर दिया।

### रात में पशु चुराकर वाहन से ले गए चोर

**धनारी अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव खलीलपुर निवासी पुष्पेंद्र के घर में मंगलवार को रात भैंस की कटिया बंध रही थी। देर रात वाहन से आए चोरों ने कटिया चोरी कर ली और वाहन में चढ़ाकर जाने लगे। इस बीच पुष्पेंद्र की आंख खुली तो उसने चोरों का पीछा किया लेकिन वह निकल गए। पुष्पेंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### मुख्यालय के लिए जमीन आवंटित कराने की मांग

**संभल अमृत विचार :** जितेंद्र वर्मा समाज कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने चुनाव आयोग और जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखा है। जिसमें समिति के राष्ट्रीय मुख्यालय के लिए जमीन आवंटित कराने की मांग की है। कहा है कि समिति जनता की समस्याओं का समाधान कराने का काम करेगी।

# नकदी और आभूषण समेत पांच लाख की संपत्ति चोरी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर मालिनी गांव में दीवार फांदकर घर में घुसे बदमाशों ने आभूषण व नकदी सहित पांच लाख से ज्यादा का सामान चोरी कर लिया।

थानाक्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर मालिनी गांव निवासी नाजिर दिल्ली में रहकर काम करता है। मंगलवार देर रात बदमाश नाजिर खां के मोहम्मदपुर मालिनी स्थित मकान में दीवार फांदकर घुस आये। जिस समय बदमाश मकान में दाखिल हुए उस समय नाजिर की पत्नी जेबुल निशा व अन्य महिलाएं घर में सो रही थीं। बदमाश सीधे कमरे में पहुंचे और वहां रखी अलमारी व संदूक को खंगाला। बदमाश घर से दस हजार रुपये की नकदी के साथ ही सामने चांदी के जेवर व अन्य कीमती सामान सहित लगभग पांच लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ले गये। सुबह को घर की महिलाएं जागीं तो कमरे में संदूक व अलमारी खुली देख चोरी की जानकारी हुई। परिवार के लोगों ने पुलिस को चोरी की सूचना दी। वहीं घर में चोरी की जानकारी मिलने पर नाजिर भी दिल्ली से घर पहुंच गया।

### चोरी के सामान के साथ दो लोग गिरफ्तार

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव हरथला निवासी गैंगस्टर आरोपी खुर्शीद व धनारी थाना क्षेत्र के गांव बिचपुरी निवासी अजय उर्फ राजा ने 12 अप्रैल को रात गांव अफजलपुर में दो लोगों और 13 अप्रैल की रात में गांव सतनौली में तीन घरों से नकदी, जेवर व पीतल के बर्तन सहित लाखों का सामान चोरी किया था। बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव कुबरी भूड़ चौराहे के पास खुर्शीद व अजय उर्फ राजा चोरी के सामान के साथ खड़े थे। पुलिस ने खुर्शीद व अजय उर्फ राजा को हिरासत में ले लिया। तलाशी पर बोरी में बंद पीतल के बर्तन, जेवर सहित खुर्शीद के पास से 750 रुपये व तमंचा और अजय उर्फ राजा के पास से 630 रुपये बरामद हुए।

## सार-संक्षेप

### अवैध खनन में इस्तेमाल मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्राली सीज

**बबराला, अमृत विचार :** खनन निरीक्षक ने अवैध खनन में इस्तेमाल हो रही मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया। खनन के काम में लगे अन्य ट्रैक्टर ट्रालियों को लेकर चालक भाग गए। क्षेत्र में बर्दमार नदी में रात दिन मिट्टी के अवैध खनन का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। बताते हैं कि गांव मेहुआ हसनगंज निवासी खनन माफिया आधा दर्जन ट्रैक्टर ट्रालियों को लगाकर मिट्टी का अवैध खनन करने में जुट जाते हैं। रात दिन मिट्टी भरे ट्रैक्टर ट्राली सड़कों पर फर्राटा भरकर मिट्टी को गंतव्य तक पहुंचाने में लगे रहते हैं। बुधवार को सुबह मिट्टी का अवैध खनन होने की सूचना पर पहुंचे खनन निरीक्षक मोहम्मद हलीम ने मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लिया। इस दौरान खनन कर रहे अन्य ट्रैक्टर ट्राली और जेसीबी लेकर चालक मौके से भाग गए। खनन निरीक्षक ने पकड़ी ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर गुन्नौर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

### समर कैंप में बच्चों ने डांस, कला में दिखाई प्रतिभा

**संभल, अमृत विचार :** मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में नर्सरी से कक्षा एक तक के बच्चों का दो दिवसीय समर कैंप लगा। समर कैंप का उद्घाटन मुख्य अतिथि उप निरीक्षक विनोद कुमार, प्रबंधक मुशीर खान तरीन ने किया। निर्देशिका शबाना कौसर, डॉ.मुहम्मद नाजिम, मुहम्मद अनवर रहे। समर कैंप में पहले दिन बच्चों ने डांस, कला, क्राफ्ट के जरिये प्रतिभा दिखाई। दूसरे दिन मुख्य आकर्षण टॉय ट्रेन, ट्रैम्पोलिन, मिक्की माउस और पूल पार्टी रहे। जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि उपनिरीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों का उत्साह बढ़ता है। ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए। इस दौरान प्रधानाचार्य शाने रब, शिक्षिका परवीन ताज और स्टाफ मौजूद रहा।

### डीएसओ ने जाना गोशालाओं का हाल, दो गाय बीमार

**संभल, अमृत विचार :** डीएसओ ने बुधवार को तहसील क्षेत्र के दो गांवों में अस्थाई गोशालाओं का निरीक्षण किया। एक गोशाला में दो गायें बीमार मिली थीं तो गोबर प्रबंधन ठीक नहीं था। दूसरी गोशाला में हरे चारे की व्यवस्था नहीं मिली। डीएसओ ने जिम्मेदारों को व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। डीएसओ शिवि गर्ग ने गांव साकिन शोभापुर में अस्थाई गोशाला का हाल जाना। पूर्ति निरीक्षक योगेश शुक्ला ने बताया कि गोशाला में गोबर प्रबंधन ठीक नहीं पाया गया। गंदगी का माहौल नजर आया। गोशाला में दो गायें बीमारी मिलीं। डीएसओ ने गोबर प्रबंधन की समुचित व्यवस्था करने और बीमार गायों का इलाज कराने के निर्देश दिए। वहीं गांव चाचू नागल की गोशाला के निरीक्षण के दौरान भूसे की व्यवस्था तो मिली लेकिन हरा चारा नजर नहीं आया।

### मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

**संभल,अमृत विचार :** पंवासा विकासखंड के मऊ भूड़ गांव में एएसपी अनुकृति शर्मा ने श्री बालाजी इंटरमीडिएट कॉलेज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि अनुकृति शर्मा ने कहा कि मेहनत से मेधावी छात्र-छात्राएं अपनी अलग पहचान बनाते हैं। उनके लिए दुनिया में कुछ भी नामुमकिन नहीं है। एएसपी ने कहा कि मेहनत के साथ पढ़ाई करें ताकि अपने मुकाम तक पहुंच जाए। वह अपने माता-पिता के सपनों को साकार करें।

### कुत्तों के हमले में घायल नीलगाय ने दम तोड़ा

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बोंडा फिरोजपुर के जंगल में मंगलवार की शाम कुत्तों के झुंड ने नीलगाय पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसके बाद नीलगाय ने दम तोड़ दिया। गांव बोंडा फिरोजपुर के जंगल में मंगलवार की शाम नीलगाय घूम रही थी। तभी खूंखार कुत्तों के एक झुंड ने नीलगाय पर हमला कर दिया और उसे नोचते रहे। अपना बचाव करते हुए नीलगाय किसान जीवन यादव के घेर में घुस आई। मगर तब तक कुत्ते नीलगाय को गंभीर रूप से घायल कर चुके थे। आवाज आने पर किसान के परिजन पहुंचे और कुत्तों को भगाया। इसके बाद घायल नीलगाय का उपचार कर देखभाल शुरू की। बुधवार की सुबह किसान ने वन विभाग व पशु चिकित्सक को घटना से अवगत कराया। सूचना मिलने के बाद पशु चिकित्सक गांव पहुंचे। मगर तब तक नीलगाय की मौत हो चुकी थी। इसके बाद वन विभाग का कर्मचारी गांव पहुंचा और नीलगाय के शव को जमीन में दबाने की बजाए जंगल में झाड़ियों में फेंक दिया। वन रेंजर प्रभात शर्मा ने बताया कि नीलगाय को दफनाने के बजाय जंगल में फेंक दिया गया। इसकी जानकारी नहीं हुई। फिलहाल ऐसा है तो टीम को भेज कर नीलगाय को दफनाया जाएगा।

### अदालत के आदेश पर मारपीट-लूटपाट की रिपोर्ट दर्ज

**गुन्नौर,अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव में घर में घुसकर मारपीट व लूटपाट के मामले में अदालत के आदेश पर घटना के दो महीने बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के गांव रामनगर टप्पा वैश्य निवासी माया देवी का आरोप है कि 26 मार्च को कुछ लोग उसके घर में घुस आए और महिलाओं के साथ मारपीट के साथ ही घर में तोड़फोड़ कर बीस हजार की नकदी व जेवर लूटकर ले गए। माया देवी का कहना है कि पुलिस ने उसका मुकदमा दर्ज नहीं किया तो उसने अदालत का दरवाजा खटखटाया। दो महीने बाद अब पुलिस ने सोमवीर,विपिन, योगेंद्र, तेजपाल, ध्रुव कुमार, विवेक, विशेष व प्रदीप के खिलाफ मुकदमा लिखा है।

### सगे भाइयों सहित तीन लोगों पर मारपीट का आरोप

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव कृतिया निवासी अंकित ने बुधवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि मंगलवार की रात साढ़े नौ बजे घर के आंगन में सो रहा था। आरोप है कि गांव के ही सगे भाई अपने एक अन्य साथी के साथ घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर सगे भाई अपने साथी के साथ मिलकर अंकित के साथ लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। अन्य परिजन मौके पर पहुंचे तो सगे भाई अपने साथी के साथ अंकित को धमकी देते हुए भाग गए।

### गोशाला में मृत मिले गोवंश पशु, भाकियू का प्रदर्शन आज

**संभल अमृत विचार :** भाकियू अराजनैतिक के मंडल अध्यक्ष संजीव को सूचना मिली कि गांव कासमपुर जगरूप की गोशाला में तीन गोवंश पशु मृत पड़े हैं। उन्होंने इसकी शिकायत डीएम से की। डीएम के निर्देश पर सीवीओ गोशाला पहुंचे तो दो गोवंश पशु मृत पाए गए। जिनका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। भाकियू नेता संजीव ने कहा कि इस मामले को लेकर गुरुवार को एडीएम को ज्ञापन सौंपने के साथ ही प्रदर्शन किया जाएगा।

### पत्नी से विवाद के चलते मजदूर ने निगला जहरीला पदार्थ

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के मुहल्ला सरायतरीन निवासी मजदूर ने पत्नी से विवाद के चलते बुधवार की दोपहर में जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे मजदूर की हालत बिगड़ गई। परिजन आनन फानन में मजदूर को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और उपचार के लिए भर्ती कराया।

# उपभोक्ताओं पर फंसे ढाई करोड़ वसूलने को बिजली विभाग सख्त

- बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ता किए गए चिन्हित

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** गर्मी में पंखे, कूलर और एसी चलाकर उपभोक्ता राहत महसूस कर रहे हैं लेकिन बिजली बिल जमा करने के लिए गंभीर नहीं है। शहरी क्षेत्र में तीन बिजलीघरों से जुड़े उपभोक्ताओं पर अप्रैल महीने का ढाई करोड़ रुपये का बिल फंसा है। विभाग ने ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हित कर कार्रवाई करने का मन बना लिया है।

अप्रैल महीने में ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए थे तो बिजली की खपत भी बढ़ गई। आंकड़े पर गौर किया जाए तो शहर के चौधरी सराय, हयातनगर और रुकनुद्दीन सराय बिजलीघर से 27 हजार 815 उपभोक्ता हैं। अप्रैल महीने में इन उपभोक्ताओं ने खूब बिजली खर्च की तो लंबा चौड़ा बिल आया। विभाग को 5.50 करोड़ रुपये का बिल वसूलना था लेकिन मई खत्म होने को है और सिर्फ 3 करोड़ का राजस्व ही प्राप्त किया जा सका है। इससे साफ है कि उपभोक्ता बिजली बिल भुगतान करने के लिए गंभीर नहीं हैं। एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह का कहना है कि करीब 15 हजार उपभोक्ताओं ने बिल जमा नहीं किया है। ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हित कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि 5 हजार से 10 हजार रुपये के बकायेदारों के कनेक्शन काटने की कार्रवाई होनी है जबकि 30 हजार रुपये से अधिक के बकायेदारों के मीटर भी उतारे जाने हैं। इनमें 5 हजार रुपये से ज्यादा के बकायेदार अधिक हैं। एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह ने कहा कि अगर उपभोक्ता बिजली का इस्तेमाल कर रहे हैं तो उन्हें बिल भी प्रत्येक महीने जमा करना चाहिए। अगर ऐसा नहीं किया तो विभाग नियमानुसार कार्रवाई करेगा।

# बिजली लाइन काटने पर लाइनमैन से मारपीट

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के फत्तेहपुर सराय बिजलीघर की टीम बकाये पर लाइन काटने के लिए पहुंची तो विरोध हो गया। लाइनमैन से गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई। घायल लाइनमैन ने पुलिस को तहरीर दी तो समझौते के प्रयास शुरू हो गए। दोनों पक्षों के बीच समझौता भी हो गया।

हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव छछैरा निवासी विशाल जैन फत्तेहपुर सराय बिजलीघर पर लाइनमैन है। मंगलवार को टीम बकाये पर लाइन काटने के लिए फत्तेहपुर सराय पहुंची। आरोप है कि लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। लाइनमैन विशाल जैन से गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई तो वह घायल हो गया। इस मामले में विशाल जैन की तरफ से पुलिस को तहरीर दी गई। घटना की जानकारी से साथी कर्मचारियों में भी रोष पनप गया। मंगलवार को उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारी और सदस्य पुलिस चौकी मोहम्मदपुर टांडा पहुंचे। आरोपी पक्ष की ओर से समझौते के प्रयास किए जाने लगे। बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया।



कार्रवाई की मांग को लेकर मोहम्मदपुर टांडा पुलिस चौकी पर एकत्र ग्रामीण।

- बिजली कर्मी ने पुलिस को दी तहरीर, दोनों पक्षों में हुआ समझौता

संघ के पश्चिमांचल महामंत्री अभिनंदन ने बताया कि लाइन काटने को लेकर अभद्रता और मारपीट हुई थी। मामले में समझौता हो गया है। इस दौरान अशोक त्यागी, सोनू सैनी, किरण पाल सिंह, राहिद तुर्की, गुफरान तुर्की, रियाजुल, वसीम, पवन, रविंद्र चौधरी, गुलवीर आदि रहे।

# भीषण गर्मी में घंटों जाम से जूझा शहर, पुलिस नदारद

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को सुबह शंकर इंटर कॉलेज मार्ग पर तमाम वाहनों के फंसने की वजह से जाम लग गया। भीषण गर्मी में लोगों को परेशानी हुई लेकिन चौराहा से पुलिस नदारद रही। पुलिस कर्मियों की मौजूद नहीं होने की वजह से करीब 20 मिनट तक जाम लगा रहा। तमाम लोगों ने दूसरे रास्तों से होकर गंतव्य का रुख किया।

मुहल्ला बरेली सराय से शंकर इंटर कॉलेज चौराहा की तरफ वाले रास्ते पर बुधवार को सुबह करीब साढ़े दस बजे वाहन फंसने लगे तो जाम लग गया। जाम लगने की वजह अतिक्रमण भी रहा। कुछ ही मिनटों में करीब 300 मीटर तक वाहनों की कतार लग गई। जिन लोगों को जल्द ही मंजिल तक पहुंचना था, वह नहीं जा सके। इधर चिलचिलाती धूप के कारण पसीना टपकने लगा। लोगों ने सोचा था कि चौराहा से पुलिसकर्मी आकर जाम खुलवा देंगे लेकिन पुलिस की नामौजूदगी के कारण ऐसा नहीं हो सका। तब तमाम लोगों ने दूसरे रास्तों का रुख किया। करीब 20 मिनट बाद जाम खुला तो वाहन निकले लेकिन करीब 11.30 बजे फिर से जाम लगा और लोग परेशान हुए। बताते चलें कि शंकर कॉलेज चौराहा पर पुलिसकर्मी के मौजूद नहीं रहने के कारण इस मुख्य मार्ग और चौराहा पर अक्सर जाम लगता है लेकिन पुलिस गंभीर नहीं दिखाई दे रही है।



शंकर कॉलेज के निकट वाहनों की लगी लाइन व परेशान स्कूल के बच्चे।



गर्मी से राहत को स्वीमिंग पूल में नहाते युवा।

- बुधवार को सुबह शंकर कॉलेज चौराहा मार्ग पर काफी देर तक लगा जाम

### दो डिग्री गिरा पारा फिर भी गर्मी से राहत नहीं

**संभल, अमृत विचार :** बुधवार को पारा गिर कर 39 डिग्री सेल्सियस रहा लेकिन भीषण गर्मी के चलते राहत नहीं मिली। चिलचिलाती धूप से लोग बेहाल नजर आए। कई दिनों से पारा 41 व 42 डिग्री सेल्सियस था। पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश के कारण व मौसम में आए बदलाव के चलते पारे में गिरावट तो आई लेकिन तेज धूप निकलने के कारण चिलचिलाती गर्मी ने लोगों की परेशानी जस की तस रही। किसी तरह की कोई राहत नहीं मिल सकी। लोगों ने घरों के अलावा निजी नलकूपों और स्वीमिंग पूलों में नहाकर राहत पाने का प्रयास किया। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ के प्रोफेसर यूपी शाही के अनुसार अगले 5 दिनों तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहने, लू चलने व दिन का तापमान 43 से 45 व रात्रि का तापमान 30 डिग्री रहने की संभावना है।

# होटलों व ढाबों से मुक्त कराए 8 किशोर, संचालकों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, संभल

## अभियान

- बाल श्रम उन्मूलन रोकथाम अभियान के तहत हुई चेकिंग

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जिला स्तर पर चल रहे बाल श्रम उन्मूलन रोकथाम अभियान के अंतर्गत थाना एएचटी पुलिस टीम और श्रम प्रवर्तन अधिकारी की संयुक्त टीम ने होटलों, ढाबों आदि पर चेकिंग की तो आठ किशोर काम करते मिले। किशोरों को मुक्त कराकर परिजनों को सौंपा। होटलों, ढाबों आदि के संचालकों को नोटिस दिए।

थाना एएचटी पुलिस टीम और श्रम प्रवर्तन अधिकारी विनोद कुमार शर्मा ने बुधवार को चेकिंग अभियान चलाया। संभल शहर में होटलों, ढाबों, किराना स्टोरों, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग दुकानों आदि पर बालश्रम उन्मूलन रोकथाम व पुनर्वास अभियान के लिए लोगों को जागरूक किया। बाल श्रम रोकथाम से संबंधित पंपलेट और पोस्टर को वर्कशाप, मार्केट व होटलों ढाबों पर चस्पा किया गया। अभियान के दौरान काम कर रहे आठ किशोरों को रेस्क्यू किया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी विनोद कुमार शर्मा ने काम कराने वाले लोगों को नोटिस देकर नियमानुसार कार्रवाई की। किशोर श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त कराकर परिजनों को चेतावनी देते हुए उनके सुपुर्द कर दिया। होटलों,ढाबों और ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग की दुकानों के स्वामियों को हिदायत दी गई कि किसी भी हाल में 18 वर्ष से कम आयु के किशोरों को काम पर न रखा जाए।



मतगणना स्थल गेट पर पुलिस कर्मियों का ड्यूटी चार्ट देखते डीएम मनीष बंसल।

# मतगणना स्थल का निरीक्षण कर डीएम ने जांचे सुरक्षा के इंतजाम

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** डीएम मनीष बंसल ने मतगणना स्थल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं सुरक्षा को लेकर की गई व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

बहजोई बबराला मार्ग स्थित यूपी स्टेट वेयरहाउस में बनाए गए मतगणना स्थल पर जिलाधिकारी पहुंच गए। जहां उन्होंने सर्वप्रथम प्रथम गेट पर सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों को निरीक्षण के समय चेक किया। निर्देश दिए कि कोई भी मतगणना स्थल के अंदर बिना अनुमति के प्रवेश नहीं कर पाए। जो भी कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है पास देखकर ही उनकी एंट्री की जाए। इसके बाद वह मतगणना स्थल पर पहुंचे। जहां पर सुरक्षा को किए गए इंतजामों का निरीक्षण किया। सीसीटीवी 24 घंटे चल रहे हैं या नहीं इसको भी देखा इसके बाद डीएम ने मतगणना को लेकर की जा रही व्यवस्था की भी जानकारी ली।

# पुलिस ने घर में घुसकर की अधिवक्ता से अभद्रता, हड़ताल पर गए वकील

- सीओ ने दिया जांच के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन लेकिन संतुष्ट नहीं हुए वकील

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार :** बबराला निवासी एक अधिवक्ता के साथ मंगलवार रात पुलिस पर अभद्रता करने के आरोप को लेकर बुधवार को तहसील बार के अधिवक्ताओं ने हड़ताल कर दी। आरोप रहा कि पुलिस ने वकील के घर में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्रता की। हड़ताल कर रहे वकीलों ने सीओ आलोक सिद्धू से मिलकर शिकायत की तो उन्होंने जांच के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया लेकिन अधिवक्ता संतुष्ट नहीं हुए।

बबराला के वार्ड नंबर दो (मुहल्ला कल्लू नगला जाटवान, डिग्री कॉलेज के पीछे) निवासी अधिवक्ता मुनेश शर्मा गुन्नौर कचहरी में वकालत करते हैं। मंगलवार को उनके पुत्र के जन्मदिन की पार्टी थी। देवी जागरण का भी आयोजन होना था। जिसमें तमाम रिश्तेदार और साथी अधिवक्ता शामिल हुए। आरोप है कि रात 7.30 बजे गुन्नौर कस्बा पुलिस चौकी इंचार्ज सतेंद्र चौहान और महिला उपनिरीक्षक पूनम राठी अन्य पुलिस कर्मियों के साथ उनके घर में घुस गए। महिलाओं के साथ मारपीट और गाली गलौज की।

महिलाओं का शोर सुनकर मुनेश शर्मा साथी वकीलों के साथ घर पहुंचे और पुलिस की अभद्रता का विरोध करते हुए क्षेत्राधिकार से बाहर बबराला में आने के बारे में सवाल किया तो फर्जी मुकद्दमे में फंसाने और देख लेने की धमकी देते हुए पुलिस वाले चले गए। आरोप है कि पुलिस ने अधिवक्ता की पत्नी के कानों के कुंडल और सोने की चेन लूट ली। इस मामले को लेकर बार वेलफेयर एसोसिएशन तहसील गुन्नौर के वकीलों ने बुधवार को हड़ताल की घोषणा कर दी और न्यायिक कार्यों से विरत रहे। एसोसिएशन के अध्यक्ष चिन्ता हरण यादव ने कहा कि वकील के साथ बदतमीजी करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। जब तक एफआईआर नहीं होगी तब तक तहसील के वकील कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे। अधिवक्ता सीओ के आश्वासन से भी संतुष्ट नहीं हुए। वहीं कोतवाल संजीव बालियान का कहना है कि हिमांशी ने कोतवाली में अधिवक्ता भाई मुनेश शर्मा उर्फ मोनू और अपने पति अभिषेक के खिलाफ शिकायती तहरीर दी थी। इसी शिकायत पर थाने से पुलिस वाले मौके पर गए थे। पुलिस ने वकील के साथ बदतमीजी नहीं की है।

# किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार:** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव मुजाहिदपुर सीतापुरी निवासी अभिषेक गांव की ही 16 साल की किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर 13 मई की शाम उसके घर से हिमाचल प्रदेश ले गया था। परिजन चार दिन तक आसपास व रिश्तेदारी में किशोरी की तलाश करते रहे। शनिवार को जानकारी होने पर किशोरी की मां ने अभिषेक के खिलाफ पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था, लेकिन अभिषेक मौके से भाग गया था। पूछताछ में किशोरी ने अभिषेक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। बुधवार को अभिषेक थाना क्षेत्र के गांव मुजफ्फरपुर से शेरपुर जाने वाले मार्ग पर खड़ा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई कर अभिषेक का चालान कर दिया।

**विवाद्यकों के विथरीकरण के लिये सम्मन (आदेश 5 के नियम 1 और 5) (शीर्षक)**

न्यायालय श्रीमान मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (दक्षिणी) कानपुर नगर प्रतिकर वाद सं. 459/2021

1– सुरेश सिंह चन्देल बालिग पुत्र श्री शिव राम बहादुर सिंह उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम भारतपुर खड़ेसर पो0 खड़ेसर, थाना– बिधनू, जनपद कानपुर महानगर व 1 अन्य ... वादीगण

बनाम

मेसर्स वरूणा इन्टेग्रेटेड लॉजिस्टिक प्रा0 लि0 आदि

3– श्री रिजवान बालिग पुत्र श्री रईस नि0– नगलिया अकिल थाना अजीव नगर पो0 अजीव नगर जनपद रामपुर, उ0प्र0 प्रतिवादी सं0 3 सुरेश सिंह चन्देल आदि ने आपके विरुद्ध मोटर दुर्घटना प्रतिकर के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 1/10/2024 को दिन में 10:30 जो दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसांजत हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और इस वाद से संबंधित सभी सामान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निदेश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा कर लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज रप चाहे वह आपके कब्जे में शक्ति में हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज ता0 04.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है।

आज्ञा से– मुँसरिम
मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (दक्षिणी) कानपुर नगर

**नाम-परिवर्तन**

मैं ज़ीविकार हैदर नक़वी पुत्र ज़ुल्फ़ेकार हैदर हूँ और मैं ही ज़ीविकार हैदर हूँ। भविष्य में मुझे ज़ीविकार हैदर के नाम से जाना जाए।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम मुसके आलम (MUSKE AALAM) से बदलकर मुसके आलम (MUSKE ALAM) पुत्र अतीक (ATIK) निवासी चक पायंती उर्फ गौसपुर जिला अमरोहा रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से पुकारा जाये।

**नाम-परिवर्तन**

मेरे पिता का नाम राजवीर सिंह था जो बदलकर राजेन्द्र कुमार रख लिया है। भविष्य में मेरे पिता को नये नाम राजेन्द्र कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाये। अनमोल पवार पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी 163 कांठ रोड नजदीक सदभावना नर्सिंग होम, हरथला मुरादाबाद।

## एक नजर

### आज आठ घंटे ठप रहेगी विद्युत आपूर्ति

**चन्दौसी, अमृत विचार :** तहसील विद्युत उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति गुरुवार की सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक आठ घंटे बंद रहेगी। एसडीओ प्रथम अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि तहसील विद्युत उपकेंद्र पर जर्जर लाइन के तार बदले जाएंगे। इसलिए उपकेंद्र से जुड़े मोहल्ला महाजन, मोहल्ला साहूकारा, सीकरी गेट आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक पूरी तरह बंद रहेगी। इसलिए उपभोक्ता पानी से संबंधित कार्य सुबह छह बजे तक निपटा लें।

### पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के पास स्थित ईट भट्टे पर बनियाठेर थाना क्षेत्र के नरौली का परिवार ईट पथाई का कार्य करता है। उसी कस्बे के युवक ने ईट भट्ठा पर कार्य कर रहे परिवार की 15 वर्षीय पुत्री को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और तीन मई की रात साढ़े ग्यारह बजे युवक किशोरी को दूसरे भट्टे पर ले गया। जहां उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर शिवम निवासी मोहल्ला मंशा देवी कस्बा नरौली थाना बनियाठेर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी संदीप बालियान ने बताया कि आरोपी शिवम को गांव रहोली से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

### रेवेन्यू बार एसोसिएशन का गठन

**संभल अमृत विचार :** अधिवक्ताओं की बार कक्ष में हुई बैठक में रेवेन्यू बार एसोसिएशन जनपद संभल का गठन किया गया। इस प्रस्ताव का अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से समर्थन किया। निर्णय लिया गया कि नवगठित बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी का गठन 15 दिन में कर लिया जाएगा। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बार एसोसिएशन का पंजीकरण आदि कराया जाएगा। इस दौरान अधिवक्ता धर्मपाल सिंह यादव, सुरेंद्र पाल सिंह, देवी सिंह, सत्यप्रकाश यादव, रामपाल सिंह यादव, विपिन यादव, प्रेमपाल सिंह यादव, महीपाल सिंह यादव, नेत्रपाल सिंह यादव, आदेश कुमा आदि रहे। अध्यक्षता नरेश पाल सिंह यादव एडवोकेट ने तथा संचालन भूराज सिंह राघव एडवोकेट ने किया।

# रिश्तेदार को सबक सिखाने को किया बालक अगवा

## 24 घंटे में ऑपरेशन स्माइल के तहत पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बालक को सकुशल बरामद किया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



पुलिस की गिरफ्त में अपहरणकर्ता। ● अमृत विचार

- मोहल्ला लक्ष्मण गंज के इकरार अली के 8 वर्षीय बेटे को किया था अगवा

**अमृत विचार:** युवक ने अपने रिश्तेदार (साढ़ू) को सबक सिखाने के लिए उसके आठ वर्षीय बालक का अपहरण कर लिया। मामला पुलिस तक पहुंचा, तो पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे में ऑपरेशन स्माइल के तहत आरोपी को दबोच लिया और बालक को सकुशल बरामद कर लिया। आरोपी ने बताया कि उनकी पत्नी मायके से अपनी ससुराल नहीं आ रही है। साढ़ू भी उसकी पत्नी को ससुराल भेजने के पक्ष में नहीं था। इसलिए यह कदम उठाया।

कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मणगंज निवासी इकरार अली पुत्र रहमत अली ने मंगलवार को अपने साढ़ू सुलेमान निवासी थाना सैफनी जनपद रामपुर वर्तमान निवासी लक्ष्मणगंज पर अपने आठ वर्षीय पुत्र फाजिल को बहला-फुसला कर उठा ले जाने की तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली। घटना से एसपी कुलदीप सिंह गुनावत को अवगत कराया। अपहरण की घटना को तत्परता से लेते हुए खोजबीन शुरू कर दी। बुधवार को पुलिस ने आरोपी सुलेमान को चन्दौसी-बहजोई मार्ग स्थित जीरो प्वाइंट के पास से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही बालक को आरोपी के पास से सकुशल बरामद कर लिया।

घटना की सूचना पीड़ित दंपती को दी गई। कुछ देर बाद दंपती कोतवाली पहुंचे और अपने बालक को गले से लगा लिया।

पूछताछ में आरोपी सुलेमान ने बताया कि उसकी शादी निशा पुत्री मेहंदी हसन निवासी मोहल्ला राज से हुई थी। दंपती में पारिवारिक बातों को लेकर मनमुटाव हो गया था। जिससे उसकी पत्नी पांच माह पहले नाराज होकर अपने मायके चली गई। उसने अपने ससुराल वालों व साढ़ू इकरार से पत्नी को समझाने व उसके साथ भेजने के लिए कई बार कहा। लेकिन साढ़ू उसकी पत्नी को भेजने से मना करा देता था। साढ़ू से बदला लेने के लिए उसके आठ वर्षीय पुत्र फाजिल का अपहरण कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

### बालक की बरामदगी को गठित की थी चार टीमें

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने बालक फाजिल के अपहरण के मामले में एसपी ने ऑपरेशन इस्माइल के तहत बालक के बरामदगी के लिए चार टीमों का गठन किया। इन टीमों ने बहजोई, संभल, चन्दौसी व रामपुर समेत मिलने वाले संभावित स्थानों पर दबिश दी। पुलिस टीमों का सहयोग करने के लिए सर्विलांस व एसओजी टीमों को भी लगाया गया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह, सर्विलांस प्रभारी रामवीर सिंह व उनकी टीम, एसओजी प्रभारी दीपक राणा व उनकी टीम, उपनिरीक्षक सचिन भाटी, हेड कांस्टेबिल तेज सिंह, संजीव धामा, महिला हेड कांस्टेबिल सुमन शामिल रहे।

> इस मामले में बालक के पिता की ओर से पुलिस को सूचना दी गई कि 21 मई की सुबह आठ बजे उसके आठ वर्षीय बेटे का अपहरण कर लिया गया है। तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर टीमों का गठन किया गया। ऑप्रेशन इस्माइल के तहत बालक को सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। बालक को परिजनों को सौंप दिया गया है।
>
> -कुलदीप सिंह गुनावत, एसपी संभल



संभल के धुरैटा में तालाब का पटान करते लोग। ● अमृत विचार

# तालाब पर अवैध कब्जे की होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव धुरैटा में तालाब पर अवैध कब्जा किए जाने के मामले का संज्ञान प्रशासन ने लिया है। गुरुवार को राजस्व और चकबंदी विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जांच करेगी। जिसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

गांव धुरैटा में तालाब अवैध किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसमें ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी डालकर अवैध कब्जा किए जाने की सामने आई। ग्रामीणों का कहना रहा कि तालाब पर अवैध कब्जा किए जाने से जलभराव की समस्या बढ़ जाएगी। तालाब पर अवैध कब्जा किए जाने का मामला प्रशासन तक पहुंचा तो संज्ञान लिया गया। तहसीलदार रवि सोनकर ने बताया कि चूंकि गांव धुरैटा चकबंदी में आ रहा है। इसलिए गुरुवार को एसीओ चकबंदी और क्षेत्र के लेखपाल मौके पर जांच करेगी। इस संबंध में एसीओ से बात हो चुकी है।

# आउटसोर्सिंग सफाई कर्मियों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते आउटसोर्सिंग सफाई कर्मी। ● अमृत विचार

- वेतन न मिलने पर आर्थिक संकट झेल रहे कर्मचारी, जीवन यापन में हो रही परेशानी
- एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर अप्रैल माह का वेतन जारी कराने की मांग उठाई

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद के आउटसोर्सिंग सफाई कर्मियों को अभी तक अप्रैल माह का वेतन नहीं मिला है। जिससे उन्हें परिवार के जीवन यापन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुस्साए आउटसोर्सिंग सफाई कर्मियों ने बुधवार को स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के बैनर तले तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। उप जिलाधिकारी की गैरमौजूदगी में तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर वेतन भुगतान कराने की मांग की।

स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष रोहित कुमार उर्फ रॉकी वाल्मीकि के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद के आउटसोर्सिंग सफाई कर्मी बुधवार की सुबह तहसील मुख्यालय पहुंचे और तहसील गेट पर प्रदर्शन किया। उप जिलाधिकारी की गैरमौजूदगी में तहसीलदार धीरेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि नगर पालिका परिषद चन्दौसी में कुल 125 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मी हैं। जिनका खुद का जीवन यापन और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई तथा भरण पोषण पालिका की ओर से मिलने वाले वेतन से ही होता है। अप्रैल माह का वेतन अभी तक नहीं मिला है। इसी समय स्कूलों में बच्चों के एडमीशन हो रहे हैं। बच्चों की फीस जमा करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आउटसोर्सिंग सफाई कर्मियों पर आय का अन्य कोई साधन भी नहीं है। अप्रैल माह का वेतन शीघ्र जारी किया जाए। प्रदर्शन करने वालों में विजेंद्र कुमार, सुरजीत कुमार आकाश, रोहित, बंटी, अरुण, अनिल, पंकज कुमार, सुरेंद्र कुमार, रितिक कुमार, नीरज, रवि, राजेश, सोनू, सुनीत, अनीता, बबीता, दीपक आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



राजा राममोहन राय की जयंती मनाते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### समाज सुधारक राजा राममोहन राय की मनाई जयंती

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने बुधवार को संयुक्त रुप से आधुनिक भारत के जनक, समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने वाले, ब्रिटिश शासन से सती प्रथा को बंद करवा कर कानून बनवाने वाले महान समाज सुधारक राजा राममोहन राय की जयंती सुरेश चंद्र शर्मा के आवास पर मनाई गई। सर्वप्रथम मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महान समाज सुधारक राजा राममोहन राय का जन्म 22 मई 1772 बंगाल के राधानगर में हुआ था। वह आधुनिक भारत के जनक तथा भारतीय पुनर्जागरण के अग्रदूत थे। वह ब्रह्म समाज के संस्थापक, सामाजिक सुधार आंदोलन के प्रणेता थे। उन्होंने भारतीय स्वंतत्रता संग्राम और पत्रकारिता दोनों क्षेत्रों को नई गति प्रदान की। मुगल सम्राट ने उन्हें राजा की उपाधि दी और ब्रिटिश शासन ने राय की उपाधि दी गई। संचालन संजीव मिश्रा ने किया। इस अवसर पर हेमंत कुमार गुप्ता, मनोज कुमार शर्मा, दीपेंद्र नाथ गुप्ता, वेदराम मौर्य, रामकिशोर अग्रवाल, सौरभ विश्वकर्मा, शिवशंकर मिश्रा, गंगा देवी, भास्कर मिश्रा, अंशुल मिश्रा, सुरेश चंद्र शर्मा, शांतनु मिश्रा, अक्षिता ने विचार व्यक्त किए।

### शोभायात्रा को भव्य रुप देने के लिए जिम्मेदारी सौंपी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** हिंदू स्वाभिमान सुरक्षा संघ की एक बैठक हिंदू जागरण मंच के नगर कार्यालय ब्रह्म बाजार में हुई। जिसमें आगामी छह जून दिन गुरुवार को हिंदू साम्राज्य दिवस के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर चर्चा की गई। शोभायात्रा को भव्य रुप देने के लिए रुपरेखा तैयार की गई। एक दूसरे को जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में हिजामं के जिला संयोजक मुकेश गोयल, जिला सह संयोजक निखिल पांडे, नगर संयोजक हनी चन्द्रा, आलोक वार्ष्णेय, गुलशन वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

### एआरटीओ ने किया डग्गामार बस का चालान

**संभल अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र में गांव दिनौरा से दिल्ली को जाने वाली डग्गामार बस के चालान की कार्रवाई हुई। बुधवार को एआरटीओ प्रवर्तन जयप्रकाश गुप्ता ने धनारी बस स्टैंड से भिरावटी को जाने वाले मार्ग पर डग्गामार बस को रोकने का प्रयास किया तो चालक ने गति बढ़ा दी। इस पर एआरटीओ ने पीछा करते हुए गाड़ी आगे लगाकर बस रुकवाई। एआरटीओ ने नियमों का उल्लंघन करने पर बस का 15 हजार रुपये का चालान किया। क्षेत्र में एआरटीओ के घूमने से डग्गामार वाहन संचालकों में खलबली का माहौल बना रहा।

### मद्यपान समाज व परिवार के लिए घातक : वेदप्रिया आर्य

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव दियौरा खास में आर्य यज्ञशाला के उद्घाटन के अवसर पर बुद्धवार को दूसरे दिन आर्यसमाज के विद्वानों ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से यज्ञ कर यज्ञशाला का उदघाटन किया। यज्ञोपरांत बहन वेद प्रिया ने मद्यपान को लेकर युवाओं से मद्यपान न करने अपील करते हुए कहा कि समाज में शराब बहुत बुरी बीमारी है। इसके सेवन से स्वास्थ्य और बुद्धि दोनों का ही नाश होता है। जिसका प्रभाव समाज व परिवार पर पड़ता है। व्यायाम व योग शिक्षक धर्मवीर आर्य ने समाज में फैली कुरीतियों दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, जुआ, अंधविश्वास आदि पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. यादराम सिंह आर्य, किशनपाल सिंह आर्य, उदयवीर सिंह आर्य आदि ने यज्ञ में आहुतियां दीं। यज्ञोपरांत आर्य समाज के विद्वानों आचार्य विनोद, राजाराम आर्य, विजेंद्र सिंह आर्य आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान अखिलेश आर्य, हरीसिंह आर्य, अनेकपाल सिंह आर्य, नौरतन सिंह, डम्बर सिंह, हरिश्चन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# शिविर में 50 मरीजों का किया लिवर का फाइब्रो स्कैन टेस्ट

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



निजी अस्पताल में निशुल्क शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

- गोशाला रोड स्थित निजी अस्पताल में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

**अमृत विचार:** गोशाला रोड स्थित डॉ. नरेंद्र कुमार गुप्ता के क्लीनिक पर लिवर संबन्धी विभिन्न बीमारियों की जानकारी के लिए फाइब्रो स्कैन निशुल्क परीक्षण शिविर लगाया गया। जिसमें डायबिटीज, मोटापा, एल्कोहलिक या खून में चर्बी की मात्रा आदि बीमारी से ग्रस्त लोगों का परीक्षण करके परामर्श दिया गया। शिविर में 50 मरीजों का परीक्षण किया गया। हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि लिवर को स्वस्थ्य रखने के लिए सभी तरह के खाद्य पदार्थों का संतुलित आहार लें, शराब का सेवन सीमित करें या पूरी तरह से छोड़ दें। स्वच्छता का पालन करें, नियमित रूप से व्यायाम करें , फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ खाएं, बहुत ज्यादा कैलोरी, खासकर वसा और शराब के रूप में न लें, खूब तरल पदार्थ पिएं, वायरल हेपेटाइटिस बी और सी के टीके लगवाएं, दवाओं का इस्तेमाल डॉक्टर के परामर्श के बाद ही करें। इस दौरान डॉ. मनोज चौधरी, डॉ. मीनाक्षी, पंकज यादव, मौसम गुप्ता, डॉ. टीएस पाल, अखिलेश कुमार खिलाड़ी, मनोज गुप्ता, आकाश अग्रवाल, मनोज कठैरिया, यश मदान, अमित चौधरी, सौरभ आर्य, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

## ई रिक्शा सवार महिला सहित तीन लोग घायल

**बबराला, अमृत विचार :** तेज रफ्तार पिकअप ने ई- रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में ई- रिक्शा सवार एक महिला और चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

नगर निवासी श्वेता वार्ष्णेय ई रिक्शा में बैठ कर गुन्नौर के बुध बाजार में खरीदारी करने जा रही थी। ई-रिक्शा में धनारी थाना क्षेत्र के गांव वहीपुर निवासी नेत्रपाल भी सवार था। बुधवार शाम करीब चार बजे नेशनल हाइवे स्थित मंडी समिति के सामने विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने ई रिक्शे में टक्कर मार दी। हादसे में ई रिक्शा चालक गुन्नौर के मोहल्ला हीरापुर निवासी जुनैद के साथ ही ई- रिक्शा में सवार श्वेता व नेत्रपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। जुनैद की गर्दन कटने से गंभीर हालत होने पर मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ रेफर किया गया है। जबकि श्वेता को गंभीर हालत में परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

# शिकायत करने के बावजूद ठीक नहीं हुए वाटर कूलर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- सभासद ने पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी से शिकायत कर वाटर कूलर की मरम्मत कराने की मांग की थी

**अमृत विचार:** शिकायत के बाद भी नगर पालिका ने शहर में लगे वाटरकूलरों की मरम्मत नहीं कराई है। हालांकि कुछ वाटरकूलर ठीक हो गए हैं लेकिन अधिकांश खराब हालत में हैं। जिससे भीषण गर्मी में लोगों को प्यास बुझाने के लिए भटकना पड़ रहा है। जबकि पालिका के सभासद ने दस दिन पहले शहर में लगे वाटरकूलरों को सही कराने की मांग की थी।

शहर में करीब 125 वाटरकूलर नगर पालिका की ओर से लगवाए गए थे। जिनमें से अधिकांश खराब हैं और कुछ सादा पानी दे रहे हैं। जबकि कुछ वाटरकूलरों का अस्तित्व ही खत्म हो चुका है। आधे से अधिक माह गुजरने के बाद भी नगर पालिका से खराब बने वाटरकूलरों को दुरुस्त करवाना उचित नहीं समझा । जबकि इस समय 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान से लोग बेहाल हैं। बाजारों में जाने वाले लोगों को वाटरकूलर खराब होने से ठंडा पानी नहीं मिल पा रहा है। दस दिन पहले सभासद तरुण कुमार नीरज ने पालिकाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर शहर के खराब वाटरकूलरों को दुरुस्त कराने की मांग की थी।

> शहर में करीब आठ-दस वाटर कूलर सही करा दिए गए हैं। वाटर कूलरों को सही कराने का कार्य जारी है। इसके अलावा नये वाटरकूलर व नये हैंडपंप के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृत होने पर नये वाटर कूलर व नये हैंडपंप भी लगाए जाएंगे।
>
> -लता वार्ष्णेय, पालिकाध्यक्ष

## ट्रक में अवैध रूप से स्टोन डस्ट ले जाते पकड़ा, रिपोर्ट

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाने में खनन अधिकारी ने ट्रक में उप खनिज स्टोन डस्ट लदा होने पर चालक व ट्रक मालिक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ट्रक पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। सोमवार की सुबह नौ बजे नायब तहसीलदार ने ट्रक में स्टोन डस्ट भरा होने पर पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द किया था। इसके बाद घटना की जानकारी खनन अधिकारी मोहम्मद हलीम को दी गई। कुछ देर बाद खनन अधिकारी थाने पहुंचे और ट्रक में लदे माल का निरीक्षण किया। जिसमें उपखनिज स्टोन डस्ट लदा हुआ था। जांच में चालक के पास अभिवहन प्रपत्र नहीं मिले। जिससे वाहन का एम चैक एप के माध्यम से ऑन लाइन चालान किया गया। खनन अधिकारी ने बताया कि वाहन स्वामी व चालक की ओर से बिना अभिवहन प्रपत्र के स्टोन डस्ट चोरी कर विक्रय किया जा रहा था। जिससे राजस्व की क्षति हुई है।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

स्वास्थ्य | फ्रिज के पानी से परहेज कर मिट्टी के घड़े इस्तेमाल कर रहे लोग

# भीषण गर्मी में टोंटी लगे मिट्टी के घड़ों की बढ़ी मांग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



चन्दौसी के बदायूं रोड पर टोंटी लगे घड़े बेचती महिला। ● अमृत विचार

- 100 से 200 रुपए तक का बिक रहा घड़ा

**अमृत विचार:** गर्मी से बचाव के लिए अधिक पेयजल का सेवन करना पड़ता है। वहीं बढ़ती बीमारियों के चलते भीषण गर्मी में टोंटी लगे मिट्टी के घड़ों की डिमांड बढ़ी है। लोग फ्रिज के पानी से परहेज करने के साथ ही मिट्टी के घड़े का पानी पीना पसंद कर रहे हैं। गर्मी लगातार तीखे तेवर दिखा रही है। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। ऐसे में अस्पतालों में बुखार, खांसी व जुकाम के मरीज भी ज्यादा आ रहे हैं। सरकारी अस्पताल में रोजाना के करीब 250 मरीज बुखार, खांसी व जुकाम के पहुंच रहे हैं। ऐसे में एहतियात बरतना भी जरुरी हो गया है। बीमारियों से बचाव के लिए लोग फ्रिज का ठंडा पानी पीने से बच रहे हैं और मिट्टी के घड़े का पानी पीना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं। नगर में संभल गेट, बिसौली गेट, गणेश मेला ग्राउंड, बदायूं रोड पर कुम्हार मिट्टी के बर्तन बनते हैं। इन दिनों मिट्टी के घड़ों की अधिक मांग के चलते तरह - तरह के घड़े बना रहे हैं।

बदायूं रोड पर मिट्टी के घड़े बेच रही मोनी देवी ने बताया कि इस बार लोग टोंटी लगे घड़े अधिक खरीद रहे हैं। 100 रुपये से 300 रुपये तक का घड़ा उपलब्ध है। इनकी मांग बढ़ी है। रोजाना के 8 से 10 घड़े बिक जाते हैं। वहीं लोग प्रतिष्ठानों में भी वाटरकूलर की बचाय टोंटी लगे मिट्टी के घड़े रख रहे हैं। जिससे खुद व ग्राहकों शीतल व शुद्ध पेयजल मुहैया हो सके।

### शरीर के लिए भी लाभदायक है मिट्टी के घड़े का पानी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गर्मी के दिनों में मिट्टी के घड़े का पानी मानव शरीर के लिए भी लाभदायक है। संयुक्त चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरवेंद्र सिंह ने बताया कि फ्रिज के पानी का तापमान मानव बॉडी से कम होता है। जिससे बाहर से आने पर तत्काल फ्रिज का पानी पीने से लोग बीमार हो जाते हैं। जबकि घड़े में छोटे छिद्र होते हैं। जिससे उसका तापमान मानव बॉडी के तापमान के बराबर रहता है। इस कारण गर्मी में घड़े का पानी इस्तेमाल करना चाहिए।

## गैस उपभोक्ता करा लें ई-केवाईसी बायोमेट्रिक सत्यापन

**बबराला, अमृत विचार :** घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को अपना ई-केवाईसी बायोमेट्रिक सत्यापन करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। हालांकि पेट्रोलियम मंत्रालय ने इस संबंध में नवंबर में ही निर्देश जारी किए थे लेकिन तमाम उपभोक्ताओं ने अपना ई-केवाईसी बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं कराया है। ऐसे उपभोक्ताओं के सामने दिक्कतें आ सकती हैं। ललतेश गैस एजेंसी की संचालिका लता कुमारी ने बताया कि सभी घरेलू उपभोक्ताओं का बायोमेट्रिक सत्यापन पूरा करने के निर्देश मिले हैं। सत्यापन के दौरान ऐसे ग्राहक जिनकी मृत्यु हो गई या जो दूसरी जगह रहने लग गए हैं, उन्हें चिन्हित कर सूची से अलग किया जाएगा। इसके साथ ही सब्सिडी संबंधित मामलों का नियमितीकरण करना भी इसका एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

अनारभ्या भवन्त्यर्थाः केचिन्नित्यं तथाऽगताः।
कृतः पुरुषकारो हि भवेद् येषु निरर्थकः॥

साधारण और बेकार के कामों से बचना चाहिए, क्योंकि उद्देश्यहीन कार्य करने से उन पर लगी मेहनत भी बर्बाद हो जाती है।

## संपादकीय

# चुनाव आयोग सख्त

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। इस चरण में आठ राज्यों/केन्द्र-शासित प्रदेशों के 889 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। राजनीतिक दलों की ओर से प्रचार के दौरान अमर्यादित एवं भड़काऊ भाषा के प्रयोग पर भारत के चुनाव आयोग ने सख्ती दिखाई है। चुनाव आयोग ने भाजपा और कांग्रेस से जाति, समुदाय, भाषा और धार्मिक आधार पर प्रचार करने से परहेज करने को कहा है। आयोग ने भाजपा से उन प्रचार भाषणों को रोकने के लिए भी कहा जो समाज को विभाजित कर सकते हैं। आयोग ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को लिखे पत्र में टिप्पणी की है कि उनकी पार्टी के स्टार प्रचारकों की बातों में एक पैटर्न दिखता है और उससे ऐसे आख्यान सृजित होते हैं, जो आदर्श चुनाव संहिता अवधि के बाद भी घातक हो सकते हैं। साथ ही कांग्रेस से यह सुनिश्चित करने को कहा कि उसके स्टार प्रचारक और उम्मीदवार ऐसे बयान न दें जिससे यह गलत धारणा बने कि संविधान को खत्म किया जा सकता है या बेचा जा सकता है। रक्षा बलों का राजनीतिकरण नहीं करने और सशस्त्र बलों की सामाजिक-आर्थिक संरचना के बारे में संभावित विभाजनकारी बयान नहीं देने को कहा है।

बुधवार को चुनाव आयोग ने भाजपा, कांग्रेस और अन्य पार्टियों के नेताओं को चुनाव रैली और प्रेस वार्ता के दौरान भाषा में संयम बरतने और मर्यादा रखने के लिए नोट जारी किया है। इससे पहले मंगलवार को चुनाव आयोग ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और पश्चिम बंगाल के तमलुक से भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय की तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी के खिलाफ टिप्पणी के लिए निंदा की और उन्हें 24 घंटे के लिए चुनाव प्रचार करने से रोक दिया था। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष से यह भी कहा कि वह पार्टी की ओर से सभी उम्मीदवारों और प्रचारकों को एक सलाह जारी करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अभियान अवधि के दौरान ऐसी चूक दोबारा न हो। चुनाव आयोग ने ठीक ही कहा कि राजनीतिक दल भारतीय मतदाता के गुणवत्ता पूर्ण चुनावी अनुभव की जो विरासत है उसे कमजोर करने की कोशिश न करें। वास्तव में चुनाव आते जाते रहते हैं परंतु भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक तानेबाने की रक्षा इन सबसे बढ़कर है। भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश को चुनावों में प्रभावित नहीं किया जा सकता। भाषा पर संयम न बरतने के चलते मतदाता के बीच गलत संदेश जाता है और राजनीतिक दलों की छवि भी खराब होती है। इसलिए चुनाव प्रचार के दौरान सभी दलों के नेताओं को राजनीतिक शुचिता व मर्यादा का पालन करना चाहिए ताकि लोकतंत्र एवं चुनाव की गरिमा कलंकित न होने पाए।

# लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बाजारवाद मनुष्य को अकेला बनाकर के मारता है। इसके कारण लोकदृष्टि का महत्व आज बढ़ गया है। लोग अपनी जीविका की खोज में एक प्रांत से दूसरे प्रांत में और संसार के विभिन्न देशों में जा रहे हैं, उनका नाता धरती से ही नहीं अपनी समष्टि से भी टूट रहा है।

लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन मनुष्य और मनुष्यता की प्रतिष्ठा है। समष्टि की प्रतिष्ठा है, समष्टि के कितने ही सोपान हो सकते हैं-व्यक्ति की सीमा से बाहर निकलें तो मोहल्ला भी समष्टि है, उसके आगे समुदाय है, जाति है, जाति से बाहर वृहत्तर समाज है। गांव है, जनपद है फिर प्रदेश है, फिर राष्ट्र की प्रतिष्ठा है। परिवारों के परिवार का ही नाम समाज है और कुटुंबों के कुटुंब का नाम राष्ट्र। उसके आगे विश्वचेतना है। लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन विश्वव्यापी चैतन्य शक्ति का साक्षात्कार करना है, जिसे महाकवि जयशंकर प्रसाद के शब्दों में विश्वचेतना कह सकते हैं। यहां यह स्पष्ट है कि किसी सबल राष्ट्र अथवा वहां के राष्ट्रपति की आवाज विश्वचेतना की आवाज नहीं है, वह सबल राजसत्ता की आवाज है।

विश्वचेतना सामान्यजन की चेतना है, सामान्य जन अर्थात् विश्वचेतना के अध्ययन में समष्टि की वही क्रमिकता है-मोहल्ला, समुदाय, जाति, वृहत्तर समाज, गांव, जनपद, प्रदेश और फिर राष्ट्र तथा उसके आगे विश्वचेतना। लोकवार्ता के अध्ययन की बेसिक रीडर तो गांव और गली ही है, किंतु उसकी दिशा और प्रयोजन विश्वचेतना ही है। गली वाला भी मनुष्य है और उस सबल राष्ट्र का राष्ट्रपति भी मनुष्य है। लोकवार्ता उस समानता या एकता के सूत्र का अनुसंधान है। लोकवार्ता के अध्ययन के अनेक स्कूल (संप्रदाय) बने हैं, लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन स्वयं मनुष्य को जानना है, आदमी के भीतर बैठे एक और आदमी को जानना, संस्कृति की गति और प्रक्रियाओं को समझना। जनपदीय फिर अंतर्जनपदीय, फिर अंतर्प्रदेशीय, राष्ट्रीय और फिर अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ में मनुष्य और समष्टि का अध्ययन। हमें आदमी के भीतर के आदमी की पहचान करनी है।

लोकवार्ता का सूत्र है विशेष से सामान्य। सामान्य मनुष्य भी मनुष्य है। बड़े-बड़े आलोचक हीनता बोध से ग्रस्त हैं-हम जंगली हैं और वे लोग बहुत विकसित हैं। उनकी विचारधारा वैश्विक है और हम कूपमंडूक हैं। इस हीनता बोध का कारण मनुष्य की सत्ता से अपरिचय है। मनुष्य और मनुष्य में समानताएं भी हैं और विविधता भी हैं। यह विविधता आनुवंशिक भी हैं और परिवेशगत भी हैं। विविधता में भी एकता के सूत्र हैं, उनकी खोज करना लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन है। विश्व की जनता का सम्मिलन और जन सहयोग। जातीय स्मृतियों में आनुवंशिक तत्व है। वाचिक परंपरा जातीय स्मृति के इन तत्वों से एक मनोवैज्ञानिक परिवेश की रचना करती है। भारत के लोकजीवन की गहराई में जन-गण की मैत्री और सामंजस्य की शक्तियां किस प्रकार सक्रिय हैं, प्रांतभेद, मजहब, वर्ग विषमता और विविधताओं के गर्भ में मनुष्य की संवेदना कितनी प्राणवान है। जनमानस और मुनिमानस का द्वंद्व चलता रहा है और आगे भी चलता रहेगा। शास्त्र पर लोक का प्रभाव तथा लोक पर शास्त्र का प्रभाव समझना लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन है।

सामूहिक दृष्टि के विकास का अध्ययन समष्टि के सूत्रों की पहचान करने के लिए है, लोकोन्मुखी दृष्टि के लिए है। दुख दर्द के प्रति करुणा और संवेदना के लिए है। लोकवार्ता में जनता के संघर्ष की आवाज है, लोकवार्ता में सबल के द्वारा किए गए उत्पीड़न से ग्रस्त लोकमन की अनुभूति और अभिव्यक्ति है।

सामूहिक दृष्टि के विकास का अध्ययन समष्टि के सूत्रों की पहचान करने के लिए है, लोकोन्मुखी दृष्टि के लिए है। दुख दर्द के प्रति करुणा और संवेदना के लिए है। लोकवार्ता में जनता के संघर्ष की आवाज है, लोकवार्ता में सबल के द्वारा किए गए उत्पीड़न से ग्रस्त लोकमन की अनुभूति और अभिव्यक्ति है। सबल के द्वारा किए गए उत्पीड़न का एक नाम सामंती भी है, किंतु वह उसका एक रूप है। महत्परिवर्तनं क्रांतिः, परिवर्तन और क्रांति होती हैं और होंगी भी, लेकिन ध्यान रखने की बात है कि परिवर्तन का जन्म परंपरा के गर्भ से होता है। इसलिए परंपरा अथवा मनुष्य जीवन की निरंतरता लोकवार्ता के अध्ययन का आधारभूत सूत्र है। जातीय अस्मिता की पहचान और सामूहिक स्मृतियों की परंपरा को समझना लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन है। संस्कृतियां किस प्रकार मिल जाती हैं, किस प्रकार बिछुड़ जाती हैं, किस प्रकार लीन और विलीन हो जाती हैं? उनके द्वंद्व और समायोजन की प्रक्रिया को समझना लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन है। लोकवार्ता के अध्ययन का एक प्रयोजन यह भी है कि हम इस बात को समझ लें कि किताब या शास्त्र के बाहर भी ज्ञान विज्ञान की परंपरा है। लोकतंत्र को सुदृढ़ करना लोकसंस्कृति के अध्ययन का एक प्रयोजन है। लोकवार्ता लोकमानस और लोकजीवन को जानने का प्रयोजन यह भी है कि देश में शासक और शासित के जीवन में सम और ताल को खोजा जा सके। लोक प्रशासन लोक का प्रशासन बने जिसमें लोक की भूमिका हो। लोकवार्ता का लोकतंत्र राजमहल में रहने वाले और गांव की झोंपड़ी में रहने वाले इंसान को एक ही तराजू से तोलता है।

लोकवार्ता के आंगन की परिधियां उतनी ही बड़ी हैं जितनी कि मानव जीवन के विस्तार और मानव जीवन की संभावनाएं हैं। जीवन के लिए जैसे दसों दिशाएं खुली हुई हैं, वैसे ही लोकवार्ता के आंगन की सभी दिशाएं भी खुली हुई हैं, क्योंकि अंततः लोकवार्ता का अध्ययन मनुष्य और मनुष्य जीवन का अध्ययन है। यह लोकवार्ता के अध्येता पर है कि वह किस प्रयोजन से मनुष्य और मनुष्य जीवन को जानना चाहता है? मनुष्य का अध्ययन करने वाले अनुशासनों में लोकविज्ञान अधुनातन और विकासशील अनुशासन है। लोकवार्ता का अध्ययन करने वाले व्यक्ति को सबसे पहले अपने पढ़े लिखे होने का अभिमान छोड़ना पड़ेगा, क्योंकि किताबी सिद्धांतों का आग्रह यहां काम नहीं आता। लोकवार्ता का कोई निर्धारित व्याकरण नहीं है। लोक की अभिव्यक्तियां अनगढ़ होती हैं। उन पर निरंतर विभिन्न वर्गों, विभिन्न संस्कृतियों की तह चढ़ती चली जाती है। लोकवार्ता का अध्ययन अंतर अनुशासनिक अध्ययन है, लोकवार्ता में मानवशास्त्र है, इतिहास है, समाजशास्त्र है, मनोविज्ञान है, भाषा विज्ञान है, नीतिविज्ञान है, साहित्यशास्त्र काव्यशास्त्र है, सौंदर्य विज्ञान है, कला है, संगीत है, लोकमंच है।

लोकसंस्कृति के अध्ययन का प्रयोजन देशज चिंतन और लोकजीवन को समझना है। विद्वानों या नेताओं के दृष्टिकोण का महत्व वहीं तक है, जहां उनके व्यक्ति की सीमा टूट गई है, जहां उनके अपने निजी हानि-लाभ का हिसाब जीवित है, वहां आकर उनके मत का समाज के लिए कोई महत्व नहीं है। विचार का जन्म देशकाल में होता है। बड़े से बड़ा विचारक अपने देशकाल की ही व्याख्या करता है गांधीवाद, राष्ट्रवाद या मार्क्सवाद का महत्व उसी स्थिति में है, जिस स्थिति में उसे पचाया जा चुका है, उसे सनातन की तरह प्रतिपादित करना एक तरह का रूढ़िवाद है। जिस देश और जिस काल में हम जीवित हैं, वह हमारी समस्या का भी आधार है और समाधान का भी। अनुकरण या होड़ से समाधान न पहले कभी निकल सका है और न आगे कभी निकलेगा। अनुकरण या होड़ से हम चलना सीख सकते हैं, परंतु चलने के लिए पैर अपने होंगे और रास्ता भी अपना ही होगा। समस्या का विश्लेषण भी लोकजीवन में ही हो सकता है और समाधान के विचार भी लोकजीवन में से ही निकलेंगे।

बुद्ध हों या महावीर, कबीर हों अथवा महात्मा गांधी, इनके विचार किसी पुस्तक में से नहीं आए, लोकजीवन में से ही निकले, समष्टिमन, समष्टि मेधा। उस जमाने में भारत की लोकसंस्कृति पर हमला हुआ था, तब मंदिर तोड़े गए थे, मूर्तियां तोड़ी गई थीं, जजिया कर लगाया गया था, किंतु भारत की जीवन पद्धति ने भारत के जीवन दर्शन ने हार नहीं मानी। हमारी परिवार संस्था बनी रही। मनुष्य और मनुष्य का रागात्मक संबंध बना रहा, मनुष्य और प्रकृति के बीच पारंपरिक संबंध कायम रहा। गंगा और यमुना की धार अविरल बहती रही। आज जब पश्चिम की बयार बह रही है, भारत की जीवन पद्धति और भारत के जीवन दर्शन पर आक्रमण हो रहा है। हम टुकुर-टुकुर देख रहे हैं कि इस पछैयां-ब्यार में सबकुछ उड़ा जा रहा है, जीवन-पद्धति भी, जीवन दर्शन भी, भाषा भी, कला भी, संगीत भी। बाजारवादी दर्शन। नाता रिश्ता मुनाफे के लिए। अपने लिए। सिर्फ अपनी-अपनी चिंता।

बाजारवाद मनुष्य को अकेला बनाकर के मारता है। इसके कारण लोकदृष्टि का महत्व आज बढ़ गया है। लोग अपनी जीविका की खोज में एक प्रांत से दूसरे प्रांत में और संसार के विभिन्न देशों में जा रहे हैं, उनका नाता धरती से ही नहीं अपनी समष्टि से भी टूट रहा है। ऐसी स्थिति में समष्टि भाव और समष्टि मेधा की खोज इतनी महत्वपूर्ण हो गई है जितनी आज से पहले कभी नहीं थी।

## प्रसंगवश

# पानी कम हो या ज्यादा नुकसानदेह

ज्यादा पानी पीने से शरीर की कोशिकाओं में सूजन पैदा हो सकती है, जिस वजह से मरीज कोमा में जा सकता है और उसकी मौत की संभावना भी बढ़ जाती है। अधिक पानी पीने से पेट फूल जाता है, सावधान न रहे तो उल्टी और सिर दर्द की शिकायत भी होती है। खून में पानी का स्तर बढ़ जाता है, जिस वजह से हृदय प्रभावित होता है।



डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

बताने की जरूरत नहीं है कि मई की शुरुआत के साथ देश में तापमान बढ़ने लगा है। उत्तर भारत के कई इलाकों में लू का भी दौर चल पड़ा है। धूप की तपिश से बचने के लिए शरीर को डिहाइड्रेटेड रखना बहुत जरूरी हो जाता है। गर्मी में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएंगें तो निर्जलीकरण समेत कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव कर सकेंगे। एक व्यक्ति को एक दिन में कितना पानी पीना चाहिए, यह कई बातों पर निर्भर करता है। व्यक्ति की उम्र क्या है? वह क्या खाता-पीता है? इन सभी बातों की बहुत अहम भूमिका होती है।

उदाहरण के लिए एक बच्चे को हर रोज औसतन 0.8 से एक लीटर पानी पीने की आवश्यकता होती है। वहीं एक व्यस्क की बात करें तो उन्हें दिनभर में तीन-चार लीटर पानी जरूर पीने की सलाह दी जाती है। वैसे यह देश काल परिस्थिति पर भी निर्भर करता है। सामान्यत सर्दी के मुकाबले गर्मियों में लोगों को अधिक पानी पीने की जरूरत महसूस होती है। पानी को एक सांस में पीने की जगह घूंट-घूंट करके पीना चाहिए। इससे आपकी पाचन शक्ति भी बेहतर होती है। एक बात और गर्मियों के मौसम में फ्रिज का पानी पीने का मन तो बहुत करता है, लेकिन फ्रीज का ठंडा पानी पीना काफी हद तक नजरअंदाज करें तो बेहतर है। काफी ठंडा पानी पीने से शरीर की अग्नि कम हो जाती है। इससे भूख प्रभावित होती है और शरीर में एंडो टॉक्सिंस रिलीज होना शुरू होते हैं, इसलिए अगर किसी प्रकार का डायट फॉलो नहीं कर रहे है तो सादा पानी या गुनगुना पानी ही पीने को प्राथमिकता दें। गर्मियों में अगर आप दिन में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पिएंगे तो डिहाइड्रेटेशन की वजह से किडनी स्टोन का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा पानी की कमी की वजह से इलेक्ट्रोलाईट बैलेंस भी बिगड़ सकता है।

ऐसे में इन सभी चीजों से बचने के लिए लोगों को समय-समय पर ज्यादा से ज्यादा पानी पीते रहना चाहिए। डायबिटीज और किडनी स्टोन के मरीजों को शरीर में पानी की कमी होने नहीं देनी चाहिए, पानी पीते रहना चाहिए। कहने के लिए तो हम कहते हैं कि जल है तो जीवन है, लेकिन कई बार यही जल जीवन को तबाह कर देता है। इसलिए यह भी ध्यान रखना चाहिए कि जरूरत से ज्यादा पानी पीना शरीर के लिए नुकसानदायक भी बहुत है। शरीर में जरूरत से ज्यादा पानी की मौजूदगी किडनी पर जोर आजमाइश करती है। गुर्दे पर दबाव बढ़ाती है। लगातार इस दशा के बने रहने पर गुर्दा फेल होने की संभावना बढ़ जाती है। गुर्दे के मरीजों को अधिक मात्रा में पानी पीने से परहेज करना चाहिए। अधिक मात्रा में पानी पीने से शरीर के जरूरी लवण बाहर निकल जाते है, प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ जाती है। शरीर में सोडियम की कमी हो जाती है जिसकी वजह से हाईपोनेट्रोनेपिया की समस्या आ जाती है।

ज्यादा पानी पीने से शरीर की कोशिकाओं में सूजन पैदा हो सकती है, जिस वजह से मरीज कोमा में जा सकता है और उसकी मौत की संभावना भी बढ़ जाती है। अधिक पानी पीने से पेट फूल जाता है, सावधान न रहे तो उल्टी और सिर दर्द की शिकायत भी होती है। खून में पानी का स्तर बढ़ जाता है, जिस वजह से हृदय प्रभावित होता है और हृदयाघात की वजह बन जाती है। ज्यादा पानी पीने से बेचैनी, थकान, चक्कर आना, मितली, रक्तचाप कम होने जैसी समस्याएं होने लगती हैं। मसल्स टिश्यूज टूटने और दिमाग डैमेज होने की संभावना बढ़ जाती है। बार-बार पेशाब की समस्या होने लगती है, पेशाब की थैली कमजोर पड़ जाती है।

# प्रश्न पूछने की प्रवृत्ति प्रकृति प्रदत्त गुण



अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

संदेह न करने और विश्वास करने का पाठ उसको घुट्टी की तरह बचपन से पिलाया जाता है, जो उसके व्यक्तित्व का अनजाने ही अभिन्न हिस्सा बन जाता है।

सामान्य व्यक्ति धर्मों, धार्मिक किताबों, अवतारों, परंपराओं, संतों, महापुरुषों, गुरुओं आदि के प्रभाव में अनजाने में बचपन से आता-जाता है। बचपन में जब बच्चे का मन साफ और जिज्ञासु होता है, तब अनजाने में उसके मन को प्रदूषित कर दिया जाता है और जिज्ञासा की प्रवृत्ति को विकलांग या मार दिया जाता है। उसको इस प्रभाव में लाते हैं उसके सबसे बड़े हितैषी, यानी उसके माता-पिता, उसके परिवार के लोग, उसका परिवेश, उसका समाज, उसकी शिक्षा, उसके गुरु। युवा होते-होते वह इस प्रभाव की जकड़ में ऐसा आ जाता है कि फिर यह जकड़न जीवन में कभी कम या समाप्त नहीं हो पाती, कई बार तो बढ़ जाती है। इस प्रभाव की शक्ति का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि शिक्षा की बड़ी-बड़ी डिग्रियां भी व्यक्ति को इस प्रभाव से कभी मुक्त नहीं कर पातीं। इसके विपरीत इस प्रभाव को व्यक्ति 'दैवीय कृपा' और 'सच्चा ज्ञान' मानने लगता है।

ऐसी स्थिति में इस प्रभाव के स्रोतों पर विचार करने और संदेह करने के विषय में वह कभी सोच ही नहीं पाता है। संदेह न करने और विश्वास करने का पाठ उसको घुट्टी की तरह बचपन से पिलाया जाता है, जो उसके व्यक्तित्व का अनजाने ही अभिन्न हिस्सा बन जाता है। धर्मशास्त्रों, अवतारों, संतों, गुरुओं आदि पर विश्वास लाने की शिक्षा उसे औपचारिक शिक्षा से भी पहले दी जाने लगती है। धीरे-धीरे आस्था और श्रद्धा को वह बड़ा सद्गुण समझने लगता है। शास्त्रों से 'संशयात्मा विनश्यति' जैसे हवाले देकर उसे संशय करने से डराया जाता है और उसकी प्रश्नाकुलता को नष्ट कर दिया जाता है। इसी प्रभाव में अंधविश्वास, पाखंड, कर्मकांड, झाड़फूंक, टोना-टोटका, जादू-टोना, ज्योतिष, वास्तु, शुभ-अशुभ विचार, पाप-पुण्य आदि, उसके जीवन में समाहित जाते हैं।

क्या, क्यों, कैसे, कब, कहां, आदि प्रश्न पूछने की प्रवृत्ति बच्चों में जन्म से होती है। चंचलता, कौतूहल, जिज्ञासा और उत्सुकता बच्चों में प्रकृति प्रदत्त गुण होते हैं। इन्हीं गुणों के कारण वे दुनिया का ज्ञान प्राप्त करते हैं। इस प्रकार प्राप्त ज्ञान से वे जीवन जीते हैं। मगर पीढ़ियों से हमने बच्चों की इस मूलप्रवृत्ति को दबाने और नष्ट करने का प्रयास किया है। आज जो बच्चों के माता-पिता, नानी-नाना, दादी-बाबा आदि पारिवारिक लोग हैं, उनकी की भी इस मूलप्रवृत्ति को उनके बचपन में नष्ट किया गया है। वे भी संदेह न करने और विश्वास करने की सीख लेकर बड़े हुए हैं। यही विश्वास समय के साथ दृढ़तर होकर आस्था और श्रद्धा में बदल जाता है। अनुशासन की महत्ता उन्हें भी खूब बताई जाती है, विरोध और विद्रोह को अनादर और अपमान समझा जाता है। ऐसा व्यक्ति मानकर चलता है कि ईश्वर ने दुनिया बनाई है और क्योंकि वह पूर्ण है, इसलिए यह दुनिया भी पूर्ण है और इसमें सुधार परिष्कार करने के विषय में सोचना बनाने वाले की क्षमता पर संदेह करना है। ऐसा संदेह घोर पाप है। इस दुनिया को वही अपनी मर्जी से चला रहा है। पत्ता भी उसकी मर्जी से ही हिलता है। हमारा ही नहीं सभी, जड़ वस्तुओं तक का भाग्य उसने पहले से ही नियत कर दिया गया है, जो चल रहा है, वह बदल नहीं सकता। सब कुछ पहले से नियत है।

यों वह मानता है कि प्रकृति में सब कुछ परिवर्तनशील है, परंतु वह परिवर्तन का बड़ा सीमित अर्थ करता है। धर्म, उसकी पुस्तकों, अवतारों, गुरुओं, आदि के ज्ञान को लेकर वह परिवर्तन की आवश्यकता नहीं महसूस करता। इनके वह प्रकृति के शाश्वत सिद्धांत से परे मानता है। ऐसा करने के लिए वह इन्हें दैवीय मानने लगता है। इसी प्रभाव में जीवन में हुए विकास भी वह नहीं देख पाता, जबकि विकास के परिणामस्वरूप हुए नवीनतम आविष्कारों का सुख खूब भोगता है, उसका पाखंड यहीं नहीं रुकता। विकास के विपरीत पतन पर वह अधिक विश्वास करता है। वह कहता है पहले आदर्श स्थिति थी, अब पतन हो रहा है। इसी उद्देश्य से वह युगों की कल्पना करता है।

आदिमकाल, पत्थरकाल, ताम्रकाल, लौहकाल आदि इतिहास और जीवन में समय के साथ हुआ विकास उसे दिखाई नहीं पड़ता। इसकी वजह है, बचपन में प्रदूषित हुई दृष्टि। विकलांग दृष्टि और प्रदूषित चिंतन प्रक्रिया की वजह से सत्य को देखना उसके लिए संभव नहीं होता।

## सोशल फोरम

# मोहब्बत और नरमी



हफीज किदवई
लेखक

गामा पहलवान हमारे यहां मुहावरे की तरह इस्तेमाल होते हैं। जैसे माइकल जेक्सन, रफी, तानसेन वगैरह। यह सब एक नाम से ज्यादा मुहावरे हो चुके थे। किसी को थिरकते देखा तो कहा बहुत माइकल जैक्सन मत बनो, गाते सुना, तो कहा रफी मत बनो। कोई ने संगीत पर हाथ फेरा तो बोल उठे, अच्छा-अच्छा बड़े तानसेन न बनो।

ठीक वैसे ही कोई अगर अपनी जिस्मानी ताकत दिखाता है तो उसे हम लोग कह देते, देखो बड़े गामा बन रहे हैं। गामा हमारी जुबानों पर थे बिना यह जाने की वह है क्या। मुझे कुश्ती ज्यादा पसंद नहीं मगर यह याद है। जब बाबा जान ने कहा की गामा ने बंटवारे के वक्त खुद पाकिस्तान में खड़े होकर बहुत से हिंदुओं की जान बचाई। अपने खर्चे से उन्हें हिफाजत के साथ हिंदुस्तान भेजा। बाबाजान की बात से गामा में दिलचस्पी पैदा हुई। आगे जाना तो यहां तक एक परिवार के लिए अपनी कुश्ती का सामान तक उन्होंने गिरवीं रख दिया। गामा ने कहा था कि काश हमारा जिस्म और बड़ा होता तो उसकी नाप के कपड़े बड़े होते, जो ज्यादा लोगों के जिस्म ढंकने के काम आते हैं। अपने घर का अनाज तक जाने वालों को देकर खुद हफ़्तों कुछ नहीं खाया। महीनों दिन-रात अपनी गली की रखवाली करता रहा। यह दुनिया का मशहूर पहलवान गामा।

गामा ने कह रखा था कि उसकी गली के हिंदुओं को अगर कोई हाथ भी लगाएगा तो उसे गामा से भिड़ना होगा, गामा महीनों अपनी गली की रखवाली करते रहे, दुनिया का मशहूर पहलवान अपनी गली में दंगाइयों से हिफाजत करने को रात-रात जागता रहता। वह जो बंटने का दर्द गामा ने झेला था, वह दूसरों के हिस्से में नहीं आने देना चाहते थे।

23 मई को गामा ने दुनिया को अलविदा कहा था। इनका पूरा नाम गुलाम मोहम्मद बख्श था। गामा जिंदगी में कभी नहीं हारे। उनकी जिंदगी के बहुत से किस्से सुने जो अभी वैसे ही याद हैं। उनको क्या लिखें सिवाए इसके की आपकी प्रतिभा का क्षेत्र कोई भी हो अगर उसमें मोहब्बत और नरमी उतर आए तो आप दुनिया के दिलों पर राज करेंगे...

-फेसबुक वॉल से

# जीवन को संवारने वाले हैं बुद्ध के सिद्धांत

तथागत गौतम बुद्ध ने सारनाथ में दिए अपने प्रथम प्रवचन में कहा भिक्खुओं जो प्रव्रजित हैं, उसे दो प्रकार के आचरण से बचना चाहिए, कामभोग प्रधान जीवन से, क्योंकि ये दुर्बल बनाने वाला है। दूसरा निज पीड़ा प्रधान जीवन, क्योंकि यह दुखद है। इन दो प्रकार के आचरण से बचकर ही तथागत ने मध्यम मार्ग का अविष्कार किया है।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

गणतंत्र के महापर्व चुनाव के मध्य में बुद्ध पूर्णिमा का अवसर लोकतंत्र को समझने के लिए बुद्ध के सिद्धांतों को समझना जरूरी है। सिद्धार्थ का जन्म 563 ईसा पूर्व के आसपास का माना जाता है, उनके पिता शाक्य शुद्धोदन राजा थे। शुद्धोदन के साथ-साथ भद्दिय और दंडपाणि को भी शाक्यों का राजा कहा गया है। शाक्यों के प्रजातंत्र की गणसंस्था जैसे अब की पार्लियामेंट या सीनेट को लिच्छविगण की भांति राजा कहा जाता था। गौतम बुद्ध के जीवन की अद्भुत घटनाएं हैं, उनका जन्म वैशाख पूर्णिमा के दिन शालवृक्षों के लुम्बिनी वन में 563 ईसा पूर्व में हुआ। वैशाख पूर्णिमा के दिन ही बोधगया में पीपल के वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई, इसीलिए पीपल के वृक्ष को बोधिवृक्ष कहा गया है। उस वृक्ष को आज भी जीवित रखा गया है। वैशाख पूर्णिमा के दिन ही उनका परिनिर्वाण हुआ।

अंतिम शिष्य सुभद्र परिव्राजक को उपदेश देने के पश्चात कुशीनगर में शालवृक्षों के नीचे कहा भिक्षुओं मैं तुम्हें स्मरण करा रहा हूं, सभी संस्कार अनित्य हैं, अप्रमादपूर्वक अपने लक्ष्य में लगे रहो। इसीलिए वैशाख पूर्णिमा को बुद्ध के अनुयायी त्रिविध पूर्णिमा के रूप में मनाते हैं। असित ऋषि के दर्शन के आग्रह पर बालक सिद्धार्थ को उनकी गोद में दिया गया तब उनकी आंखों से अश्रुधारा बह निकली और कहा यह बालक तीन लोकों का स्वामी बनेगा और कीर्ति असीमित बढ़ेगी, अत्यंत विद्वान और दीर्घायु होगा। ऐसी ही भविष्यवाणी नामकरण के समय ज्योतिषी व पुरोहितों ने भी की थी। असित ऋषि की भविष्यवाणी शत प्रतिशत सच हुई, उन्होंने कहा था यह बालक सम्यक संबुद्ध होगा। लोक कल्याण के लिए अपना धर्मचक्र प्रवर्तित करेगा, जो इस संसार में पहले कहीं कुछ नहीं हुआ, सद्धर्म द्वारा आदि में कल्याण कारक, मध्य में कल्याण कारक और अंत में भी कल्याण कारक होगा। हुआ भी वैसा ही, भारत के संविधान और राष्ट्रीय ध्वज में धम्मचक्र महामहिम की कुर्सी के पीछे धम्म चक्र परिवर्तनाय अंकित है और कई देशों के संविधान की प्रस्तावना गौतम बुद्ध के सिद्धांतों से प्रारंभ है, जब उन्हें बोधिज्ञान प्राप्त हुआ तो सर्वप्रथम उन्होंने पंच भिक्खुओं को उपदेश देना उचित समझा, जो उन्हें निरंजना नदी पर उनके साथ थे और उनके भोजन ग्रहण करने से पथ भृष्ट समझ छोड़ आए थे।

तथागत गौतम बुद्ध ने सारनाथ में दिए अपने प्रथम प्रवचन में कहा भिक्खुओं जो प्रव्रजित हैं, उसे दो प्रकार के आचरण से बचना चाहिए, कामभोग प्रधान जीवन से, क्योंकि ये दुर्बल बनाने वाला है। दूसरा निज पीड़ा प्रधान जीवन, क्योंकि यह दुखद है। इन दो प्रकार के आचरण से बचकर ही तथागत ने मध्यम मार्ग का अविष्कार किया है। यह मध्यम मार्ग साधक को अंतर्दृष्टि प्रदान करने वाला, बुद्धि देने वाला, ज्ञान देने वाला और निर्वाण तक पहुंचा देने वाला है। यह मध्यम मार्ग ही श्रेष्ठ आष्टांगिक मार्ग हैं।

# कम होती घरेलू बचत



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

तीन साल में 9 लाख करोड़ रुपए घटी भारतीय परिवारों की सेविंग्स, 50 साल में सबसे कम घरेलू सेविंग में भारी गिरावट एक बड़ी चिंता का कारण बन गई है। आम भारतीय छोटी-छोटी पूंजी बचाकर अपना भविष्य सुरक्षित देखना चाहता है। एक भारतीय बचत इसलिए भी करता है कि वित्तीय भविष्य अप्रत्याशित है, यह बचत आम संतोष भी देती है। सांख्यिकी विभाग के आंकड़ों के अनुसार घरेलू बचत में भारी गिरावट देखने को मिली है। 2020-21 में यह बचत 23.29 लाख करोड़ थी, जो वर्ष 2021-22 में घटकर 17.13 लाख करोड़ रह गई और वर्ष 2022-23 में 14.16 लाख करोड़ पर आ गिरी है। भारत जैसे देश में यह गिरावट अप्रत्याशित कही जा सकती है। हालांकि अब क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स ने कहा है कि 2023-24 में घरेलू बचत बढ़ने की संभावना है। जानकारों का मानना है कि रोजगार न मिलने और महंगाई के कारण छोटी घरेलू बचत कम हो सकती है, जबकि कुछ एक्सपर्ट मानते हैं कि ऐसा म्यूचुअल फंड में निवेश के कारण हुआ है, क्योंकि इस दौरान म्यूचुअल फंड निवेश तीन गुना बढ़ा है। दोनों ही स्थितियों को अच्छा नहीं माना जा सकता, अभी कुछ दिन पूर्व ही मुख्य वित्तीय सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने सीआईआई की वार्षिक बैठक में घरेलू बचत को वायदा और विकल्प कारोबार में निवेश के प्रति आगाह किया, उन्होंने इस पर पुनः विचार करने की बात कही है, उन्होंने यह भी कहा कि वायदा कारोबार में निवेश करने के लिए अध्ययन और जानकारी की जरूरत होती है। उनका यह कथन भी तर्क पूर्ण है कि 1997-98 की एशिया की मंदी से हमें बचाने में इस बचत का भी काफी योगदान रहा था। ध्यान रहे छोटी-छोटी घरेलू बचत आत्मसंतोष और शांति तो देती ही हैं, यह बचत बुरे वक्त में साथ भी देती है।

## एक नजर

### वैश्य समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई की जिला महामंत्री अंजू मित्तल के आवास पर कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं के मेधावी वैश्य छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। जिसमें वेदांश, नव्या, देवांश, पर्व, ख्याति, तारूश आदि का अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई ने अंग वस्त्र पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की महिला जिला महामंत्री अंजू मित्तल, जिला संचालिका शिवानी गोयल, जिला संयोजिका ममता मित्तल, जिला मंत्री मंजू आर्य व सभी मेधावी छात्र-छात्राओं के माता-पिता आदि मौजूद रहे।

### विद्युत कटौती से सूख रहीं फसलें

**अफजलगढ़, अमृत विचार :** क्षेत्र में हो रही विद्युत कटौती के विरोध में बुधवार को भाकियू तोमर गुट के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष पश्चिमी उप्र के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन एसडीओ अफजलगढ़ को सौंपा। शेख रिजवान ने आरोप लगाया है कि बिजली कटौती से किसानों की फसलों को नुकसान हो रहा है। किसानों की समस्याओं का निस्तारण न होने पर आंदोलन किया जाएगा। एसडीओ ऋषिकांत ने कहा कि सभी क्षेत्रों में आपूर्ति व्यवस्थित करने के निर्देश अधीनस्थों को दिए हैं। कहीं भी कोई समस्या हो तो तत्काल अधिकारियों से संपर्क करें। प्राथमिकता के साथ आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी। इस अवसर पर ज्ञापन सौंपने वालों में नफीस अहमद, मोहम्मद दानिश, ताहिर, मोहम्मद इस्माइल, हनीफ, इसरार अहमद, शमशाद, काले कुरैशी, मोहम्मद इलियास मोबीन अहमद रहे।

### निर्माणाधीन व्यावसायिक भवन को किया सील

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर के बाहर चुंगी के पास निर्माणाधीन व्यावसायिक भवन को उप जिलाधिकारी के निर्देश पर सील कर दिया। बुधवार को उप जिलाधिकारी सदर सुधीर कुमार को जानकारी मिली कि चुंगी के पास व्यावसायिक भवन का मानक विपरीत निर्माण चल रहा है। जानकारी मिलने पर एसडीएम सदर ने नायब तहसीलदार को कार्रवाई के निर्देश दिए। नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर निर्माणाधीन व्यावसायिक भवन के निर्माण को रुकवाकर सील कर दिया।

# कीटनाशकों व सीड्स से भरा वाहन पकड़ा, सीज

## चालक के पास नहीं थे कीटनाशक से संबंधित अभिलेख

**संवाददाता, नगीना**



नगीना में कार्रवाई करते जिला कृषि रक्षा अधिकारी व पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने पुलिस टीम की मदद से सीड्स व कीटनाशक से भरे वाहन को पकड़कर सीज किया और पुलिस को सौंप दिया। वाहन का चालक कीटनाशक संबंधी अभिलेख नहीं दिखा पाया था।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी मनोज रावत ने टीम के रचित तोमर, दीपक कुमार, अरूण कुमार के सहयोग से पुलिस टीम के साथ मंगलवार रात नौ बजे स्टेशन रोड स्थित नन्दन बीज भण्डार के सामने से सीड्स व कीटनाशकों से भरी बुलेरो यूपी12बीएल6201 को पकड़ा। जिला कृषि रक्षा अधिकारी के अनुसार बुलेरो में विशाल मलिक पुत्र हंसराज मलिक निवासी साउथ सिविल लाइंस मुजफ्फरनगर व वाहन चालक मोहम्मद आमिल पुत्र मोहम्मद कामिल निवासी खालापार मुजफ्फरनगर मौजूद थे। दोनों ही मांगने पर कीटनाशकों के लाइसेंस एवं वाहन में भरे कीटनाशकों/सीड्स के वैध बिल नहीं दिखा पाए। जिस पर जिला कृषि रक्षा अधिकारी की टीम ने कीटनाशकों के अधोमानक व अवैध होने की आशंका के दृष्टिगत कीटनाशकों से भरा वाहन सीज कर दिया। उन्होंने सीड्स व कीटनाशकों से भरी बुलेरो को माल के सहित नगीना पुलिस के हवाले कर दिया।

● कीटनाशकों के अधोमानक होने की आशंका में की गई कार्रवाई



धरने पर बैठी महिलाएं। ● अमृत विचार

# आंगनबाड़ी केंद्रों को ग्रीष्म अवकाश देने की मांग

**कार्यालय संवाददाता, बिजनौर**

**अमृत विचार :** आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका संघ की जिला अध्यक्ष शीला देवी ने जिलाधिकारी से मिलकर भीषण गर्मी को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्र पर ग्रीष्मकालीन अवकाश देने की मांग की है।

बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के लाभार्थी 0 से 5 वर्ष के बच्चे होते हैं और गर्मी में बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाना कठिन कार्य है। इसलिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी गर्मी को देखते हुए पांच वर्ष तक के आयु के बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की समस्याओं को देखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश दिया जाए।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं का सम्मान

**किरतपुर, अमृत विचार :** बुधवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं की 62 वर्ष आयु पूर्ण होने पर सेवा समाप्त कर दी गई। इस संबंध में बाल विकास परियोजना कार्यालय पर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में सुमन प्रजापति, आमना परवीन व तारा देवी, कुसुम लता, शशी राजपूत, सोमवती, केलावती आंगनबाड़ी सहायिका केंद्र हिन्दुपुर, शिमला आंगनबाड़ी सहायिका केंद्र हुसैनपुर सुल्तान को उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अश्वनी, नरेश व अन्य आंगनवाड़ी कार्यकत्रिया मौजूद रही।

## शाहनवाज की हत्या में सुमित दोषी करार

**बिजनौर, अमृत विचार :** न्यायालय ने शाहनवाज की हत्या में आरोपी सुमित को दोषी करार दिया है। गुरुवार को मामले में फैसला सुनाया जाएगा।

विगत् 17 दिसंबर 2019 को दिल्ली पुलिस शाहनवाज व जब्बार को लेकर अहसान हत्याकांड में पेशी के लिए बिजनौर कोर्ट पहुंची थी। बिजनौर कोर्ट परिसर में शाहनवाज पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई थी। जबकि उसका साथी जब्बार फरार हो गया था। पुलिस ने तीनों हमलावरों साहिल पुत्र अहसान निवासी नजीबाबाद, अकराज निवासी किरतपुर, सुमित निवासी शामली को गिरफ्तार कर लिया था। कोर्ट में हत्या को लेकर पूरे प्रदेश में हड़कंप मच गया था। शासकीय अधिवक्ता मुकेश चौहान के मुताबिक आरोपी साहिल व अकराज की सुनवाई पर हाईकोर्ट से स्टे है। बुधवार को न्यायालय ने सुमित को जानलेवा हमला, हत्या व अवैध शस्त्र रखने का दोषी करार दिया है। 23 मई को बाद सजा सुनाई जाएगी।



नहटौर में कलश यात्रा में शामिल महिलाएं व पुरुष। ● अमृत विचार

# श्रीराम कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

**संवाददाता, नहटौर**

● सनातन धर्म प्रचार सभा के तहत हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार :** सनातन धर्म प्रचार सभा के तत्वावधान में श्रीराम कथा का चामुंडा धाम परिसर में आयोजन किया। इस अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई। बुधवार को सनातन धर्म प्रचार सभा के तत्वावधान में नवदुर्गा मंदिर से 251 महिलाओं की कलश यात्रा प्रारंभ हुई। जिसमें कथा के मुख्य यजमान मुकेश गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी पायल गुप्ता सिर पर रामायण को लेकर कलश यात्रा के साथ आगे चल रहे थे। कलश यात्रा मुख्य मार्गों से होती हुई चामुंडा धाम में आकर संपन्न हुई। इस अवसर पर बाबा मलंग दास, समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, पवन अग्रवाल, प्रमोद वर्मा, मुकेश वर्मा, निश्चल त्यागी मौजूद रहे। कलश यात्रा में सबसे पीछे कथा व्यास रवि शंकर रथ पर सवार थे।

## दो पक्षों में मारपीट में आठ लोगों पर रिपोर्ट

**अमरोहा, अमृत विचार :** देहात थाना क्षेत्र में मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्षों में बीच सड़क पर लाठी-डंडे चले। इससे गांव में अफरातफरी मच गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

घटना क्षेत्र के गांव सिरसागढ़ पंडकी की है। यहां राहुल और अशोक का परिवार रहता है। मंगलवार शाम को दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर मामूली कहासुनी हो गई थी। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया और मारपीट होने लगी। बताया कि बीच सड़क पर दोनों पक्षों में लाठी डंडे चले। मौके पर एकत्र ग्रामीणों ने किसी तरह से दोनों के बीच मामला शांत कराया। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों के आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## ठेकेदार से रुपये मांगने का ऑडियो वायरल

**हसनपुर, अमृत विचार :** व्यापारी संगठन के व्हाट्स एप ग्रुप पर दूसरे संगठन के व्यापारी नेता की ऑडियो वायरल हो रही है। जिसमें व्यापारी नेता प्रदर्शनी के ठेकेदार से कार्यक्रम के खर्चे के रुपये मांगने के विषय में वार्ता कर रहा है।

बाईपास मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के निकट प्रदर्शनी लगी है। प्रदर्शनी के ठेकेदार से व्यापारी संगठन के नेता द्वारा फोन से व्यापारियों की गजरौला में होने वाली बैठक में खर्च के आधे रुपये मांगे जा रहे हैं। प्रदर्शनी के ठेकेदार ने इसकी शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों से भी की है, वहीं दूसरे व्यापार संगठन के व्हाट्स एप ग्रुप में जिला स्तरीय पदाधिकारी ने ऑडियो वायरल कर दी है। लेकिन कुछ समय बाद व्हाट्सएप से वह ऑडियो डिलीट हो गई। मामले में संगठन के जिला अध्यक्ष ने संगठन की गजरौला में बैठक होने से इनकार किया है।



रहरा में बिहारी सिंह कन्या इंटर कॉलेज में कार्य करती छात्राएं। ● अमृत विचार

# छात्राओं ने संभाली स्कूल की जिम्मेदारी

**संवाददाता, रहरा**

**अमृत विचार :** रहरा के चौधरी बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं को स्कूल का संचालन करने की जिम्मेदारी दी। छात्रों ने स्कूल का संचालन करते हुए प्रधानाचार्य और शिक्षिका की जिम्मेदारी निभाई।

बुधवार को चौधरी बिहारी सिंह कन्या इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य अनीता शर्मा ने बताया कि कॉलेज की छात्राओं को स्कूल संचालन की जिम्मेदारी दी गई। उन्होंने बताया कि प्रियांशी को प्रधानाचार्य और वंदना नागर को शिक्षिका की जिम्मेदारी दी। दोनों ने पीटीआई में देर से आने वाले को समय पर आने पर चेतावनी दी। प्रधानाचार्य ने विद्यालय की कक्षाओं का निरीक्षण करते हुए कार्य में कर्मियों को दूर करने के निर्देश दिए। कॉलेज की प्रधानाचार्य ने बताया कि दोनों छात्रों ने जिम्मेदारी के साथ कॉलेज का संचालन किया। इस अवसर पर कॉलेज की प्रधानाचार्य अनीता शर्मा, संरक्षक डॉ. सुरेंद्र सिंह त्यागी ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## दवा लेने आए बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत

**अमरोहा, अमृत विचार :** बुधवार को बिजनौर के स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव खलीलपुर निवासी रामपाल पुत्र भगवान सिंह 65 वर्ष अमरोहा दवा लेने के लिए आया था। वह दवा लेने के बाद घर जाने के लिए रोडवेज बस अड्डे पर पहुंचा और वहां बस के इंतजार में बैठ गया। कुछ ही देर में वह कुर्सी से नीचे गिर गया।

इस पर रोडवेज कर्मचारियों ने उसको बेंच पर लिटाया और चेहरे पर पानी डाला। रोडवेज के बाबू मोहम्मद नाजिम ने बताया कि बुजुर्ग के बेहोश होने पर जानकारी पुलिस को दी थी। पुलिस ने बुजुर्ग को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां चिकित्सक ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी। मृतक के बेटे सोनू ने बताया कि पैर की दवा लेने के लिए उसके पिता पहली बार अमरोहा आए थे। परिवार के लोग शव लेने अमरोहा पहुंच गए।

# मॉक ड्रिल में कर्मचारियों को आग से बचाव के तरीके बताए

**संवाददाता, मंडी धनौरा**

**अमृत विचार :** अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने अग्नि सुरक्षा के संबंध में नॉरेक्स प्राइवेट लिमिटेड में मॉक ड्रिल किया। आग से बचाव और आपदा में बाहर निकलकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचने का प्रशिक्षण दिया।

बुधवार को नॉरेक्स प्राइवेट लिमिटेड में मॉक ड्रि किया। एफएसओ रतन सिंह व एएसई की अगुवाई में मॉक ड्रिल में बताया कि आग लगने के दौरान कैसे एहतियात बरतनी है। एफएसओ रतन सिंह ने आग के प्रकार, फायर एक्सटिंग्विशर और फायर हाइड्रेंट चलाने का तरीका बताया। एफएसओ ने बताया कि आग लगने से ज्यादा नुकसान धुएं से होता है। आग लगने पर घबराएं नहीं, हिम्मत और धैर्य से काम करें। आग लगने की सूचना 101 पर दे। मॉक ड्रिल के बाद नॉरेक्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक राकेश अग्रवाल, सुरक्षा प्रबंधक ललित कुमार, सह सुरक्षा प्रबंधक आकाश नीरस व सहायक सुरक्षा प्रबंधक विकास कुमार दुबे द्वारा कंपनी के सभी कर्मचारियों को सुरक्षा के मद्देनजर सावधानी बरतने की बात कही गई। इस अवसर पर कंपनी निदेशक वैभव अग्रवाल, वाइस प्रेसिडेंट ऑपरेशंस शशांक अग्रवाल सहित कंपनी के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।




मंडी धनौरा में आग बुझाने का तरीका बताती दमकल टीम। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### टैंक साफ करने वालों को भी मिलेगा योजना का लाभ

**नगीना, अमृत विचार :** बुधवार दोपहर को पालिका प्रांगण में हुई सफाई कर्मचारियों की बैठक में सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा सिर पर मैला उठाने के काम से जुड़े कर्मचारियों को दूसरे कामों से जोड़ने के लिए 40-40 हजार रुपये का मुआवजा देने के लिए नगर पालिका में ही फॉर्म भरे जाएंगे। जो योजना से वंचित हैं उन्हीं के बैंक खाते, आधार कार्ड, फोटो से फार्म भरवाएंगे। साथ ही नाला और टैंक साफ करने वाले लोगों को भी योजना का लाभ दिया जाएगा। जिला संयोजक राजीव प्रसाद व संगठन के आदेश वाल्मीकि ने बताया के इस योजना से कोई भी वंचित नहीं रहेगा। बैठक को जिला समिति के सदस्य मनोज वाल्मीकि, संदीप वाल्मीकि ने संबोधित कर योजना का स्वागत करते हुए समाज के लोगों और महिलाओं से योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया है। बैठक में मेहर सिंह वाल्मीकि, करण सिंह, बिट्टू कुमार, अरविंद कुमार, धीरज कुमार, सोनू कुमार, नरेश कुमार, समेत महिलाएं मौजूद रहीं।

### नगर पालिका सभागार में स्वच्छता सर्वेक्षण पर कार्यशाला

**गजरौला, अमृत विचार :** नगर पालिका सभागार में स्वच्छता सर्वेक्षण से संबंधित कार्यशाला हुई। इसमें जीरो वेस्ट की बाबत जानकारी दी गई। बताया कि डिस्पोजल सामग्री का प्रयोग न कर धातु से बने बर्तनों का प्रयोग करने पर सफाई के साथ ही उनके द्वारा प्रयोग का लाभ मिलेगा। चेयरपर्सन राजेंद्री उर्फ उमा देवी ने कर्मचारियों एवं अन्य लोगों को जीरो वेस्ट इवेंट की जानकारी दी। इस दौरान स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह, आदेश अग्रवाल, वेद प्रकाश सिंह, अजय कुमार, ललित कुमार, इरशाद अली, वंदना अग्रवाल, संजय सागर, रविंद्र सिंह, अक्षय शुक्ला, शुभम सिंघल, विभोर जिंदल, ऋतिक सिंघल, रामपाल व्यास, आशीष मिश्रा रहे।

### बच्चों ने लिया पूल पार्टी का आनंद

**कोतवाली देहात, अमृत विचार :** गर्मी के दिनों में बाहर निकलना किसी खतरे से कम नहीं है। गर्मी से राहत पाने के लिए बुधवार को केएस चिल्ड्रंस अकादमी में बच्चों के लिए पूल पार्टी हुई। इसमे बच्चों ने मस्ती की। इस कार्यक्रम में नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चे शामिल रहे। बच्चों ने पूल पार्टी में रैंप वॉक, डांस, स्विमिंग, रेन डांस और सेल्फी पॉइंट व स्लाइड्स का आनंद लिया। प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने बताया कि बच्चों को पढ़ाई के साथ मनोरंजन ऐसे कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन मीनाक्षी शर्मा ने करवाया तथा चिंकी, माही, शिखा, आयुषी, निकिता, अंतिल, ज्योति, भावना, सोनम का योगदान रहा।

### आरपीएफ ने ट्रेन में छूटा बैग यात्री को सौंपा

**गजरौला, अमृत विचार :** रेलवे सुरक्षा बल थाना गजरौला ने ट्रेन में छूटा बैग बरामद कर यात्री को सुपुर्द किया। गजरौला आरपीएफ को मुरादाबाद से मैसेज मिला था कि गाड़ी संख्या 14242 नौचंदी एक्सप्रेस के महिला कोच में लाल रंग का ट्रॉली बैग छूट गया। सूचना पाकर हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह व लेडी कांस्टेबल पूनम ने ट्रॉली बैग को गजरौला स्टेशन पर गाड़ी से उतार कर कार्यालय में जमा किया। 22 मई को बिलाल पुत्र फरीद निवासी बघरा थाना तितावी जिला मुजफ्फरनगर स्टेशन पहुंचे। उन्होंने बताया कि 21 मई को वह गाड़ी में मेरठ से बरेली तक की यात्रा कर रहे थे। जैसे ही गाड़ी मेरठ स्टेशन से प्लेटफार्म छोड़ रही थी, तो उनका बैग ट्रेन में रह गया।

### शिविर में 55 यूनिट रक्त किया दान

**किरतपुर, अमृत विचार :** बुधवार को गुरुकुल कोचिंग संस्थान पर हिंदू ब्लड बैंक सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसका उद्घाटन राष्ट्रीय स्वंसेवक संघ के विभाग संघ चालक महेश पाल सिंह व डॉ. सर्वेश राजपूत साइंटिस्ट इसरो एवं प्रवेश राजपूत ने किया। कार्यक्रम के संयोजक गुरुकुल अकेडमी के संस्थापक हरिओम राजपूत रहे। रक्तदान शिविर में राहुल राजपूत, राहुल वर्मा मौजूद रहे। शिविर में 55 यूनिट रक्त एकत्रित किया। कार्यक्रम में चंचल राजपूत, प्रवेश राजपूत, हरिओम सिंह, राहुल राजपूत, सत्यवीर राजपूत, पंकज चौधरी, गजेंदर सिंह पाल, जतिन राजपूत, प्रखर राजपूत, टिपेंदर शर्मा, शिवा, सचिन, निखिल, लवित राजपूत, अमित राजपूत, भीषम कुमार, टिंकू, लईक भूरिया, रजनी कालरा रहे।

### शिविर में 30 मरीज आंखों के ऑपरेशन के लिए चिह्नित

**किरतपुर, अमृत विचार :** बुधवार को नेत्र एवं न्यूरो का निशुल्क कैंप अवामी इमदादी सोसायटी की ओर से मंडावर रोड पर स्थित अवमी इमदादी कार्यालय पर लगा। कैंप का उद्घाटन सोसायटी के अध्यक्ष शाहिद अली खान व डॉ. विवेक कुमार ने किया। कैंप सयोजक डॉ. एम जुनेद रहे। कैंप में हिमालय इंटीट्यूड डोईवाला की टीम एवं न्यूरो सर्जन डॉ. विवेक कुमार ने मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया। कैंप में लगभग 200 मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया। वहीं, 30 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया। चेकअप के पश्चात सभी मरीजों को निशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं।

### किशोरी की बरामदगी की मांग को लेकर हंगामा

**गजरौला, अमृत विचार :** बुधवार को किशोरी की बरामदगी की मांग को लेकर किशोरी के परिजनों व मोहल्लेवासियों ने थाने पर हंगामा किया। पुलिस ने किशोरी को जल्द बरामद करने का भरोसा दिया। 14 वर्षीय किशोरी 15 मई को लापता हो गई थी। परिजनों ने दूसरे संप्रदाय के युवक पर किशोरी के अपहरण का आरोप लगाया है। परिजनों ने इस बारे थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई है। वहीं पुलिस ने मोहल्ला जलाल नगर निवासी अलीशान को गिरफ्तार कर चालान किया था, लेकिन अभी किशोरी को बरामद नहीं किया जा सका है। सोमवार को परिजनों एवं मोहल्लेवासियों और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने पर हंगामा भी किया था। बावजूद इसके पुलिस किशोरी को बरामद नहीं कर सकी। इसके विरोध में बुधवार को लोगों ने थाने का घेराव कर हंगामा किया और किशोरी की जल्द सकुशल बरामदगी की मांग उठाई। इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया कि जांच की जा रही। जल्द ही किशोरी को बरामद किया जाएगा।

### दो चौराहों पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग

**हसनपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद के प्रदेश महासचिव अरुण त्यागी ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर नगर के दो चौराहों पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है। नगर के ब्लॉक तिराहे एवं अमरोहा बस स्टैंड चौराहा पर यातायात अधिक होने के कारण अक्सर यहां हादसे से होते रहते हैं। जिसके लिए राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद के प्रदेश महासचिव अरुण कुमार त्यागी ने जिला अधिकारी को पत्र भेजकर दोनों स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है। जिस पर अधिकारियों द्वारा सर्वे कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### महिला से घर में घुसकर मारपीट करने में रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** महिला से घर में घुसकर मारपीट के आरोप में पुलिस ने दंपती व उसके पुत्र-पुत्री के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव तिगरी निवासी जयकारी पत्नी ओमपाल का आरोप है कि 13 मई को उसके गांव के नेपाल सिंह पुत्र फूल सिंह ने अपनी पत्नी आदेश, पुत्र निखिल व पुत्री नीलम के साथ घर में घुसकर गाली-गलौज करनी शुरू कर दी और विरोध करने पर मारपीट की। शोर होने पर लोग बचाने दौड़े तो आरोपी पक्ष फरार हो गया। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस से मिलकर अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया। इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### अमरोहा का नाम नहीं बदलने को लेकर ज्ञापन सौंपा

**अमरोहा, अमृत विचार :** बुधवार को अंजुमन रजाकाराने हुसैनी, अंजुमन ए असगरी, हजरत शाह विलायत एजुकेशनल ग्रुप, अंजुमन ए अकबरी, अंजुमन-ए-इमामया, अंजुमन ए सादाते अमरोहा अंजुमने हाशिम बैनर संगठन व सोसायटी से जुड़े लोग कलेक्ट्रेट में पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। कहा कि जिले का नाम परिवर्तित न किया जाए। कहा कि अमरोहा नाम से से जनता को लगाव है। ज्ञापन देने वालो में अंजुमन रजाकाराने हुसैनी के खुर्शीद हैदर जैदी, नजीर हैदर, हुसैन हैदर, शाने मेहंदी, इकबाल हसनैन खान, चंदन नकवी, हसन मुख्तार, मुजाहिद अब्बास, नईम रजा, डॉ. शेहजाद, दयम रजा, मोहम्मद बाकर रहे।

### अक्षरा पब्लिक स्कूल में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**अमरोहा, अमृत विचार :** अक्षर पब्लिक स्कूल में चिकित्सकों ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। बुधवार को प्रधानाचार्य सुमन सिंह ने बताया कि गर्मियों की छुट्टियां घोषित होने पर चिकित्सकों ने बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों ने बच्चों की आंखें, वजन और लंबाई का परीक्षण किया। इसके साथ बच्चों ने वाटरमेलन पार्टी का भी आनंद उठाया। इस अवसर पर स्कूल की तमाम शिक्षिकाएं एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# अनियंत्रित कार पलटने के बाद दूसरी कार से टकराई

**संवाददाता, गजरौला**

**अमृत विचार :** बुधवार दोपहर एक कार अनियंत्रित होकर पलटने के बाद दूसरी कार से टकरा गई। जिसमें दोनों कारों में सवार सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं हादसे से नेशनल हाईवे पर जाम के हालात बन गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाया।

दिल्ली के लक्ष्मीनगर मोहल्ला निवासी नवीन का परिवार कार से नैनीताल घूमकर बुधवार को घर लौट रहा था। कार में स्वाति, उषा रानी, युवान सवार थे। दिल्ली-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गजरौला के पास चालक को नींद की झपकी आ गई। जिससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और दूसरी तरफ सड़क पर पहुंच गई। वहां एक आटो से टकराने के बाद कार दूसरी कार से टकरा गई। हादसे में दोनों कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। नवीन की कार में सवार स्वाति, उषा व युवान घायल हो गए।

वहीं दूसरी कार में मुंबई से नैनीताल जा रहे। सतीश व उसकी पत्नी संध्या, पुत्री सांझ व पुत्र सक्षम घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर एकत्र लोगों ने दोनों कारों में फंसे घायलों को बाहर निकालकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

हादसे के कारण वहां जाम के हालात बन गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)


# करनाल में भाजपा का इम्तिहान तो रोहतक में कांग्रेस की अग्नि परीक्षा

## 51 फीसदी वोटों का अंतर पाट पाएगा युवा चेहरा

### खट्टर की चुनौती

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** करनाल लोकसभा सीट पर 2019 में भारतीय जनता पार्टी ने 70 प्रतिशत से अधिक मत लेकर देश में दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी। कांग्रेस को केवल 19 प्रतिशत वोट मिले थे। लेकिन इस बार भाजपा से चुनाव लड़ रहे साढ़े नौ साल तक मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें कांग्रेस के युवा छात्र नेता दिव्यांशु बुद्धिराजा से कड़ी टक्कर मिल रही है। यहां खट्टर और भाजपा दोनों की प्रतिष्ठा का कड़ा इम्तिहान हो रहा है। लोगों की नाराजगी भांपकर खट्टर को गली-चौराहों पर नुक्कड़ सभाएं करनी पड़ रही हैं। खट्टर को किसानों के विरोध प्रदर्शन का भी सामना करना पड़ा है। हालांकि मोदी मैजिक और गांरटी के चलते उन्हें उम्मीद है कि मतदान में बटन कमल का ही दबेगा। उधर कांग्रेस दावा कर रही है कि करनाल इस बार चौंकाने वाला नतीजा और नया चेहरा देगा। यहां बसपा से इंद्र सिंह, जेजेपी देवेंद्र कादियान भी मैदान में हैं। लेकिन वह उपस्थिति भर के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। करनाल सीट की पहचान ब्राह्मण बहुल की है। यहां दिग्गजों की हार का इतिहास भी है। पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल को यहां हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा की दिग्गज नेत्री सुषमा स्वराज करनाल से जीत नहीं पाई थीं। करनाल लोकसभा क्षेत्र में आने वाली नौ विधानसभा सीटों में पांच पर भाजपा, तीन में कांग्रेस और एक पर निर्दलीय विधायक है।


पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर।


कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा

### विधानसभा उपचुनाव में सैनी के सामने भी तरलोचन



विधायक पद से मनोहर लाल खट्टर के इस्तीफे के बाद खाली हुई करनाल विधानसभा सीट पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उपचुनाव लड़ रहे हैं। ओबीसी समुदाय के सैनी को खट्टर का विश्वासपात्र माना जाता है।पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर ने 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के तरलोचन सिंह को हराया था। सैनी के विरुद्ध भी कांग्रेस ने तरलोचन सिंह को ही उतारा है। वह हरियाणा अल्पसंख्यक आयोग के प्रमुख रह चुके हैं। तरलोचन का कहना है कि सत्ता में 10 साल तक रहने के बाद भी खट्टर के पास दिखाने के लिए कुछ नहीं है। जनता ने खट्टर से हिसाब मांगा तो उनकी पार्टी ने उन्हें हटा दिया।

### 2019 : किसको कितना वोट

**अगड़ी जातियां गैर जाट**
- 74% वोट भाजपा
- 18% वोट कांग्रेस

**जाट समुदाय**
- 50% वोट भाजपा
- 33% वोट कांग्रेस

**ओबीसी समुदाय**
- 73% वोट भाजपा
- 22% वोट कांग्रेस

**दलित वर्ग**
- 58% वोट भाजपा
- 28% वोट कांग्रेस

**मुस्लिम वर्ग**
- 13% वोट भाजपा
- 85% वोट कांग्रेस

2019 चुनाव
सीएसडीएस लोकनीति के आंकड़े

## हुड्डा परिवार को इस बार अकेला जूझना पड़ रहा है अपना गढ़ बचाने में


रोहतक लोकसभा सीट को कांग्रेस और हुड्डा परिवार का गढ़ माना जाता है। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा के पुत्र दीपेंद्र हुड्डा चुनाव लड़ रहे हैं। वर्तमान में राज्य सभा सदस्य दीपेंद्र रोहतक से तीन बार लगातार सांसद चुने जा चुके दीपेंद्र को पिछली बार भाजपा के डॉ. अरविंद शर्मा के सामने हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा ने सांसद डॉ. अरविंद शर्मा को ही मैदान में उतारा है। रोहतक सीट पर करीब 19 लाख मतदाताओं में 11 लाख गैर जाट हैं। जाट वोट बैंक की हमेशा यहां अहम भूमिका रही है, लेकिन पिछले चुनाव में लोकसभा क्षेत्र की अहीर बाहुल्य कोसली विधानसभा सीट की वजह से दीपेंद्र हुड्डा को हार मिली थी। लोकसभा क्षेत्र में आने वाली नौ विधानसभा सीटों में पांच पर भाजपा का कब्जा है। भाजपा प्रत्याशी डॉ. अरविंद शर्मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम और चेहरे के सहारे दूसरी जीत की उम्मीद लगा रहे हैं। भाजपा नेताओं के लगातार दौरे और सभाएं हो रही हैं। भाजपा की राज्य इकाई और पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर ने यहां पूरी ताकत लगा रखी है। उधर हुड्डा परिवार अकेला ही रोहतक का रण जीतने के लिए प्रयासरत है। उनके साथ एसआरके गुट यानी कुमारी शैलजा, रणदीप सुरजेवाला और किरण चौधरी के बाद अब बीरेंद्र सिंह भी रोहतक में नहीं हैं। शैलजा सिरसा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं, जबकि हिसार में बीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह चुनावी मैदान में हैं। भिवानी-महेंद्रगढ़ में किरण चौधरी अपनी पूर्व सांसद बेटी श्रुति चौधरी का टिकट कटवाने में हुड्डा की भूमिका मानकर नाराज हैं।

### भाजपा ने दिखाया था 10 का दम

पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने हरियाणा की सभी 10 सीटें जीत ली थी। भाजपा का वोट शेयर 58% था। कांग्रेस का वोट शेयर 28% था, उसे एक भी सीट नहीं मिली थी। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) को 3% तथा जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) को 5% वोट मिले थे, इन दोनों दलों का भी खाता नहीं खुला था। 2014 के चुनाव में भाजपा ने 7 सीटें जीती थीं। कांग्रेस को एक और इनेलो को दो सीटें मिली थीं।



अरविंद शर्मा व दीपेंद्र हुड्डा।

### राज्य में वोट शेयर




# यहां विकास और दिक्कत से बड़ी जातीय सरहद




जगदम्बिका पाल व भीष्म शंकर तिवारी।

## डुमरियागंज में चौथी जीत के लिए जगदम्बिका पाल बहा रहे पसीना

- सपा-कांग्रेस गठबंधन से उतरे पूर्व सांसद भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी दे रहे कड़ी चुनौती

चुनाव डेस्क

बस्ती मंडल के सिद्धार्थ नगर जिले में आने वाले राप्ती नदी के किनारे बसे डुमरियागंज को महात्मा बुद्ध से जुड़े महत्व, काला नमक चावल और हर साल आने वाली बाढ़ के लिए जाना जाता है। इस समय यह इलाका 25 मई को होने वाले मतदान से पहले चुनावी शोर में डूबा है। डुमरियागंज लोकसभा सीट पर पूर्वांचल के दिग्गज नेताओं में शुमार जगदम्बिका पाल पिछले 15 साल से सांसद हैं और लगातार चौथी जीत हासिल करके इतिहास बनाने के लिए पसीना बहा रहे हैं। सपा ने उनके मुकाबले इस बार भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी को मैदान में उतारा है। कुशल तिवारी बाहुबली रहे हरिशंकर तिवारी के पुत्र हैं और बगल की संत कबीर नगर सीट से सांसद रह चुके हैं। बसपा ने यहां मुस्लिम प्रत्याशी मो. नदीम पर दांव लगाया है।

यहां से भाजपा के सांसद जगदम्बिका पाल को एक दिन का मुख्यमंत्री भी कहा जाता है। साल 2014 में वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आ गए थे और पिछले दोनों चुनाव भाजपा के टिकट पर ही जीते हैं।

### जातीय गोलबंदी के बीच मोदी का चेहरा और गारंटी का भरोसा

- चुनाव प्रचार में भाजपा के सांसद जगदंबिका पाल पिछले 15 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हैं, लेकिन भरोसा मोदी की गांरटी और चेहरे पर ही है। सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी कुशल तिवारी भाजपा का चक्रव्यूह तोड़ने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। सपा की रणनीति ब्राह्मण, ओबीसी और मुस्लिम वोट बैंक के सहारे चुनाव जीतने की है। भाजपा को ओबीसी, ब्राह्मण और दलितों के गठजोड़ पर भरोसा है। ऐसे में यहां सीधा मुकाबला माना जा रहा है।

### बीते दोनों चुनाव एक लाख से ज्यादा मतों से जीते

- 2019 के चुनाव में जगदंबिका पाल को 4,92,253 वोट मिले थे। सपा-बसपा गठबंधन में बसपा उम्मीदवार आफताब आलम ने 3,86,932 वोट पाए थे। कांग्रेस के चंद्रेश उर्फ चंद्रेश कुमार उपाध्याय 60,549 मत ही पा सके थे। इससे पहले 2014 के चुनाव में भाजपा के जगदम्बिका पाल और बसपा के मो. मुकीम में संघर्ष हुआ था। पाल को 2,98,845 वोट और मुकीम को 1,95,257 वोट मिले थे। सपा के माता प्रसाद पांडे 1,74,778 वोट पाकर तीसरे स्थान पर थे।

### पिछड़े और मुस्लिम मिलकर बदल सकते परिणाम

डुमरियागंज में 19 लाख मतदाताओं में पिछड़ा वर्ग के सर्वाधिक 37% मतदाता माने जाते हैं। इसके बाद 24% मुस्लिम, 14% ब्राह्मण और करीब इतने ही दलित मतदाता गिने जाते हैं। ऐसे में यहां पिछड़ा वर्ग के मतदाता ही हार-जीत तय करते हैं। लोकसभा क्षेत्र में आने वाली पांच विधानसभा सीटों में शोहरतगढ़ में अपना दल (एस), कपिलवस्तु और बांसी पर भाजपा का कब्जा है। शेष दो सीटें इटवा और डुमरियागंज सपा के पास हैं।

## संत कबीर नगर में त्रिकोणीय संघर्ष के आसार

मनोज त्रिपाठी

- भाजपा सांसद प्रवीण निषाद जीत की हैट्रिक का भर रहे दम, सपा का उनके ही वोट बैंक पर प्रहार, बसपा ने खेला मुस्लिम-दलित का दांव

**अमृत विचार।** बस्ती मंडल का संत कबीर नगर जिला देश के सबसे पिछड़े जिलों में शामिल है। जिले का मुख्यालय खलीलाबाद में है, लेकिन संत कबीर की महापरिनिर्वाण स्थली 'मगहर' स्थित होने के कारण जिले को संत कबीर नगर नाम दिया गया है। परिसीमन के बाद 2008 में संत कबीर नगर को लोकसभा सीट का दर्जा मिला था। भाजपा ने यहां सांसद प्रवीण कुमार निषाद पर दूसरी बार दांव लगाया है। अगर वह जीतते हैं तो उनकी यह तीसरी जीत होगी। प्रवीण योगी सरकार में मंत्री संजय निषाद के पुत्र हैं। सपा ने उनका मुकाबला करने के लिए पूर्व राज्य मंत्री लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद को उतारा है, जबकि बसपा ने दो बार प्रत्याशी बदलने के बाद नदीम अशरफ पर दांव लगाकर मुस्लिम-दलित गठजोड़ बनाने की कोशिश की है। इसके चलते यहां इस बार लड़ाई त्रिकोणीय होने के आसार जताए जा रहे हैं।


प्रवीण निषाद - भाजपा प्रत्याशी।


सपा प्रत्याशी- लक्ष्मीकांत निषाद।

### उद्योग-धंधे बंद होना बड़ा मुद्दा, जोर जातीय गोलबंदी पर

- संत कबीर नगर का खलीलाबाद कभी औद्योगिक और बुनकरों की नगरी था। यह जिला तो बन गया लेकिन इसका विकास गोरखपुर और बस्ती के बीच अटका हुआ है। हालांकि चुनाव में विकास बड़ा मुद्दा नहीं है। जातीय समीकरण सेट करने पर प्रत्याशियों का जोर है। संत कबीर नगर में मुस्लिम मतदाता पांच लाख, ब्राह्मण करीब ढाई लाख, क्षत्रिय लगभग दो लाख और दलित मतदाता करीब साढ़े चार लाख, निषाद मतदाता डेढ़ लाख से ज्यादा और यादव मतदाता सवा लाख तथा इतने ही कुर्मी मतदाता गिने जाते हैं।

### पिछली बार हुआ था कांटे का मुकाबला

- साल 2019 के चुनाव में संत कबीर नगर में कांटे का संघर्ष हुआ था। भाजपा के प्रवीण निषाद जीते थे। उन्होंने सपा-बसपा गठबंधन से उतरे बसपा प्रत्याशी भीष्म शंकर तिवारी को हराया था। प्रवीण निषाद को 4,67,543 और भीष्म शंकर तिवारी को 4,31,794 वोट मिले थे। कांग्रेस के भाल चन्द्र यादव ने 1,28,506 वोट पाए थे। इससे पहले 2014 के चुनाव में भाजपा के शरद त्रिपाठी जीते थे। उन्होंने 97 हजार मतों के अंतर से बसपा के भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी को हराया था। संत कबीर नगर सीट अस्तित्व में आने के बाद 2009 में हुए पहले चुनाव में बसपा से भीष्म शंकर तिवारी जीत हासिल कर पहले सांसद बने थे।

### मोदी की रैली से बस्ती मंडल की तीनों सीटों पर बदला माहौल

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बस्ती पहुंचकर जनता को राम-राम करते हुए पूर्वांचल से अपना खास रिश्ता जोड़ा। उन्होंने बस्ती मंडल में विकास की त्रिवेणी बहाने के लिए बस्ती से सांसद हरीश द्विवेदी, डुमरियागंज के सांसद जगदम्बिका पाल और संत कबीर नगर के सांसद प्रवीण निषाद को फिर से लोकसभा में पहुंचाने की हुंकार भरी। माना जा रहा है कि प्रधान मंत्री मोदी की रैली के बाद बस्ती मंडल में चुनावी माहौल थोड़ा बदल गया है।

**छठे चरण में वाल्मीकि नगर, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में 25 मई को मतदान**

# बिहार में एनडीए के सामने आठों सीटें बचाने की चुनौती

चुनाव डेस्क। छठे चरण के मतदान में बिहार की आठ लोकसभा सीटों वाल्मीकि नगर, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में 25 मई को मतदान होगा। इन आठ सीटों पर 86 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। साल 2019 आम चुनाव में इन आठ सीटों में भाजपा को 4, जेडीयू को 3 और एलजेपी को एक सीट पर जीत मिली थी।



### वाल्मीकि नगर में थारू अदिवासी और निर्दलीय हुए निर्णायक

- वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र पश्चिम चंपारण जिले में है। यहां एनडीए जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश कर रहा है। जेडीयू ने सांसद सुनील कुमार कुशवाहा को फिर से उतारा है। इंडिया गठबंधन में राजद ने चीनी मिल मालिक दीपक यादव को उम्मीदवार बनाया है। पिछले चुनाव में कांग्रेस से चुनाव लड़े प्रवेश मिश्रा निर्दलीय के रूप में मैदान में हैं। यहां भाजपा नेता दिनेश अग्रवाल भी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा असम से दो बार सांसद रहे नव कुमार सरनिया उर्फ हीराबाई भी मैदान में हैं। बसपा से दुर्गेश सिंह चौहान हैं। एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच सीधे मुकाबले वाली इस सीट पर थारू अदिवासी निर्णायक मतदाता है, तो निर्दलीय भी किसी का खेल बिगाड़ सकते हैं।

### पश्चिमी चंपारण में जीत का चौका रोकने का जाल बिछाया

पश्चिमी चंपारण लोकसभा सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद डॉ. संजय जायसवाल उम्मीदवार हैं। वह तीन बार सांसद चुने गए हैं। इस बार जीत का चौका लगाना चाहते हैं। राजद ने रणनीति के तहत यहां से कांग्रेस के ब्राह्मण मदन मोहन तिवारी पर भरोसा जताया है। इससे मुकाबला रोचक हो गया है। मदन मोहन भाजपा के कोर वोट बैंक ब्राह्मण मतों में सेंधमारी कर रहे हैं। उन्हें राजद के परंपरागत मुस्लिम-यादव मतों का समर्थन पहले ही है।

### पूर्वी चंपारण में जातीय समीकरण की नई बिसात

पूर्वी चंपारण सीट पर भाजपा ने सांसद राधामोहन सिंह को मैदान में उतारा है। राधामोहन सिंह लगातार तीन बार जीत दर्ज कर चुके हैं और चौथी बार जीत के लिए मैदान में हैं। राधामोहन सिंह राजपूत समाज से आते हैं। यहां इंडिया गठबंधन की तरफ से वीआईपी के राजेश कुशवाहा उनका मुकाबला कर रहे हैं। इस सीट पर पिछले तीन चुनावों में सवर्ण बना सवर्ण मुकाबला हुआ था। लेकिन इस बार इंडिया गठबंधन के नया दांव खेलने से मुकाबला रोचक हो गया है।

### शिवहर में लवली आनंद की जीत नहीं आसान

शिवहर सीट पर भाजपा से तीन बार की सांसद रमा देवी की जगह इस बार जेडीयू ने पूर्व सांसद और बाहुबली आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद को मैदान में उतारा है। लवली सांसद रह चुकी हैं। इंडिया गठबंधन से राजद की ऋतु जायसवाल को उम्मीदवार बनाया है। यहां पूर्व सांसद सीताराम सिंह के छोटे पुत्र राणा रणजीत एआईएमआईएम से मैदान में हैं। उनके निशाने पर हैं लवली आनंद। उनका कहना है कि लवली के पति आनंद मोहन ने ही उनके पिता सीताराम सिंह को हराया था।

### वैशाली में सांसद जूझ रहीं बाहुबली की चुनौती से

वैशाली सीट पर चिराग पासवान ने राजपूत समुदाय की सांसद वीणा देवी पर भरोसा जताया है। राजद ने यहां भूमिहार समुदाय से आने वाले बाहुबली मुन्ना शुक्ला को उतारा है। यहां राजपूत और यादव मतदाताओं का दबदबा है। ऐसे में राजद ने भूमिहार समाज क उम्मीदवार को उतारकर लड़ाई रोचक बना दी है। वैशाली लोकसभा का गठन 1977 में हुआ था। अब तक हुए 13 चुनावों में इस सीट से 11 बार राजपूत उम्मीदवारों की जीत हुई है, दो बार भूमिहार प्रत्याशी जीते हैं।


रांची में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने अदिवासी समुदाय की महिलाओं के साथ नृत्य किया। अदिवासी समाज की ये महिलाएं इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशवश्नि सहाय के समर्थन में हुई रैली में भाग लेने आई थीं।

## अफजाल अंसारी मामले में आज भी होगी सुनवाई

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी की अपील पर गुरुवार 23 मई को भी सुनवाई जारी रहेगी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई। गाज़ीपुर एमपी/एमएलए कोर्ट से मिली 4 साल की सजा के खिलाफ अफजाल अंसारी ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की है। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य के वकीलों ने अपने तर्क प्रस्तुत किये। एमपी/एमएलए कोर्ट द्वारा गैंगस्टर एक्ट के तहत 4 साल की सजा और अंसारी की संसद सदस्यता रद कर दी गई थी। इसके खिलाफ अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई थी।

# 12वीं तक गरीब बेटियों की शिक्षा हुई मुफ्त

### सत्र 24-25 में 251 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में इंटर तक पढ़ाई व आवेदन शुरू

कार्यालय संवाददाता लखनऊ




**अमृत विचार :** गरीब बेटियों को इंटरमीडिएट तक निःशुल्क शिक्षा मिल सके इसके लिए अब 251 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (केजीबीवी) बनकर पूरी तरह से तैयार हैं। विभाग ने यहां प्रवेश भी शुरू कर दिए हैं। जुलाई माह तक अभी 49 विद्यालय और तैयार हो जायेंगे फिर ये संख्या 300 हो जायेगी।

केजीबीवी में इंटर तक पढ़ाई शुरू हो सके इसके लिए 2019-20 से कोशिश जारी है। इसमें 680 विद्यालयों को इंटरमीडिएट तक तक किया जाना है। राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि जो विद्यालय तैयार हो चुके हैं। वहां इंटरमीडिएट तक पढ़ाई शैक्षिक सत्र 2024-25 में कराई जायेगी। प्रदेश में 746 केजीबीवी का संचालन होता है, इसमें 680 विद्यालय इंटरमीडिएट तक अपग्रेड किए जाने हैं। बता दें कि केजीबीवी पिछड़े ब्लॉकों व नगरीय क्षेत्रों में स्थापित किए गए हैं। यहां अभी तक बालिकाओं को कक्षा छह से आठ तक की निःशुल्क आवासीय शिक्षा दी जाती था। कक्षा आठ के बाद लड़कियों के आगे पढ़ाई का विकल्प नहीं रहता था लेकिन अब 12वीं तक पढ़ाई आसान होगी।

**फ्री शिक्षा के साथ रहना और खाना भी :** कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 की शिक्षा छात्राओं को निःशुल्क दी जाती है। साथ ही, छात्राओं को आवासीय सुविधा, पौष्टिक आहार, ड्रेस, किताबें और स्टेशनरी और दैनिक उपयोग की वस्तुए प्रदेश सरकार की ओर से निःशुल्क दी जाती हैं।

**दो मॉडल पर हुआ काम**

- जहां तीन किमी के अंदर माध्यमिक शिक्षा के कक्षा 9 से 12 तक के स्कूल हैं। वहां केजीबीवी परिसर में ही हॉस्टल तैयार किया गया है। लड़कियां यहां नि:शुल्क रह कर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी।
- जहां आसपास माध्यमिक स्कूल नहीं है, वहां केजीबीवी परिसर में ही एकेडमिक ब्लॉक व हॉस्टल तैयार किया गया है। सभी केजीबीवी को उच्चीकृत करने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जा चुका है।



**पुलिस कमिश्नर का क्लिक**

**कानपुर।** शहर के नालों से निकली सिल्ट की फोटो खींच रहे यह कोई आम व्यक्ति नहीं हैं। ये हैं कानपुर के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार जो मंगलवार रात गोविंदनगर- परमपुरवा मार्ग पर पड़ी सिल्ट पर फिसलने से बाइक सवार की मौत के बाद बुधवार को शहर के निरीक्षण पर निकले। उन्होंने सर्वोदय नगर में सड़क पर पड़ी सिल्ट देखकर फोटो खींची और नगर आयुक्त को भेज दी।

## सार-संक्षेप

### आजम खान के सरकारी सफाई मशीनों को गायब करने के मामले में नहीं हो सकी सुनवाई

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में सरकारी सफाई मशीनों के गायब होने के मामले में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान की जमानत याचिका पर बुधवार को समयाभाव के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह के समक्ष होनी थी। मालूम हो कि आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम सहित पांच अन्य लोगों के खिलाफ आईपीसी और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान (निवारण) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 19 सितंबर 2022 को पुलिस स्टेशन कोतवाली, रामपुर में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिसमें शिकायतकर्ता वाकर अली ने आरोप लगाया था कि सपा शासन काल के दौरान रामपुर में सफाई व्यवस्था हेतु सरकारी पैसे से नगर पालिका में सरकारी सफाई मशीन खरीदी गई थी, जिसे जौहर यूनिवर्सिटी में मिट्टी में दबाकर नष्ट कर दिया गया।

### 3 नए आश्रम पद्धति विद्यालयों का शैक्षणिक सत्र 1 जुलाई से

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग तीन नए राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र एक जुलाई से शुरू करेगा। इनमें एक आश्रम पद्धति विद्यालय (बालिका) अयोध्या में हैं। जबकि दो आश्रम पद्धति विद्यालय (एक बालक और एक बालिका) जौनपुर में हैं। इन विद्यालयों ने छात्र-छात्राओं के प्रवेश की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अयोध्या में इसके अलावा दो राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय पहले से संचालित हैं। इसी तरह जौनपुर में दो नए राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों के भवन तैयार हैं। इन विद्यालयों में अभी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। नियमानुसार हर विद्यालय में विभिन्न विषयों के 20-20 शिक्षकों की नियुक्ति होनी है मगर लोकसभा चुनाव के कारण नियुक्ति नहीं हो सकी है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि एक जुलाई से तीनों विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र शुरू होना है। इसके मद्देनजर आचार संहिता खत्म होते ही तीनों विद्यालयों में आसपास के आश्रम पद्धति विद्यालयों से शिक्षकों को अटैच कर पढ़ाई शुरू कराई जाएगी।

### फैशन डिजायनर की हत्या में छात्र को उम्र कैद

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुंबई के फैशन डिजायनर की हत्या करने के मामले में आईआईटी कानपुर के छात्र राहुल वर्मा को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश अनुरोध मिश्रा ने दोषसिद्ध करार देते हुए, उम्र कैद की सजा दुनाई है। कोर्ट ने इसके साथ ही अभियुक्त पर 75 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सीबीआई की ओर से बताया गया कि 22/23 अगस्त 2008 को वादी सूर्य कुमार बाजपेयी ने शक जताया था कि कुछ दिनों पहले आईआईटी कैम्पस कानपुर में मिला कंकाल उसके पुत्र का होने का शक जताया था। डीएनए जांच में पता चला कि मृतक वादी का ही पुत्र था। अदालत को बताया गया कि मृतक आदेश वाजपेई फैशन डिजाइनिंग का काम फ्रीलांसिंग तरीके से करता था। अभियोजन के अनुसार इस मामले की रिपोर्ट अज्ञात में 20 अगस्त 2008 को थाना मूलगंज जनपद कानपुर में दर्ज कराई गई थी जिसमें वादी ने कहा था कि 3 अगस्त 2008 को उसका पुत्र आदेश बाजपेई मुंबई से लखनऊ आया था। बहस के दौरान अदालत को बताया गया कि 17 दिसंबर 2009 को वादी सूर्य कुमार वाजपेई ने प्रार्थना पत्र देखकर राहुल वर्मा पर शक जताया था। सीबीआई द्वारा कहा गया कि आदेश वाजपेई की हत्या करने के बाद आरोपी ने उसके शरीर के टुकड़ों को आईआईटी कानपुर कैंपस में छुपाया था।

### बरेली, वाराणसी जेल में बंद होंगे जम्मू-कश्मीर के 50 बंदी

**लखनऊ, अमृत विचार :** जम्मू-कश्मीर राज्य के विभिन्न कारागारों में बंद 50 अतिरिक्त विचाराधीन एवं सिद्धदोष बंदियों को यहां बरेली और वाराणसी जेल में स्थानांतरित किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर के प्रमुख सचिव गृह के अनुरोध पर शासन ने स्वीकृति दे दी है। अधिकारियों के मुताबिक शासन द्वारा दी गई स्वीकृति की जानकारी भी जम्मू-कश्मीर राज्य से साझा कर दी गई है। 04 मार्च 2024 में जम्मू-कश्मीर के प्रमुख सचिव गृह ने उत्तर प्रदेश शासन को पत्र लिखकर वहां के 50 बंदियों को उत्तर प्रदेश के जेलों में स्थानांतरण करने का अनुरोध किया था। इसके बाद शासन ने उप महानिरीक्षक कारागार प्रशासन से इस संबंध में आख्या मांगी थी। आख्या के अवलोकन के बाद शासन ने अनुरोध के अनुरूप सभी 50 बंदियों के स्थानांतरण की सहमति दे दी है।

### अब 21 जुलाई तक संचालित होगी विशेष मेमू ट्रेन

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रद्धालुओं के लिए उत्तर रेलवे ने वाराणसी से लखनऊ के बीच विशेष मेमू ट्रेन का संचालन तीन अप्रैल से शुरू किया था। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने इस विशेष रेलगाड़ी के संचालन अवधि में एक बार फिर से विस्तार किया है। पहले इसको 20 अप्रैल तक के लिए चलाया गया था, फिर 20 मई तक विस्तारित किया गया था। अब इसको 21 जुलाई तक संचालित करने का निर्णय लिया गया है। वाराणसी-जफराबाद-शाहगंज-अयोध्या धाम-बाराबंकी के रास्ते लखनऊ तक चलने वाली इस ट्रेन का ठहराव जिले में केवल अयोध्या धाम जंक्शन और रुदौली स्टेशन पर तय किया गया था।

## अधिशाषी अभियंता से नाराज कर्मियों ने मांगा सामूहिक तबादला

संवाददाता ककोर, औरैया

- अधिकारियों से अभद्र भाषा में बातचीत का वीडियो वायरल

**अमृत विचार :** दिबियापुर बिजली डिवीजन की अधिशाषी अभियंता नेहा सिंह की कार्यशैली से नाराज बिजली विभाग के सभी कर्मचारी व अधिकारी नाराज हैं। उन्होंने धरना दिया। उन्होंने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी को पत्र भेजकर सामूहिक रूप से स्थानांतरित किए जाने की मांग की।

आरोप है कि अधिशासी अभियंता, अवर अभियंताओं से हर माह पांच-पांच हजार रुपये वसूली देने का दबाव बना रही हैं और अभद्र तरीके से बात कर रही हैं। बातचीत से जुड़ा एक ऑडियो भी वायरल हुआ है। हालांकि अमृत विचार इसकी पुष्टि नहीं करता है। इस मामले में अधीक्षण अभियंता ने आरोपी अधिशासी अभियंता के विरुद्ध कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को संस्तुति की है। दिबियापुर डिवीजन सहित जिले के अन्य डिवीजन के एसडीओ, जेई के साथ ही समस्त कर्मचारियों ने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखा है और कहा है कि उन सभी का सामूहिक रूप से स्थानांतरण किया जाए। अधीक्षण अभियंता बृजमोहन ने बताया नेहा सिंह के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

## आगरा के सिंधी बाजार में आग, 12 दुकानें जलीं

**आगरा, एजेंसी :** आगरा के सिंधी कपड़ा बाजार में बुधवार को भीषण आग लगने से लगभग 12 दुकानें जल गईं। दमकल अधिकारी सोमदत्त सोनकर ने बताया कि अपराह्न करीब 3:50 बजे राज एंड संस नामक दुकान में एयर कंडीशनर का कंप्रेशर फटने से आग लगी। दमकल विभाग को 4:25 बजे आग लगने की सूचना मिली। सोनकर ने कहा कि जल्द ही आग ने गंगा फुटवियर, पिंकी क्लॉथ, अशोक क्लॉथ, उपहार फुटवियर, मसाला रेस्टोरेंट को चपेट में ले लिया, रेस्टोरेंट में रखे गैस के तीन सिलेंडर भी फट गए।

## 77 हजार छात्र-छात्राओं को है छात्रवृत्ति का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




- प्रदेश के 75 जिलों में छात्रवृत्ति से वंचित रह गए थे छात्र-छात्राएं

**अमृत विचार :** साइबर कैफे और कॉलेज के स्तर से फार्म भरने में हुई त्रुटियों के कारण प्रदेश के 75 जिलों में सामान्य वर्ग के 77 हजार छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए हैं। आचार संहिता हटने के बाद दोबारा आवेदन के संबंध में नए सिरे से प्रस्ताव शासन को भेजा जा सकता है।

पिछले वित्तीय वर्ष में अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू हुए थे। 18 जनवरी 2024 तक छात्रवृत्ति के लिए फार्म भरे गए और 23 जनवरी 2024 को फार्म अग्रसारित किए गए। मार्च के अंतिम सप्ताह में प्रदेश में 20 लाख से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई। फार्म भरने के दौरान हुई गलती के कारण छात्रवृत्ति से वंचित हुए 77 हजार छात्र-छात्राएं जिला समाज कल्याण अधिकारी, कॉलेज और समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काटते रहे। अधिकतर फार्मों में अनुक्रमांक, पाठ्यक्रम और प्राप्तांक/पूर्णांक भरने में गलतियां हुईं। समाज कल्याण निदेशालय ने पूरा मामला शासन को भेजा है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने कहा कि प्रयास किया जाएगा कि वंचित छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके। इसके लिए आचार संहिता समाप्त होने के बाद शासन को दोबारा प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा।

## शहीद पथ का नाम बदलने की याचिका खारिज


**लखनऊ, अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के समक्ष एक जनहित याचिका दाखिल कर दलील दी गई कि शहीद पथ के नाम में सड़क दुर्घटनाओं के नजरिए से शहीद शब्द से नकारात्मक अनुभूति होती है और संभव है कि इस सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए, लोगों में इसके नाम को लेकर भय उत्पन्न होता है। याचिका में मांग की गई कि शहीद पथ का नाम बदलकर प्रगति पथ कर दिया जाए। न्यायालय ने दलील को तर्कहीन बताते हुए कहा कि हम मात्र इतना कह सकते हैं कि यह अंधविश्वास है और यही नहीं ऐसा कहना शहीदों का अपमान भी है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने याचिका को खारिज कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने आदर्श मेहरोत्रा की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया।

## रोडवेज बस में घुसी कार, दो की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार :** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर औरास थानाक्षेत्र के कोयली खेड़ा गांव के पास तेज रफ्तार कार रोड किनारे खड़ी रोडवेज बस में घुस गई। इसमें कार चालक मारूफ व एक युवक की मौत हो गई। वहीं कार सवार तीन महिलाएं घायल हो गई। जिन्हें सीएचसी से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। लखनऊ जिले के सिकरौरी निवासी लुकमान (40) पुत्र असीद अपनी कैंसर पीड़ित मां मेहर जहां का इलाज कराने दिल्ली गए थे। लौटते समय बुधवार सुबह मथुरा डिपो की रोडवेज बस में उनकी कार पीछे से घुस गई। इसमें कार सवार पांच लोग अंदर फंस गए।

## अब राम पर डिग्री-डिप्लोमा लेंगे छात्र, शोध संस्थान का नाम बदला

संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अयोध्या शोध संस्थान का नाम अब अंतर्राष्टीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान कर दिया गया है। नए नाम का रजिस्ट्रेशन होने के बाद विभिन्न विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू किया जाएगा। उसके बाद विश्वविद्यालयों में भी रामायण कालीन पात्रों और स्थानों पर शोध किए जाएंगे। संस्था में भी छात्र राम के चरित्र का अध्ययन कर डिग्री, डिप्लोमा लेंगे और शोध करेंगे। इसके लिए नया भवन बनाया जाएगा।

अयोध्या शोध संस्थान ने कई देशों में होने वाली रामलीला पर पुस्तकें प्रकाशित की हैं। इसके अलावा कई देशों में रामायण के संबंध में अध्ययन भी कराया है। अयोध्या शोध संस्थान तुलसी स्मारक भवन में होने से यहां के पुस्तकालय में बड़ी संख्या में शोधार्थी आने लगे हैं। इन शोधार्थियों की वजह से भी विभिन्न देशों के साथ भारत के रिश्ते प्रगाढ़ हुए हैं।

## मनचलों से परेशान किशोरी ने फंदे पर लटककर दी जान

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** खेतों में मवेशी चरा रही किशोरी के साथ मनचलों ने पहले अश्लील हरकतें करनी शुरू की। इसके बाद आरोपियों ने दुष्कर्म तक का प्रयास किया। मौके पर बड़े भाई के पहुंच जाने पर सभी फरार हो गए। लोकलाज के भय से किशोरी ने घर जाकर फंदे पर लटक जान दे दी। मृतका के पिता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

मृतका के पिता ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि विगत सोमवार 20 मई को वह अपने परिजनों के साथ मतदान करने गया था। उसकी 14 वर्षीय बेटी खेतों में मवेशी चराने गई थी। इसी दौरान उसके गांव का युवक अपने दो अन्य साथियों के साथ खेतों में पहुंच गया। तीनों युवकों ने उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकतें करते हुए सामूहिक दुष्कर्म करने का प्रयास किया। उसकी बेटी ने किसी तरह खुद को उनके चंगुल से छुड़ाया व चीखते हुए घर की ओर भागी। रास्ते में पीड़िता का बड़ा भाई मिला तो उसने अपने बड़े भाई से आपबीती बताई। जब पीड़िता का भाई खेतों में पहुंचा तो तीनों आरोपी उसे देखते ही भाग गए।

## सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट

**अमेठी, अमृत विचार :** अमेठी जिले के मोहनगंज क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में बुधवार को तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार ने बताया कि मोहनगंज थाने में आज दी गयी एक तहरीर में पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि गत 19 मई की रात करीब 12 बजे उसके गांव के ही तीन युवकों ने घर में सो रही उसकी 15 वर्षीय बेटी को फोन करके बुलाया और उसके बाद खेत में ले जाकर उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया।


## वर्ग पहेली-78

**बाएं से दाएं**

3. चीन देश की भाषा।
4. नदी, सरिता।
7. तपन, उष्णता, गरमी।
8. 1. कंपकपी 2. कांपना।
9. 1. पृथक, अलग, किसी स्थान विशेष से हट कर, फासले पर 2. देशकाल के विचार से बहुत अंतर पर।
10. किसी चीज़ को खूब दलना और मलना, अच्छी तरह कुचलना

**ऊपर से नीचे**

1. बहुत बड़ी नदी।
2. 1. खुरचना, खोदना 2. लकीर खींचना 3. कंघी करना, बाल झाड़ना।
5. 1. किसी को उतरने में मदद करना 2. प्रतिलिपि करवाना, नकल करवाना।
6. 1. अस्पृश्यता, अस्पृश्य मानने की प्रथा, एक सामाजिक बुराई 2. हिंदुओं में जन्म के आधार पर ऊंच-नीच का भेद करने का विचार 3. एक प्रकार का रोग।
7. 1. चार वेदों से ग्रहण की गई लौकिक कलाओं या विद्याओं का सामूहिक नाम



### वर्ग पहेली -77 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 कु | ■ | ■ | 2 अ | घी |
| ■ | 3 बे | सु | रा | ■ | मि | ■ |
| ■ | ■ | म | ■ | ■ | य | ■ |
| 4 अ | ति | श | यी | 5 क | र | ण |
| ग | ■ | र | ■ | 6 री | स | ■ |
| वा | ■ | ■ | ■ | म | ■ | 7 गि |
| 8 न | जू | ल | ■ | ■ | 9 लो | नी |

## सुडोकू-157

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | | | | | | |
| | | | | 4 | | | | 5 |
| | | | 6 | 7 | | | | |
| | 3 | | 8 | | 7 | | | |
| | 7 | 5 | | | | | | |
| | | | 2 | | 4 | | | |
| 9 | | | | 3 | 1 | | | |
| 6 | | 8 | | | | | | |
| | | 1 | | | | 4 | | |

### सुडोकू -156 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 2 | 9 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 1 | 8 | 3 | 4 | 5 |
| 5 | 3 | 8 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 9 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 3 | 8 | 5 | 7 | 2 | 9 | 4 | 6 | 1 |
| 7 | 6 | 4 | 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 8 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 1 | 8 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 2 | 5 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 मई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 19 .22 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 09 .15 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** — आज शंकालु स्वभाव के कारण आप अच्छे लोगों की अनदेखी कर सकते हैं। नया काम शुरू करने से परेशानियां बढ़ेंगी। किसी पुरानी घटना को लेकर दु:ख हो सकता है। आप स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। मन में नकारात्मक विचारों का बाहुल्य हो सकता है।

**वृष** — आज आपको कार्यक्षेत्र में काफी प्रतिष्ठा मिलेगी। लोग आपके विचारों से काफी प्रभावित रहेगे। वैवाहिक जीवन में आनंद का भाव बढ़ेगा। कानूनी मामलों में विजय मिलने की संभावना है। उच्च स्तरीय लोग भी आपके सामने काफी कमजोर दिखेंगे।

**मिथुन** — आज शत्रु आपके विरुद्ध षड्यंत्र रच सकते हैं। इसीलिए आपको काफी सावधान रहना होगा। पिता के साथ वैचारिक मतभेद उभरने की आशंका है। जॉब में आप दबाव के बावजूद अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पेट में इंफेक्शन की संभावना बन सकती है।

**कर्क** — आज ऐसे लोगों से स्वयं को दूर रखें जो आपको तनाव देते हैं। गैस और अपच की शिकायत हो सकती है। किसी को वचन देने से बचें, क्योंकि आपके कार्य अचानक रुक सकते हैं। बच्चों को लेकर काफी परेशान हो सकते हैं।

**सिंह** — आज व्यवसाय में सहयोगियों से लाभ होगा। निर्माण कार्य से जुड़े प्रोजेक्ट्स में बड़ी चुनौती देखने को मिल सकती है। हृदय रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए। विपरीत परिस्थितियों के बीच आप काफी ऊर्जावान रहेंगे।

**कन्या** — आज आपको काफी संभल कर लोगों से व्यवहार करना चाहिए। धन को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में आपसी सामंजस्य में कुछ कमी देखने को मिल सकती है।

**तुला** — आज परिस्थितियां आपके लिए अनुकूल रहेंगी, लेकिन ज्यादा दिखावे के व्यवहार से बचें। अपने स्वजनों के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग न करें। आपको धन निवेश करने से पूर्व किसी विशेषज्ञ व्यक्ति से सलाह लेनी चाहिए।

**वृश्चिक** — आज नया व्यवसाय या कोई नई जॉब की शुरुआत का विचार बनाएंगे। यदि घर बदलना चाह रहे हैं तो थोड़ा अच्छी तरह से देख-परखकर ही घर बदलें। स्थिर संपत्ति में निवेश की योजना बना सकते हैं। कानूनी मामलों में आप विजयी होंगे।

**धनु** — आज शिक्षा और रोजगार में रुकावट जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। कुछ ऐसे कार्य भी करने पड़ सकते हैं, जो शायद आपके मनोनुकूल न हों। यदि किसी यात्रा पर हैं तो अपने सामान की सुरक्षा सावधानी पूर्वक करें।

**मकर** — आज धन की परिस्थितियां काफी अनुकूल रहेंगी। बच्चों को लेकर मन प्रफुल्लित रहेगा। लोग आपकी खुलकर प्रशंसा करेंगे। आपके परिजन आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। पड़ोसियों के साथ किसी विवाद का निपटारा हो सकता है।

**कुंभ** — आज मित्रों के साथ काफी समय बिता सकते हैं। राजनीति संबंधी चर्चाओं का आनंद लेंगे। जीवनसाथी से आपको काफी अच्छी सलाह मिल सकती है। अपनी कमजोरियों को किसी से भी साझा न करें। कुछ चुनौतीपूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ेगा।

**मीन** — आज किसी के प्रति दुर्भावनापूर्ण विचार न रखें। आपको धार्मिक ग्रंथों से काफी मदद मिल सकती है। व्यापार में बड़ा निवेश न करें। आप कुछ अव्यावहारिक निर्णय ले सकते हैं। इसके कारण आपकी आलोचना भी हो सकती है। वाहन में कुछ खराबी हो सकती है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
सिक्का — सुबह : 10 .48
मजाल — रात : 07 .00

**&pictures**
एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 11 .25
मनमर्जियां — रात : 08 .00

**Sony Pix**
द वॉटर हाउस — सुबह : 11 .38
मोर्टल कॉम्बेट — शाम : 05 .42

**Zee Cinema**
गीत गाता चल — दोपहर : 01 .15
मिशन रानीगंज — रात : 08 .00

**Colors Cineplex**
हम दिल दे चुके सनम — सुबह : 08 .08
दसवीं — शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी (रोमांटिक अंदाज में) बोली - और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, मेरा दिल चुराया था, उनके बारे में क्या ख्याल है?
पति -कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत...

एक आदमी 12 साल बाद जेल से छूटा, मैले-कुचैले कपड़ों में बहुत थका हुआ घर पहुंचा।
घर पहुंचते ही बीबी चिल्लाई-कहां घूम रहे थे इतनी देर? आपकी रिहाई तो 2 घंटे पहले ही हो गई थी न?
वो आदमी वापस जेल चला गया।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,221.06 | 22,597.80 |
| बढ़त | 267.75 | 68.75 |
| प्रतिशत में | 0.36 | 0.31 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1000 डीएमओ 870 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 राजमा लाल : 130 से140 राजमा चित्ता : 125 से 130 लोबिया लाल : 90से 110 लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये ।

## एक नजर

### एमबीए स्नातकों की नौकरी छोड़ने की ऊंची दर ने बढ़ाई चिंता

**मुंबई।** एमबीए स्नातकों के बीच नौकरी छोड़ने की दर चिंता का विषय बनी हुई है, खासकर शीर्ष स्तर परिसरों के लिए प्रवेश स्तर की नौकरियों में...। डेलॉयट टच तोहमात्सु इंडिया एलएलपी (डेलॉयट इंडिया) के नए कैंपस कार्यबल रुझान 2024 के अध्ययन से पता चलता है कि दो साल में कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की दर क्रमश : 21 प्रतिशत, 26 प्रतिशत और 28 प्रतिशत है।

### आभूषण खुदरा विक्रेताओं वृद्धि की उम्मीद

**मुंबई।** संगठित स्वर्ण आभूषण खुदरा विक्रेताओं के राजस्व में चालू वित्त वर्ष (2024-25) में सालाना आधार पर 17-19 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है। सोने की कीमतों में उछाल के बाद प्राप्तियां बढ़ने से खुदरा विक्रेताओं का राजस्व भी बढ़ेगा। हालांकि, मात्रा के लिहाज से इसके स्थिर रहने की उम्मीद है।

# आरबीआई सरकार को देगा अब तक का सर्वाधिक 2.11 लाख करोड़ का लाभांश

## केंद्रीय बैंक ने लाभांश भुगतान को दे दी मंजूरी, पहले की तुलना में दोगुना से अधिक

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान को बुधवार को मंजूरी दे दी। यह केंद्रीय बैंक की ओर से अब तक का सर्वाधिक लाभांश भुगतान होगा। यह एक साल पहले की तुलना में दोगुने से भी अधिक है।

वित्त वर्ष 2022-23 के लिए आरबीआई ने 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश सरकार को दिया था। पिछला उच्चतम स्तर वित्त वर्ष 2018-19 में रहा था जब रिजर्व बैंक ने सरकार को 1.76 लाख करोड़ रुपये का लाभांश दिया था।




गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में आयोजित आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 608वीं बैठक में लाभांश भुगतान का निर्णय लिया गया। रिजर्व बैंक ने बयान में कहा-निदेशक मंडल ने लेखा वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को अधिशेष के रूप में 2,10,874 करोड़ रुपये के हस्तांतरण को मंजूरी दी। चालू वित्त वर्ष के बजट में सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान जताया था। अनुमान से अधिक लाभांश मिलने से सरकार को राजकोषीय घाटा कम करने में मदद मिलेगी। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपने व्यय एवं राजस्व के बीच अंतर यानी राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5.1 प्रतिशत पर सीमित रखने का लक्ष्य रखा हुआ है।

### आरबीआई ने सीआरबी को बढ़ाने का किया फैसला

आरबीआई ने कहा-वित्त वर्ष 2022-23 में आर्थिक वृद्धि में पुनरुद्धार होने पर सीआरबी को बढ़ाकर 6.00 प्रतिशत किया गया था। अर्थव्यवस्था में मजबूती और जुझारूपन बने रहने से निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सीआरबी को बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत करने का फैसला किया है। आरबीआई ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए देय लाभांश राशि के बारे में निर्णय अगस्त, 2019 में अपनाए गए आर्थिक पूंजी ढांचे (ईसीएफ) के आधार पर लिया गया है। बिमल जालान की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति ने ईसीएफ की अनुशंसा की थी। समिति ने कहा था कि सीआरबी के तहत जोखिम प्रावधान को आरबीआई के बही-खाते के 6.5 से 5.5 प्रतिशत के दायरे में रखा जाना चाहिए।

## पेटीएम का चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर 550 करोड़ रुपये हुआ

**नई दिल्ली।** फिनटेक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर 550 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल इसी अवधि में घाटा 167.5 करोड़ रुपये था। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व है। समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का घाटा कम होकर 1,422.4 करोड़ रुपये रह गया।पेटीएम ने एक बयान में कहा-हमारे वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के परिणाम यूपीआई लेनदेन पर अस्थायी व्यवधान और पीपीबीएल प्रतिबंध के कारण स्थायी व्यवधान से प्रभावित हुए। पेटीएम ने 2,267 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया, जो वार्षिक आधार पर तीन प्रतिशत की मामूली गिरावट है। हमारा योगदान मुनाफा यूपीआई प्रोत्साहनों सहित 57 प्रतिशत और यूपीआई प्रोत्साहनों को छोड़कर 51 प्रतिशत रहा है।

## लिंक्डइन इंडिया, नडेला और आठ अन्य लोगों पर जुर्माना

- कंपनी अधिनियम के उल्लंघन को लेकर हुई कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने कंपनी अधिनियम के तहत महत्वपूर्ण लाभकारी स्वामित्व नियमों के उल्लंघन को लेकर माइक्रोसॉफ्ट की लिंक्डइन इंडिया, सत्य नडेला और अन्य लोगों पर 27,10,800 रुपये का जुर्माना लगाया। नडेला माइक्रोसॉफ्ट के प्रमुख हैं। उन्होंने दिसंबर, 2016 में पेशेवर नेटवर्किंग मंच लिंक्डइन का अधिग्रहण किया था।

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले कंपनी पंजीयक (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और हरियाणा) ने 63 पृष्ठ के आदेश में कहा कि लिंक्डइन इंडिया और व्यक्तियों ने कंपनी कानून, 2013 के तहत महत्वपूर्ण लाभकारी स्वामित्व (एसबीओ) नियमों का उल्लंघन किया है। कंपनी पंजीयक ने अपने आदेश में कहा-सत्य नडेला और रेयान रोसलांस्की कंपनी के संबंध में एसबीओ हैं। वे धारा 90 (1) के के तहत रिपोर्ट करने में उनकी विफलता के कारण अधिनियम की धारा 90(10) के तहत जुर्माने के लिए जिम्मेदार हैं। रोसलांस्की को एक जून, 2020 को लिंक्डइन कॉरपोरेशन के वैश्विक सीईओ के रूप में नियुक्त किया गया था। वह सत्य नडेला को रिपोर्ट करते हैं।'' अधिनियम की धारा 90 एसबीओ से संबंधित है। इसके लिए कंपनियों को एसबीओ विवरण का खुलासा करने की जरूरत होती है। आदेश के अनुसार, कंपनी के संबंध में महत्वपूर्ण स्वामित्व की पहचान करने के लिए आवश्यक कदम उठाने में विफलता पर कंपनी और अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई बनती है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 95,350 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 76,100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56,700-56,900 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 74,350 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 74,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 73,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 72,900 |
| चांदी पक्की | 894 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 74,150 |
| चांदी आभूषण | 90,200। |

## भारत कई देशों से सीमा शुल्क संबंधी समझौते पर कर रहा बातचीत

**नई दिल्ली।** भारत सात देशों के सीमा शुल्क विभागों के साथ पारस्परिक मान्यता समझौतों (एमआरए) पर हस्ताक्षर कर चुका है और कई अन्य देशों के साथ ऐसे समझौतों के लिए सक्रियता से बातचीत कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) और रूस की संघीय सीमा शुल्क सेवा ने इस महीने अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर (एईओ) एमआरए पर हस्ताक्षर किए। इससे सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा माल की निकासी में लाभ देने का रास्ता साफ होगा।

# हर साल होने वाली किल्लत दूर करेगा बरसाती प्याज

- उद्यान विभाग खरीफ में 10 हजार हेक्टेयर में कराएगा प्याज की खेती
- अगस्त-सितंबर में तैयार होगी फसल, कम होगी निर्भरता

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** प्रदेश में हर साल सर्दियों में होने वाली प्याज की किल्लत दूर करने के लिए इस बार उद्यान विभाग एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत खरीफ में 10 हजार हेक्टेयर में प्याज की खेती कराएगा। प्रक्रिया जून से शुरू होगी और अगस्त व सितंबर में प्याज तैयार होगा।


अब तक के वर्षों में विभाग प्याज की खेती रबी में कराता है। इसकी पौध नवंबर व दिसंबर के बीच तैयार कर रोपाई होती है और फरवरी व मार्च में प्याज तैयार होता है। इस बीच काफी अंतर होने के कारण प्याज की उपलब्धता नहीं रहती है। इसकी पूर्ति महाराष्ट्र व राजस्थान से प्याज मंगाकर की जाती है। किसान व व्यापारी भी मौके का फायदा उठाकर प्याज डंप करते हैं। इन्हीं कारणों से दाम बढ़ते हैं।

**बारिश में जोखिम अधिक, मिलेगा 12 हजार रुपये अनुदान:** खरीफ में प्याज की खेती जोखिम भरी होती है। इसमें लागत तो अधिक आती है बल्कि बारिश व ओलावृष्टि में पौध व फसल खराब हो जाती है। इस कारण न के बराबर किसान इसकी खेती करते हैं। लागत कम करने के लिए बीजों की खरीद पर 12 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदान मिलेगा और नुकसान से बचाने के लिए विज्ञानी प्रशिक्षित कर विधियां बताएंगे।

**शेड में नर्सरी, मेड़ बनाकर करें रोपाई:** कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ विज्ञानी डॉ. अखिलेश कुमार दुबे ने बताया बरसाती प्याज में फायदा अधिक है। किसान इसकी पौध यानी नर्सरी किसी शेड के अंदर तैयार करें। क्योंकि बारिश और ओलावृष्टि से पौध जल्द खराब होती है। 40 से 45 दिन में पौध तैयार होने के बाद खेतों में मेड़ बनाकर रोपाई करें। ऊंचाई के कारण जलभराव का असर नहीं पड़ेगा। वहीं डॉ. विजय बहादुर द्विवेदी, निदेशक (उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग) ने बताया कि खरीफ में खेती का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था। इसकी वीडियो कांफ्रेसिंग में स्वीकृति मिली है। इसके उत्पादन से सर्दियों में किल्लत नहीं होगी। इसी तरह हर वर्ष रकबा और पैदावार बढ़ाकर पूर्ति करेंगे।

### एक हेक्टेयर की स्थिति

- लागत - 40-45 हजार रुपये
- उत्पाद - सामान्य तौर पर 200 क्विंटल तक
- कमाई - एक से डेढ़ लाख रुपये।



### प्रदेश में क्षेत्रफल व उत्पादन की स्थिति

| वर्ष | हेक्टेयर हजार में | उत्पादन एमटी |
|---|---|---|
| 2019-20 | 27.15 | 444.55 |
| 2020-21 | 28.55 | 470.83 |
| 2021-22 | 29.94 | 494.10 |
| 2022-23 | 30.05 | 510.88 |
| 2023-24 | 34.10 | 576.66 |




# राहुल बाबा और ममता जल्द ही शीतनिद्रा में चली जाएंगी

## बंगाल की चुनावी सभा में गृह मंत्री अमित शाह ने किया दावा, घुसपैठिए तृणमूल कांग्रेस का वोट बैंक है

**कांथी/घाटल/पुरुलिया, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर वोट बैंक की राजनीति के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने और घुसपैठियों को राज्य की जनसांख्यिकी बदलने की अनुमति देकर पाप करने का आरोप लगाया। एक के बाद एक कांथी, घटाल और पुरुलिया लोकसभा क्षेत्र में चुनाव सभाओं को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी कहा कि राज्य में भाजपा के 30 लोकसभा सीट पर जीत हासिल करने के बाद तृणमूल कांग्रेस बिखर जाएगी और ममता बनर्जी सरकार की विदाई हो जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अंतिम सातवें चरण में जल्द ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी (राहुल बाबा) और तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी (ममता दीदी) शीतनिद्रा में चली जाएंगीं।



गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम मेदिनीपुर से भाजपा उम्मीदवार हिरणमय चटर्जी के समर्थन में जनसभा के दौरान समर्थकों का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

उन्होंने कहा-बंगाल घुसपैठियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन गया है। घुसपैठ के कारण राज्य की जनसांख्यिकी बदल रही है जिसका असर न केवल बंगाल बल्कि पूरे देश पर पड़ रहा है। गृह मंत्री ने आरोप लगाया-ममता बनर्जी बंगाल की जनसांख्यिकी बदलने की अनुमति देकर पाप कर रही हैं और वह राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता कर रही हैं। शाह ने आरोप लगाया कि घुसपैठिए टीएमसी का वोट बैंक है।

### जब 'इंडिया' की सरकार बनेगी तो हम अग्निवीर योजना को कूड़ेदान में फेंक देंगे



**महेंद्रगढ़ (हरियाणा)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो अग्निवीर योजना को खत्म कर इसे कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने हिन्दुस्तान के जवानों को मजदूर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की। लोकसभा चुनाव के लिए हरियाणा में अपनी पहली जनसभा में पूर्व अध्यक्ष ने किसानों के मुद्दे पर भी प्रधानमंत्री मोदी को घेरा। उन्होंने दावा किया मोदी सरकार ने 22 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया, लेकिन कहा है कि वह किसानों का कर्ज माफ नहीं करेगी क्योंकि इससे सरकार पर आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा। कहा-हम किसानों की सुरक्षा और उन्हें उचित मुआवजा देने के लिए भूमि अधिग्रहण विधेयक लाए थे, लेकिन मोदी सरकार ने इसे रद्द कर दिया।

## कुपवाड़ा में हथियार और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के सामान्य क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने बुधवार को एक संयुक्त तलाशी अभियान में हथियार, गोला-बारूद और युद्ध जैसे भंडार बरामद किए। सेना ने कहा कि सैन्य खुफिया जानकारी से विशिष्ट इनपुट पर, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आज दर्दनार जंगल के सामान्य क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान शुरू किया। सेना ने एक ट्वीट में कहा, "तलाशी अभियान के दौरान रॉकेट प्रोजेक्टाइल गन (आरपीजी) राउंड, हैंड ग्रेनेड, पिस्तौल के साथ गोला-बारूद और युद्ध जैसे सामान बरामद किए गए हैं। सेना ने एक्स पर ट्वीट किया, सैन्य खुफिया से विशिष्ट इनपुट पर, आज कुपवाड़ा के सामान्य क्षेत्र दर्दनार वन में भारतीय सेना और जम्मू कश्मीर द्वारा एक संयुक्त खोज अभियान शुरू किया गया।

## दिल्ली पुलिस आज मेरे बूढ़े माता पिता से पूछताछ करने आएगी

- अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच पर किया दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को दावा किया कि पुलिस बृहस्पतिवार को उनके बूढ़े माता-पिता से पूछताछ करने आएगी। उन्होंने पूछताछ का कारण नहीं बताया लेकिन आशंका जताई जा रही है कि दिल्ली पुलिस उनके आवास पर आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ हुई कथित मारपीट के सिलसिले में आएगी। आप नेताओं ने इस मुद्दे पर भाजपा पर हमला करते हुए सवाल किया है कि क्या उन्हें लगता है कि केजरीवाल के माता-पिता कथित मारपीट में शामिल थे।

मालीवाल ने आरोप लगाया है कि जब वह 13 मई को मुख्यमंत्री से मिलने उनके आवास पर गईं तो



केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार ने उनके साथ 'मारपीट' की। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कुमार को गिरफ्तार कर चुकी है। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर बताया, कल दिल्ली पुलिस मेरे बूढ़े और बीमार माता पिता से पूछताछ करने आएगी। वहीं आप मंत्री आतिशी ने दावा किया कि भाजपा द्वारा उनके खिलाफ नई साजिशें रची जा रही हैं।

## एक नजर

### महाराष्ट्र में आवारा कुत्ते के हमले में तीन साल के बच्चे की मौत

**नागपुर।** नागपुर जिले के मौदा कस्बे में एक आवारा कुत्ते के हमले में तीन वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि वंश अंकुश शहाणे मंगलवार अपराह्न अपने घर के बाहर खेल रहा था कि तभी एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। उसके परिवार के सदस्य उसे सरकारी अस्पताल ले गए लेकिन बच्चे ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मौदा पुलिस ने दुर्घटनावश मौत का मुकदमा दर्ज किया।

### मीरवाइज समेत सात के खिलाफ मामला दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने 'खाली भूमि' पर अतिक्रमण के आरोप में हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक समेत सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हालांकि, अलगाववादी नेता ने इन आरोपों का खंडन किया है। अधिकारियों ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की है और मामले की जांच पुलिस उपाधीक्षक स्तर के एक अधिकारी को सौंप दी है।

## भाजपा को हराने के लिए कम सीट पर लड़ने का फैसला लिया गया

- कांग्रेस अध्यक्ष खरगे बोले-विपक्ष की जीत सुनिश्चित करने के लिए किया गया समझौता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पार्टी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को एकजुट रखने और भाजपा को हराने की रणनीति के तहत इस लोकसभा चुनाव में कम सीट पर चुनाव लड़ने का फैसला सोच-समझकर लिया है। खरगे ने साक्षात्कार में कहा कि यह पार्टी की ओर से कम विश्वास को नहीं दिखाता बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों में प्रभाव रखने वाले अन्य दलों को पर्याप्त मौका देते हुए संयुक्त विपक्ष की जीत सुनिश्चित करने के लिए यह समझौता किया गया।

खरगे ने प्रियंका गांधी वाद्रा को पार्टी की पूंजी और स्टार प्रचारक बताते हुए उनके चुनाव न लड़ने के फैसले को सही ठहराया। यह पूछे जाने पर कि वायनाड और रायबरेली दोनों सीटों से चुनाव जीतने पर राहुल गांधी कौन सी सीट छोड़ेंगे, इस पर खरगे ने कहा कि यह उनका व्यक्तिगत निर्णय होगा। उन्होंने कहा-हमने कम सीट पर चुनाव लड़ने का फैसला सोच-समझकर लिया है। यह गठबंधन के साझेदारों को एकजुट रखने के लिए है। खरगे ने कहा कि कांग्रेस ने अपने जैसी विचारधारा वाली अन्य पार्टियों से विचार-विमर्श करने के बाद प्रत्येक



राज्य में गठबंधन करने के लिए एक समिति गठित की थी। उन्होंने कहा-पार्टी आलाकमान ने इस रणनीति को मंजूरी दी। हमने प्रत्येक राज्य में चर्चा की है।'' कांग्रेस अब के इतिहास में देश में सबसे कम 328 सीट पर चुनाव लड़ रही है जबकि बाकी की 200 से अधिक सीट उसने 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) गठबंधन के अन्य साझेदारों के लिए छोड़ दी है। केरल, पश्चिम बंगाल और पंजाब जैसे राज्यों में 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ने पर उन्होंने कहा-केंद्र सरकार के खिलाफ लड़ने में कोई मतभेद नहीं है। राज्यों में हम लड़ रहे हैं क्योंकि कुछ राज्यों में गठबंधन की दो पार्टियां प्रमुख हैं। अगर एक-दूसरे के खिलाफ नहीं लड़ते हैं तो इससे भाजपा को फायदा होगा।

## पड़ोसी की हत्या के लिए मां, बेटे सहित तीन को मृत्युदंड

- केरल की एक अदालत ने सुनाई सजा

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

केरल की एक अदालत ने तिरुवनंतपुरम के विझिंजम में वर्ष 2022 में 71 वर्षीय पड़ोसी की हत्या करने के लिए मां और बेटे सहित तीन लोगों को बुधवार को मृत्युदंड की सजा सुनाई। ये तीनों व्यक्ति कथित तौर पर आदतन अपराधी हैं और इनके खिलाफ पहले भी एक नाबालिग की हत्या का मुकदमा लंबित है।

नेय्यात्तिनकारा के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रफीका बीवी (52), उसके मित्र अल अमीन (28) और उसके बेटे शफीक (25) को पड़ोसी शांताकुमारी की हत्या के लिए यह सजा सुनाई। उन्होंने सोने के आभूषण चुराने के मकसद के लिये इस हत्या को अंजाम दिया था । तीनों आरोपी कोवलम के रहने वाले हैं। अदालत ने पिछले सप्ताह तीनों पर लगे आरोपों के लिए उन्हें दोषी पाया था। घटना 14 जनवरी 2022 को उस समय सामने आई, जब रफीका बीवी के मकानमालिक के बेटे और उसके दोस्तों ने एक खुले दरवाजे से फर्श पर खून की बूंदे गिरती हुईं देखीं और अधिकारियों को इसकी सूचना दी। मकान मालिक के बेटे और दोस्त घर की छत पर अक्सर पढ़ाई किया करते थे। पुलिस ने बताया कि घर में टांड (सामान रखने की जगह) पर एक शव को छिपा कर रखा गया था।

## भाजपा ने भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह को निर्दलीय चुनाव लड़ने पर निलंबित किया

**पटना।** भाजपा की बिहार इकाई ने राज्य की काराकाट लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने पर भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह को पार्टी से निलंबित कर दिया है। पार्टी ने एक बयान में कहा कि पवन सिंह को पार्टी के फैसले के खिलाफ काराकाट लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने पर तत्काल प्रभाव से भाजपा से निलंबित कर दिया गया है। बिहार भाजपा के प्रदेश मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा द्वारा जारी और पवन सिंह को संबोधित एक पत्र में कहा गया है, लोकसभा चुनाव में आप राजग के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे हैं। आपका यह कार्य दल विरोधी है, जिससे पार्टी की छवि धूमिल हुई है तथा पार्टी अनुशासन के विरुद्ध आपने यह कार्य किया है।

## टिप्पणी को लेकर गिरफ्तार सोशल मीडिया के भीकू म्हात्रे को मिली जमानत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बेंगलुरु की एक स्थानीय अदालत ने कांग्रेस के घोषणापत्र के संबंध में कथित टिप्पणियों को लेकर गोवा से गिरफ्तार किये गये विनीत नाइक उर्फ भीकू म्हात्रे को बुधवार को अंतरिम जमानत दी गई।

बेंगलुरु शहर के 45वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) की अदालत ने सोशल मीडिया पर भीकू म्हात्रे के नाम से मशहूर नाइक को अंतरिम जमानत दी। उन्हें कर्नाटक पुलिस ने गोवा से गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ 21 मई को साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज किया गया था।

## नकदी बरामद न होना इस बात का सबूत नहीं हो सकता कि भ्रष्टाचार नहीं हुआ: न्यायालय

- दिल्ली हाईकोर्ट ने मनीष सिसोदिया को जमानत देने से इनकार करते हुए की टिप्पणी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा है कि नकदी बरामद न होना प्रथम दृष्टया इस बात का सबूत नहीं हो सकता कि कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है क्योंकि अपराधी अपराध के लिए नयी तकनीकों का इस्तेमाल कर सकता है ताकि कोई सुराग बाकी न रहे।

उच्च न्यायालय ने कहा कि वह जांच के दौरान दर्ज किए गए कुछ हवाला डीलरों और अन्य गवाहों के




बयानों के मद्देनजर सिसोदिया की इस दलील को स्वीकार नहीं कर सकता कि उनके पास से नकदी बरामद नहीं हुई। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कथित आबकारी घोटाले के संबंध में क्रमशः सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार व धन शोधन मामलों में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी। दोनों याचिकाएं मंगलवार को खारिज कर दी गई थीं, लेकिन विस्तृत आदेश बुधवार को उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर डाला गया। उच्च न्यायालय ने कहा-इस अदालत का मानना है कि अभियोजन पक्ष ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ पीएमएलए की धारा 3 के तहत धनशोधन का मामला बनाया है। ध्यान दिया जाना चाहिए कि कई आरोपियों की मिलीभगत वाली साजिश का हिस्सा होने के आरोपी व्यक्ति के पास से नकदी बरामद होना धनशोधन मामले में अनिवार्य आवश्यकता नहीं है।

## रांची के पोल्ट्री फॉर्म में बर्ड फ्लू का प्रकोप, 920 पक्षियों को मारा गया

**रांची।** झारखंड सरकार ने राजधानी रांची के एक पोल्ट्री फॉर्म में बर्ड फ्लू के मामले सामने आने के बाद बुधवार को एक अलर्ट जारी किया। एक अधिकारी ने बताया कि मोराबादी में राम कृष्ण आश्रम द्वारा संचालित पोल्ट्री फॉर्म 'दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र' में 770 बत्तखों समेत 920 पक्षियों को मार दिया गया। उन्होंने बताया कि कुल 4,300 अंडों को भी नष्ट कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि भोपाल में आईसीएआर-राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान को भेजे गए नमूनों में एविएन इन्फ्लूएंजा ए वायरस के एक प्रकार एच5एन1 की पुष्टि हुई है।

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण (कोलकाता) | 14 | 20 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 741 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 12 | 533 |

## ब्राजील के न्यूस से भिड़ेंगे नीरज गोयत



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज नीरज गोयत महान मुक्केबाज माइक टाइसन और जैक पॉल के बीच टेक्सास के एर्लिंगटन में 20 जुलाई को होने वाले मुकाबले के दौरान ब्राजील के विंडरसन न्यून्स से भिड़ेंगे।

गोयत और न्यून्स में छह दौर का सुपर मिडिलवेट अंडरकार्ड (जो उस दिन का मुख्य मुकाबला नहीं हो) मुकाबला होगा। मुख्य मुकाबला टाइसन और पॉल के बीच आठ दौर का हैवीवेट होगा। इसी दिन केटी टेलर और अमांडा सेरानो के बीच 10 दौर का निर्विरोध सुपर लाइटवेट विश्व खिताब महिला मुक्केबाजी मुकाबला होगा।

# खिताब का इंतजार कर रही बेंगलुरु बाहर

## राजस्थान ने एलिमिनेटर मैच 4 विकेट से जीता, 24 को हैदराबाद से मुकाबला, यशस्वी-पराग की अहम पारियां

**अहमदाबाद, एजेंसी**

राजस्थान ने बुधवार को एलिमिनेटर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को चार विकेट से हराकर 24 मई को होने वाले दूसरे क्वालीफायर में जगह बनाई, जिसमें उसकी भिड़ंत चेन्नई में हैदराबाद से होगी।

टॉस जीतकर राजस्थान ने गेंदबाजों के शानदार प्रयास से बेंगलुरु को आठ विकेट पर 172 रन ही बनाने दिए। फिर सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (45) और रियान पराग (36) की पारियों के बाद शिमरोन हेटमायर (26) और रोवमैन पावेल (नाबाद 16) के योगदान से टीम ने 19 ओवर में छह विकेट पर 174 रन बनाकर दूसरे क्वालीफायर में जगह बनाई। यशस्वी और टॉम कोहलर कैडमोर ने पहले विकेट के लिए 46 रन बनाये। लॉकी फर्ग्यूसन ने कैडमोर को बोल्ड कर यह साझेदारी तोड़ी। जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन अच्छी लय में दिख रहे थे। कैमरन ने 10वें ओवर में जायसवाल की पारी खत्म की। अगले ही ओवर में सैमसन भी कर्ण शर्मा का शिकार हुए। ध्रुव जुरेल 8 रन पर रन आउट हुए।

हेटमायर और पराग ने 16वें ओवर में एक एक छक्का लगाया, जिससे इस ओवर में 17 रन बने। हेटमायर ने अपनी पारी में 14 गेंद में तीन चौके और एक छक्के लगाया। अंतिम दो ओवर में जीत क लिए 13 रन चाहिए थे। पावेल ने फर्ग्यूसन पर दो चौके जड़कर अपनी टीम की जीत पक्की की। पावेल ने आठ गेंद की नाबाद पारी में दो चौके और एक छक्का जड़ा। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजों ने ट्रेंट बोल्ट की अगुआई में नियमित अंतराल पर विकेट झटककर आरसीबी बल्लेबाजों को बड़ी साझेदारी नहीं बनाने दी। बोल्ट ने तीन ओवर में छह रन देकर एक विकेट झटक लिये थे। पिछले मैचों में काफी समय से विकट नहीं लेने वाले अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने 19 रन देकर दो विकेट प्राप्त किये। उन्होंने लगातार गेंदों पर कैमरून ग्रीन और ग्लेन मैक्सवेल के विकेट लेकर अच्छी गेंदबाजी की जिसके बाद आवेश खान ने 44 रन देकर तीन विकेट झटके। राजस्थान के लिए गेंदबाजी के अलावा क्षेत्ररक्षकों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया जिसमें विशेष रूप से रोवमैन पावेल शामिल थे। पावेल ने दो शानदार कैच लपके जिससे आरसीबी की रन गति पर लगाम कसी। पावेल ने पावरप्ले में बोल्ट की गेंदबाजी पर फाफ डुप्लेसी के रूप में शानदार कैच लपका। पावेल डीप मिडविकेट से दौड़कर आये और डाइव करते हुए कैच लपका। बोल्ट ने अपनी स्विंग और लाइन से बल्लेबाजों की रन गति पर लगाम कसे रखी जिससे बल्लेबाजों को रन जुटाने में परेशानी हुई। बोल्ट जहां दबदबा बना रहे थे, वहीं अन्य गेंदबाज उनकी तरह गेंदबाजी नहीं कर सके।। संदीप शर्मा ने अपने दो ओवरों में 25 रन दिये जबकि अवेश ने एक ओवर में 17 रन दिए जिससे आरसीबी ने पावरप्ले में एक विकेट पर 50 रन का स्कोर बना लिया। विराट कोहली लंबी पारी खेलने के लिए बेताब दिख रहे थे, लेकिन युजवेंद्र चहल ने आठवें ओवर में उन्हें स्लॉग स्वीप के ललचाया और उनका विकेट झटक लिया। डीप मिडविकेट पर स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक डोनोवन फरेरा ने अपने सिर के ऊपर से कैच लपका। ग्रीन ने अश्विन पर एक छक्का और एक चौका लगाया। लेकिन 13वें ओवर में गलत टाइमिंग के कारण इस गेंदबाज की गेंद पर पावेल के हाथों कैच आउट हो गये।





अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जा रहे मैच के दौरान शॉट लगाते राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जयसवाल (बाएं)। वहीं, बेंगलुरु के खिलाड़ी कैमरन ग्रीन ने राजस्थान के ध्रुव जुरेल को रन आउट किया (ऊपर)।

### बेंगलुरु 172/8 (20 ओवर, अतिरिक्त : 4)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रैविराट कोहली का सब बो चहल | 33 | 24 | 3/1 |
| फाफ डुप्लेसी का पावेल बो बोल्ट | 17 | 14 | 2/1 |
| कैमरन ग्रीन का पावेल बो अश्विन | 27 | 21 | 2/1 |
| रजत पाटीदार का पराग बो आवेश खान | 34 | 22 | 2/2 |
| ग्लेन मैक्सवेल का जुरेल बो अश्विन | 00 | 01 | 0/0 |
| महिपाल लोमरोर का पावेल बो आवेश खान | 32 | 17 | 2/2 |
| दिनेश कार्तिक का जायसवाल बो आवेश खान | 11 | 13 | 1/0 |
| स्वप्निल सिंह नाबाद | 09 | 4 | 0/1 |
| कर्ण शर्मा का पावेल बो संदीप शर्मा | 05 | 4 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 4-0-16-1, संदीप शर्मा 4-0-48-1, आवेश खान 4-0-44-3, रविचंद्रन अश्विन 4-0-19-2, युजवेंद्र चहल 4-0-43-1

### राजस्थान 174/6 (19 ओवर, अतिरिक्त : 6)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी कैच कार्तिक बो कैमरन ग्रीन | 45 | 30 | 8/0 |
| टॉम कोहलर कैडमोर बो फ़र्ग्युसन | 20 | 15 | 4/0 |
| संजू सैमसन स्टंपिंग कार्तिक बो कर्ण | 17 | 13 | 0/1 |
| रियान पराग बो सिराज | 36 | 26 | 2/2 |
| ध्रुव जुरेल रन आउट (कोहली/कैमरन ग्रीन) | 08 | 08 | 1/0 |
| शिमरॉन हेटमायर कैच डुप्लेसी बो सिराज | 26 | 14 | 3/1 |
| रोवमन पॉवेल नाबाद | 16 | 08 | 2/1 |
| रवि अश्विन नाबाद | 00 | 00 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्वप्निल सिंह2-0-19-0, मोहम्मद सिराज 4-0-33-2, यश दयाल 3-0-37-0, लॉकी फर्ग्यूसन 4-0-37-1, कर्ण शर्मा 2-0-19-1

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 14 | 9 | 3 | 20 | 2 | +1.428 |
| हैदराबाद (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.414 |
| राजस्थान (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.273 |
| बेंगलुरु (क्वा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.459 |
| चेन्नई (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.392 |
| दिल्ली (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| लखनऊ (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.667 |
| गुजरात (बा) | 14 | 5 | 7 | 12 | 2 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 13 | 5 | 8 | 10 | 0 | -0.347 |
| मुंबई (बा) | 14 | 4 | 10 | 8 | 0 | -0.318 |

# सिंधू मलेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में

**कुआलालंपुर, एजेंसी**



ब्रेक से वापसी करने वाली दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर को सीधे गेम में हराकर मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गई।

दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने उबेर कप और थाईलैंड ओपन में भाग नहीं लिया था। उन्होंने गिलमोर को 21-17, 21-16 से हराया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू पिछले साल घुटने की चोट के बाद वापसी के साथ कई करीबी मुकाबले हार गई हैं। अब उनका इरादा यहां अच्छा प्रदर्शन करके पेरिस ओलंपिक की तैयारी पुख्ता करने का होगा। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने आखिरी बार खिताब 2022 सिंगापुर ओपन में जीता था। अब उनका सामना कोरिया की सिम यू जिन से होगा। मिश्रित युगल में विश्व रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी ने हांगकांग के क्वालीफायर लुइ चुन वाइ और फु चि यान को 21-15, 12-21, 21-17 से हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त मलेशिया के चेन तांग जि और तोह ई वेइ से होगा।

# सचिन ने अपना स्वर्ण पदक रखा बरकरार

**कोबे (जापान), एजेंसी**

**विश्व पैरा एथलेटिक्स**



- **टूर्नामेंट में भारत ने अब तक पांच स्वर्ण समेत कुल 11 पदक जीते**

भारत के सचिन सर्जेराव ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों के शॉटपुट एफ46 वर्ग में एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता और टूर्नामेंट में भारत के अब पांच स्वर्ण समेत 11 पदक है। इससे पहले भारत ने 2023 में पेरिस में तीन स्वर्ण समेत दस पदक जीते थे।

सचिन ने 10.30 मीटर का थ्रो फेंककर 16.21 मीटर का अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया जो उन्होंने पिछले साल पेरिस में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था। पैरा एथलेटिक्स स्पर्धाओं में एफ46 श्रेणी उन लोगों के लिए है, जिनकी एक या दोनों भुजाओं की गतिविधि मामूली रूप से प्रभावित है या जिनके हाथ-पैर नहीं हैं। इन एथलीटों को कूल्हों और पैरों की ताकत से थ्रो करना होता है।

महाराष्ट्र के सांगली जिले के सचिन स्कूली दिनों में दुर्घटना का शिकार हो गए थे, जिससे उन्होंने कोहनी की मांसपेशियां गंवा दी। कई सर्जरी के बावजूद वह ठीक नहीं हो सके। सचिन ने स्वर्ण जीतने के बाद कहा कि मैं इसकी ही उम्मीद कर रहा था और मैं बहुत खुश हूं। मैं पेरिस पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुका हूं और वहां भी स्वर्ण जीतने की कोशिश करूंगा। अभी टूर्नामेंट के तीन दिन बाकी है और कोच सत्यनारायण को पदक संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हमें दो और स्वर्ण की उम्मीद है। पदकों की संख्या 17 तक जानी चाहिए। इससे पहले कल पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने एफ64 भाला फेंक में स्वर्ण पदक बरकरार रखा था। थंगावेलु मरियप्पन और एकता भयान ने भी स्वर्ण जीते थे।

## खेल डायरी

### पाकिस्तानी तेज गेंदबाज हसन टीम से रिलीज

**कराची।** पाकिस्तान ने बुधवार को तेज गेंदबाज हसन अली को इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में पहले टी-20 मैच से पूर्व टीम से रिलीज कर दिया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि सीनियर तेज गेंदबाज हारिस रऊफ फिट हो चुके हैं लिहाजा हसन को इंग्लिश काउंटी क्रिकेट खेलने के लिये फारिग कर दिया गया है। हसन को हारिस के कवर के तौर पर 18 सदस्यीय टीम में चुना गया था। हारिस फरवरी से ग्रोइन की चोट से जूझ रहे हैं। हसन ने आयरलैंड के खिलाफ एक टी-20 मैच खेला, लेकिन काफी महंगे साबित हुए थे। पाकिस्तान ने अभी तक अगले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिये 15 सदस्यीय टीम नहीं चुनी है।

### महिला जू. टीम ने डच हॉकी क्लब को हराया

**ब्रेडा (नीदरलैंड)।** हिना बानो और कनिका सिवाच के गोलों की मदद से भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने यूरोप दौरे की शुरुआत नीदरलैंड के क्लब ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश को 2-0 से हराकर की। पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद दोनों टीमों ने एक दूसरे को आजमाया। भारत के लिए हिना ने पेनल्टी कॉर्नर पर पहला गोल किया। इससे पहले तीन पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए थे। मेजबान टीम को तीसरे क्वार्टर में मिले तीनों पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए। भारत के लिए दूसरा गोल कनिका ने चौथे क्वार्टर में दागा। भारतीय जूनियर टीम अब बुधवार शाम को यहां बेल्जियम के खिलाफ अगला मैच खेलेगी।

### नोएडा एफसी ने गढ़वाल यूनाइटेड को हराया

**नई दिल्ली।** नेहरू स्टेडियम पर खेले जा रहे ए डिवीजन मुकाबलों में नोएडा एफसी ने गढ़वाल यूनाइटेड को प्लेयर ऑफ द मैच मनीष सुयाल के गोल से पराजित किया। वहीं दूसरे मुकाबले में वारियर को यंग ब्वायज ने 2-2 पर रोक कर अंक बांट लिए। वारियर के लिए लालजामराविया और मोहन ने गोल किए तो यंग ब्वायज के दोनों गोल मोइरांगदम ने जमाए। विनोद नगर मैदान पर खेले गए सीनियर डिवीजन रेलिगेशन राउंड मैचों में जगुआर एफसी ने गढ़वाल डायमंड को गोल शून्य बराबरी पर रोक अंक बांटे। दोनों टीमों ने कमजोर निशाने लगा कर गोल जमाने के मौके बेकार किए और अंक बांट लिए।

### थिएम क्वालीफायर के दूसरे दौर में बाहर

**पेरिस।** दो बार के फ्रेंच ओपन उप विजेता डोमिनिक थिएम बुधवार को रोलां गैरां टेनिस क्वालीफायर के दूसरे दौर के मैच में हार गए। यह फ्रेंच ओपन का उनका अंतिम मैच भी रहा। वह 11वीं और अंतिम बार क्ले कोर्ट ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रा में जगह नहीं बना सके। 17 खिताब जीतने वाले थिएम को क्वालीफायर के दूसरे दौर में ओटो विरटानेन से 2-6, 5-7 से हार मिली। आस्ट्रिया के थिएम 2018 और 2019 रोलां गैरां फाइनल में पहंचे थे। कलाई की चोट से वह वापसी करने में जूझते रहे जिससे इस महीने के अंत में उन्होंने साल के अंत में संन्यास लेने की घोषणा कर दी थी। हार के बावजूद उन्हें दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाकर विदाई दी।

# महिला टीम फाइनल में, कांस्य से चूके पुरुष

**येचियोन (दक्षिण कोरिया), एजेंसी**

**तीरंदाजी विश्व कप**

- **विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान की टीम तुर्की से होगा मुकाबला**



दुनिया की नंबर एक भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम विश्व कप में लगातार दूसरे स्वर्ण पदक की ओर बढाते हुए फाइनल में पहुंच गई, लेकिन पुरुष कंपाउंड टीम दूसरे चरण में कांस्य पदक से चूकने के बाद खाली हाथ लौटेगी।

महिला टीम की तिकड़ी ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी ने शंघाई में पिछले महीने पहले चरण में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने दुनिया की चौथे नंबर की टीम अमेरिका को सेमीफाइनल में 233-229 से हराया। अब उनका सामना विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज तुर्की से होगा। तुर्की ने दक्षिण कोरिया को 234-233 से हराया। भारतीय महिला टीम को क्वार्टर फाइनल तक बाय मिला था। अंतिम आठ में उसने इटली को 236-234 से हराया।

भारतीय पुरुष तिकड़ी प्रियांश, प्रथमेश फुगे और अभिषेक वर्मा शूट आफ में आस्ट्रेलिया से 133-133 (10 -10 *) से हार गए। दोनों टीमों का स्कोर बराबर था, लेकिन आस्ट्रेलिया ने सेंटर के करीब दो तीर अधिक लगाकर बाजी मारी। तरुणदीप राय और दीपिका रिकर्व वर्ग में अपने अपने क्वालीफायर में क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर रहे। एशियाई खेल 2010 के रजत पदक विजेता राय ने 681 अंक लेकर छठा स्थान पाया जबकि धीरज बोम्मादेवरा 11वें स्थान पर रहे। भारतीय टीम दूसरे स्थान पर रही और अब विपरीत ड्रॉ में खेलेंगी। भारतीय पुरुष टीम ने शंघाई में पिछले महीने विश्व चैम्पियन दक्षिण कोरिया को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। महिला व्यक्तिगत वर्ग में दीपिका एक अंक से शीर्ष तीन में रहने से चूक गई। भजन कौर 34वें और अंकिता भकत 49वें स्थान पर रही। महिला टीम छठे स्थान पर रही। राय और दीपिका मिश्रित रिकर्व टीम वर्ग में दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

# भारत को अर्जेंटीना से मिली हार

**एंटवर्प (बेल्जियम), एजेंसी**

**एफआईएच महिला प्रो लीग**

- **0-5 से करना पड़ा भारतीय हॉकी महिला टीम को हार का सामना**

भारतीय महिला हॉकी टीम की एफआईएच महिला प्रो लीग अभियान के यूरोपीय चरण की शुरुआत निराशाजनक रही, उसे बुधवार को अर्जेंटीना से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

अर्जेंटीना के लिए जुलिएटा जानकुनास (53वें, 59वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि ऑगस्टिना गोर्जेलानी (13वें), वेलेंटीना रापोसो (24वें) और विक्टोरिया मिरांडा (41वें) ने 1-1 गोल किए। कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में पहला मैच खेल रही भारतीय पहले दो क्वार्टर में सर्कल में सेंध लगाने में असमर्थ दिखीं। भारतीय गोलकीपर सविता पूनिया को टीम में चुने जाने के बावजूद लाइनअप से बाहर रखा गया। बीचू देवी खारीबाम ने गोलकीपिंग की। अर्जेंटीना ने पहले दो क्वार्टर में 7 पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। गोर्जेलानी ने 13वें मिनट में भारतीय गोलकीपर को छकाकर गोल दागा। रापासो ने 24वें मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी। दीपिका ने उदिता के पास पर रिवर्स हिट किया लेकिन अर्जेंटीना की गोलकीपर क्रिस्टीना कोसेन्टिनो ने इस को विफल कर दिया। फिर जानकुनास ने छह मिनट के अंदर दो खूबसूरत मैदानी गोल दागकर स्कोर 5-0 कर दिया। भारतीय टीम अब गुरुवार को मेजबान बेल्जियम से भिड़ेगी।

## बॉलीवुड हलचल

### ऑनस्क्रीन क्रिकेटर बनने के लिए जाह्नवी ने की कड़ी मेहनत

**मुंबई।** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने ऑनस्क्रीन क्रिकेटर बनने के लिए कड़ी मेहनत की है। जाह्नवी इन दिनों फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही को लेकर चर्चा में हैं। जाह्नवी और राजकुमार राव अभिनीत इस स्पोर्ट्स ड्रामा का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। जाह्नवी ने बताया है कि इस फिल्म के लिए वह आईपीएल टीम के साथ घंटों प्रैक्टिस करती थीं। मेकर्स की तरफ से हाल ही में मेकिंग वीडियो रिलीज किया गया है, जिसमें जाह्नवी अपनी तैयारियों का ब्योरा देती नजर आ रही हैं। जाह्नवी ने बताया है कि क्रिकेटर की भूमिका निभाने के लिए मैंने घंटों नेट्स में पसीना बहाया है। मैंने चोटों का भी सामना किया है। कोलकाता नाइट राइडर्स के बैटिंग कोच अभिषेक नायर ने मेरी सहायता की और खेलने का सही तरीका बताया। मेरा डेली रुटीन 5-6 घंटे तक ट्रेनिंग सेशन में गुजरता था, जिसमें क्रिकेट, जिम वर्कआउट और अन्य वर्कशॉप थे। ये सिलसिला लंबे समय तक चला और तब जाकर मैंने फिल्म के लिए खुद को तैयार किया है। फिल्म राजेश शर्मा, कुमुद मिश्रा, अभिषेक बनर्जी, जरीना वहाब और अर्जित तनेजा जैसे कलाकार भी हैं। शरन शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 31 मई को रिलीज होगी।





### संजय दत्त ने नहीं छोड़ी वेलकम टू द जंगल

**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त ने अक्षय कुमार की फिल्म वेलकम टू द जंगल छोड़ दी है। बॉलीवुड में चर्चा है कि संजय दत्त ने 'वेलकम टू द जंगल' से किनारा कर लिया है। इसके पीछे वजह बताई गयी कि संजय दत्त ने अक्षय कुमार से अनबन के कारण यह फिल्म छोड़ दी है, लेकिन अक्षय कुमार के साथ उनकी अनबन की अफवाह बेबुनियाद है। वेलकम टू द जंगल से संजय दत्त महीनों पहले अलग हो चुके हैं। इसके पीछे कारण उनकी हेल्थ बनी है। कैंसर के इलाज के चलते संजय दत्त फिल्म के एक्शन सीक्वेंस नहीं कर सकते थे। इसलिए उन्होंने वेलकम टू द जंगल से खुद को बाहर कर लिया है। संजय दत्त फिल्म को लेकर एक्साइटेड थे और उन्होंने शूटिंग भी शुरू कर दी थी। दुर्भाग्य से, कुछ महीने पहले मड आइलैंड में सिर्फ एक दिन की शूटिंग पूरी करने के बाद, उन्होंने निर्देशक को बताया कि वो कैंसर से लड़ाई और उसके बाद के ट्रीटमेंट के बाद हेल्थ इशू की वजह से शूटिंग जारी नहीं रख सकते।



**विश्व चैंपियन को हरा चुके युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में चलेंगे अपनी चाल**

# कार्लसन से खेलना मेरे लिए चुनौती नहीं : प्रज्ञानानंदा

**स्टवांगर (नॉर्वे), एजेंसी**

कई बार मैग्नस कार्लसन को पराजित करने के बाद युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को लगता है कि जब वह 27 मई से यहां शुरू हो रहे नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में कई दफा के विश्व चैंपियन से उनके ही देश में भिड़ेंगे तो उन पर कोई दबाव नहीं होगा। प्रज्ञानानंदा ने अंतिम बार 33 साल के कार्लसन को इस महीने के शुरु में वारसॉ में ग्रैंड शतरंज टूर के सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में मात दी थी। प्रज्ञानानंदा के साथ उनकी बहन आर वैशाली भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। वैशाली पहली बार नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में खेलेंगी।

प्रज्ञानानंदा ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैग्नस से उनके देश में खेलना मेरे लिए कोई चुनौती है। वैसे यह देश में खेलने वाले खिलाड़ी के लिए मायने रखता है लेकिन मेरे लिए नहीं। इस 11 दिन तक चलने वाले टूर्नामेंट में घरेलू दावेदार कार्लसन के अलावा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। पिछले साल फिडे विश्व कप में कार्लसन से अपनी प्रतिद्वंद्विता के बारे में भारतीय ग्रैंडमास्टर ने कहा कि यहां का अनुभव उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं में मदद करेगा। प्रज्ञानांनदा ने कहा कि मुझे हमेशा अच्छी चुनौती में मजा आता है। पिछले साल विश्वकप के बाद यह मेरा उनके साथ पहला क्लासिकल मुकाबला होगा। मैं उनके साथ खेलने के लिए उत्साहित हूं और अन्य के खिलाफ खेलने के लिए भी बेताब हूं। इसमें कोई शक नहीं कि यहां का अनुभव मुझे भविष्य में मदद करेगा। 18 साल के इस खिलाड़ी ने कहा कि काफी मजबूत दावेदार टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। अभी तक मैं जितने भी टूर्नामेंट खेला हूं, उसमें मुझे यह शायद सबसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी लग रहे हैं। मेरे लिए यह अच्छा मौका है और मैं चुनौती देकर अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहूंगा। उन्होंने कहा कि इस साल का कार्यक्रम काफी व्यस्त है। नॉर्वे शतरंज के बाद मैं शतरंज ओलंपियाड के लिए बुडापेस्ट जाऊंगा। मैं इस साल के अंत में ग्लोबल शतरंज लीग में भी खेलूंगा। इस तरह की रोमांचक लीग होना वास्तव में अच्छा है, जिससे इस खेल को आगे बढ़ने में निश्चित रूप से मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अभी मेरा फोकस नॉर्वे शतरंज पर है और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार हूं।



### अपनी बहन वैशाली के प्रदर्शन पर रखेंगे नजर

प्रज्ञानानंदा ने कहा कि वह महिला वर्ग में अपनी बहन वैशाली की प्रगति पर भी नजर रखेंगे। नॉर्वे शतरंज में महिला टूर्नामेंट शुरू होना अच्छा है। यह अच्छी पहल है क्योंकि महिलाओं के लिए ज्यादा टूर्नामेंट नहीं है। इससे अन्य आयोजकों को भी महिलाओं के टूर्नामेंट आयोजित करने का प्रोत्साहन मिलेगा। मेरी बहन भी इसमें खेलेगी। मैं अपनी बहन के प्रदर्शन पर नजर रखूंगा।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

